* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 171

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

सरहुल पर प्रकृति के रंग में रंगा झारखंड

- लाल पाड़ की साड़ी में महिलाएं मांदर की थाप पर थिरकीं
- आस्था और विश्वास के साथ मना सरहुल पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरहुल पर्व पर प्रकृति के रंग में झारखंड गुरुवार को रंग गया। लाल पाड़ की साड़ी में महिलाएं मांदर की थाप पर नृत्य करती नजर आयीं। आस्था और विश्वास के साथ सरहुल पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में प्रकृति के स्वागत का पर्व सरहुल धूमधाम से मना। शोभायात्रा निकाली गयी। सखुआ के वृक्ष की पूजा की गयी। इस त्योहार में आदिवासियों का प्रकृति प्रेम देखते ही बन रहा था। धरती और सूरज के विवाह का उत्सव सरहुल पूरे झारखंड में उल्लास से मना। सरना धर्म के प्रतीक ध्वज और पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल-नगाड़े के साथ नाचते-गाते स्त्री-पुरुष और बच्चे सड़कों पर दिखे। शाम होते ही मेन रोड का नजारा देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी समुदाय के लोगों की सहभागिता रही। शोभायात्रा में शामिल लोग पारंपरिक वेशभूषा में मांदर, ढोल की थाप पर थिरकते रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम थे। पारंपरिक रूप से जगह-जगह पर स्वागत किया गया। अखाड़ा में पूजा समाप्त होने के बाद सूप में सरहुल फूल और पत्ता लेकर चारों तरफ चक्कर लगाया गया। जो भी रास्ते में मिला, उसके कान पर उस फूल को रखा। लोगों द्वारा इस अवसर पर अतिथि का स्वागत परंपरागत नृत्य और गाजे-बाजे के साथ किया गया। नन्हे-नन्हे बच्चे हाथों में तीर कमान लिये भगवान बिरसा की याद को ताजा कर रहे थे। महिला-पुरुष गुलाल लगा कर गाजे-बाजे के साथ लोगों के साथ शोभायात्रा का हिस्सा बने।

सरहुल का वास्तविक अर्थ प्रकृति की पूजा : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मानव और प्रकृति का अन्योन्याश्रय संबंध है। सरहुल का वास्तविक अर्थ वृक्षों और प्रकृति की पूजा करना है। इस पर्व में यह संदेश निहित है कि प्रकृति के बिना मानवजाति का अस्तित्व नहीं है।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दी शुभकामनाएं

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को राज्यवासियों को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर लिखा है कि प्रकृति पर्व सरहुल पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जोहार। सरहुल का संदेश है कि प्रकृति के पेड़, पौधों, पहाड़, नदी, जमीन, सूर्य की तरह हम सभी आपस में प्रेम-भाइचारे और एकता के साथ रहें और समाज से जुड़े रहें।

सखुआ का पेड़ सिर्फ प्रतीक ही नहीं: कल्पना

रांची (आजाद सिपाही)। कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर राज्यवासियों को सरहुल की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। सखुआ का पेड़ केवल एक प्राचीन प्रतीक ही नहीं है। इसके पत्ते, फूल और लकड़ी हमारे खाद्य, औषधीय और जीवन-उपयोगी सामग्री के अमूल्य स्रोत भी हैं। सरहुल का पर्व मना कर, हम प्रकृति की रक्षा के प्रति एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी को दोहराते हैं। मैं पूरे देश को सरहुल के पावन पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हूं। आइए, हम कृतज्ञता, एकजुटता और समृद्ध पारंपरिक संस्कृति के साथ प्रकृति का यह पावन पर्व मनायें।

न्यूज रील्स

सीबीआइ ने के. कविता को तिहाड़ में गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को बीआरएस नेता के. कविता को तिहाड़ में गिरफ्तार किया। कविता 26 मार्च से तिहाड़ में बंद हैं। सीबीआइ उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश करेगी और रिमांड पर मांगेगी।

केजरीवाल के पीए बिभव कुमार बर्खास्त

नयी दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव (पीए) बिभव कुमार को दिल्ली विजिलेंस डायरेक्टरेट ने बर्खास्त कर दिया है। विशेष सचिव, सतर्कता वाईवीवीजे राजशेखर ने पारित आदेश में बिभव कुमार के खिलाफ लंबित 2007 के मामले का हवाला दिया, जिसमें उन पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप था। आदेश में तत्काल प्रभाव से बिभव कुमार की नियुक्ति समाप्त कर दी गयी है। हालांकि, आम आदमी पार्टी की लीगल टीम बिभव की बर्खास्तगी के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में जाने की योजना बना रहे हैं।

हरियाणा में स्कूल बस पलटी, 6 बच्चों की मौत

महेंद्रगढ़। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में गुरुवार सुबह प्राइवेट स्कूल की तेज रफ्तार बस पलट गयी। हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गयी, जबकि 22 बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर है। महेंद्रगढ़ के कस्बा कनीना में स्थित जीएल पब्लिक स्कूल ईद पर छुट्टी के बाद भी खुला था। गुरुवार सुबह बस करीब 35 बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस बीच गांव उन्हानी के पास हादसा हो गया।

हमारी सरकार आयी तो मोदी जेल में होंगे: मीसा

नयी दिल्ली। राजद प्रमुख लालू यादव की बेटी मीसा भारती ने गुरुवार को कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला और हमारी सरकार आयी तो पीएम मोदी समेत भाजपा के कई नेता जेल में होंगे। मीसा भारती पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। मीसा के बयान पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पहले उन्हें अपने और अपने परिवार के बारे में सोचना चाहिए। ये लोग कई प्रकार के घोटालों और भ्रष्टाचारों में फंसे हुए हैं।

नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त कर सकती है ईडी

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी की तरफ से प्रमोटेड नेशनल हेराल्ड न्यूजपेपर की 752 करोड़ रुपये की संपत्ति को ईडी जब्त कर सकती है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की निर्णायक समिति ने इन संपत्तियों को पिछले साल नवंबर में फ्रीज कर दिया था। इसके बाद ईडी ने संपत्ति को अटैच किया था।

कांग्रेस का इतिहास ही नहीं इरादे भी खतरनाक : मोदी

राजस्थान के करौली में पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

करौली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं। कांग्रेसी नेताओं ने तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के लिए मंदिरों को गिरा कर उनकी जमीनों पर कब्जे किये। यहां रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थर बरसाये जाते थे। उन्होंने कहा कि कल कांग्रेस के बड़े नेता ने कहा है, कच्चाथीवू टापू है। क्या वहां कोई रहता है क्या? फिर ये रेगिस्तान को क्या कहेंगे, कोई रहता है। कल ये कांग्रेसी राजस्थान जैसे सीमावर्ती राज्य की खाली जमीन ये ही कह कर किसी भी देश को दे सकते हैं। पीएम गुरुवार को यहां करौली-कैलादेवी मार्ग स्थित सिद्धार्थ सिटी में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि आप कांग्रेस नेताओं के बयानों से इनके मंसूबों का अंदाजा लगा सकते हैं। कांग्रेस के शहजादे विदेशों में कहते हैं, भारत कोई राष्ट्र नहीं है। सेना सर्जिकल स्ट्राइक करती है तो सबूत मांगते हैं, कांग्रेस के शहजादे सेना के शौर्य को खून की दलाली बोलते हैं। टुकड़े-टुकड़े गैंग के पीछे सबसे पहले कांग्रेस खड़ी हो जाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता समझ रहे हैं, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है। राजस्थान के बलिदानी वीर शहीदों के घर जाकर पूछो, उनके गांव की मिट्टी बतायेगी, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है। कश्मीर की धरती पर राजस्थान के कई वीरों ने बलिदान दिया है। आप मुझे पूछते हो क्या वास्ता है। इस मिट्टी में शहीदों की समाधियां हैं, राजस्थान का कश्मीर से क्या रिश्ता है। सत्ता से दूर होकर इनकी सोच इतनी संकुचित हो गयी है कि ये लोग राणा प्रताप की धरती से पूछते हैं, कश्मीर का बाकी देश से क्या लेना-देना।

मोदी ने कहा कि जिस राजस्थान के धौलपुर ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद बने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे, उसी राम मंदिर पर कांग्रेस पार्टी के नेता कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इन लोगों ने राम मंदिर की प्रतिष्ठा का बहिष्कार तक किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए मेरा पल-पल आपके नाम है, हर पल देश के नाम है। इसलिए कहता हूं, 24*7 फॉर 2047। प्रधानमंत्री ने कहा कि करौली बता रहा 4 जून 400 पार। राजस्थान कह रहा, फिर मोदी सरकार। राजस्थान के हर घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है।

30 लाख सरकारी नौकरी देंगे ठेका प्रथा बंद होगी : राहुल

कांग्रेस सांसद ने अनूपगढ़ और फलोदी में सभा को संबोधित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

अनूपगढ़। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान के अनूपगढ़ और फलोदी में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की 200 सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किये हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी, लेकिन कोई यह बताये कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं, तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देख कर चल रहा हूं।

राहुल ने कहा कि हम 30 लाख सरकारी नौकरी युवाओं को देंगे। महिलाओं को 50% रिजर्वेशन सरकारी नौकरी में दिया जायेगा। जो आशा और आंगनबाड़ी में काम करती हैं, उनकी आमदनी हम दोगुनी करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने पिछले 10 साल चुनिंदा लोगों को देश का पूरा धन दे दिया। हिंदुस्तान के कोने-कोने में चले जाओ, एक ही नाम दिखायी देगा। एयरपोर्ट अडानी, बिजली अडानी। सारा का सारा फायदा एक व्यक्ति को नरेंद्र मोदी ने दिया है।

राहुल ने कहा कि मैंने उनके बारे में संसद में भाषण दिया। मेरी सदस्यता ले गये। सुप्रीम कोर्ट ने मुझे फिर से एमपी बनाया। मैंने सिर्फ नरेंद्र मोदी जी से ये पूछा कि हर इंडस्ट्री में अडानी जी क्यों दिखते हैं। मैंने मोदी जी से पूछा कि आपका इनके साथ क्या रिश्ता है। मेरी सदस्यता रद्द कर दी और फिर मेरा घर ले लिया। ये सोचते हैं कि मैं चुप हो जाऊंगा। मैंने चाबी इनको दी और कहा कि मुझे घर नहीं चाहिए। मेरे करोड़ों घर हैं हिंदुस्तान में। राहुल गांधी ने अनूपगढ़ के बाद फलोदी में भी जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि पिछले 10 साल प्रधानमंत्री ने आपको अलग-अलग वादे किये। डाले नहीं, 15 लाख रुपये निकाल लिये। किसान, मजदूर, युवाओं और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया।

ईद मुबारकः दुआ के लिए उठे हाथ, गले मिल दी मुबारकबाद

अमन-चैन और भाइचारे के साथ मनायी गयी ईद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक महीने तक माह-ए-रमजान के बाद गुरुवार को राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में ईद मनी। इस दौरान दुआओं के लिए हाथ उठे। वहीं गले मिल कर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गयी। अमन-चैन और भाइचारे के साथ ईद हर्षोल्लास के साथ मनी। ईद मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व है। इस्लाम धर्म को मानने वाले माह ए रमजान में रोजा रखते हैं। पूरे एक महीने रोजा रखने के बाद उन्हें ईद के चांद का दीदार होता है। चांद देखने के बाद ही ईद मनायी जाती है। गुरुवार सुबह मसजिदों में नमाज अदा करने को लेकर भीड़ रही। इसके बाद अमन-चैन और भाइचारे की दुआ मांगी गयी। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले मिल कर बधाइयां दीं और सेवइयां खिला कर ईद की मुबारकबाद दी गयी। राजधानी की सड़कों पर खासकर मुसलिम मुहल्लों में स्टॉल लगा कर लोगों के बीच सेवइयों का वितरण किया गया। दूसरे समुदाय के लोगों ने भी घर जाकर ईद की मुबारक दी। साथ ही उनकी खुशियों का हिस्सा बने।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SAAT-2024

Empowering students for a brighter future

CORE B.TECH PROGRAMMES
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Mechinical Engineering

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Accredited by NBA
- Ranked in QS World Rankings 2024

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 15th Best in University Category
- 27th Best in Engineering Category

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

चौंकिये मत, ये पुजारी नहीं, पुलिसकर्मी हैं

धोती-कुर्ता, गले में रुद्राक्ष, माथे पर त्रिपुंड

भीड़ को कंट्रोल करने में मदद करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पहली बार पुलिसकर्मी पुजारी जैसी ड्रेस में नजर आये। उनके गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर त्रिपुंड लगा है। महिला पुलिस कर्मी सलवार-कमीज और पुरुष कर्मी कुर्ता-धोती पहने हुए थे। दरअसल, वाराणसी कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने दो दिन पहले यानी 9 अप्रैल को आदेश दिया था। इसमें कहा गया है कि गर्भगृह में एक पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी पुजारी की ड्रेस में लगायी जाये, जो आने वाले भक्तों को दर्शन कराने में मदद करेंगे। यही पुलिस कर्मी पुजारी के कपड़ों में गर्भगृह में भीड़ नियंत्रित करेंगे। इनकी मदद के लिए एक पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी वर्दी में भी तैनात रहेंगे। उनका कहना था कि मंदिरों में भक्त पुजारी की बातें जल्दी मानते हैं। इसलिए यह व्यवस्था बनायी जा रही है। कमिश्नर ने बताया कि मंदिर में ड्यूटी करनेवाले पुलिसवालों की तीन दिनों की ट्रेनिंग होगी। क्योंकि थानों की ड्यूटी मंदिर की ड्यूटी एकदम अलग है। ट्रेनिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को काशी के प्रमुख स्थलों के बारे में डिटेल में बताया जायेगा। वीआइपी मूवमेंट के वक्त अक्सर पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को धक्का मार कर हटाते हैं, तो इससे उनको बुरा लगता है। वह निगेटिव सोच के साथ मंदिर से जाते हैं। इसलिए पुलिसकर्मी 'नो टच पॉलिसी' का पालन करेंगे। किसी भी श्रद्धालु को गर्भगृह के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर टच नहीं करेंगे। भीड़ नियंत्रण करने के लिए रस्सी का घेरा बनाया जायेगा, जिससे भक्त एक निश्चित दूरी पर रहेंगे।

'मोदी बनाम एंटी मोदी' है खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव

■ बुनियादी मुद्दा खूंटी से गौण, राष्ट्रीय मुद्दा हावी
■ कोई खफा तो कोई फना करने को तैयार
■ इस बार भी मुकाबला होगा टाइट फाइट का
■ तीसरा फ्रंट का प्रत्याशी शुकून देगा अर्जुन मुंडा को

आजाद सिपाही विशेष

'आजाद सिपाही' की टीम अपने शो भ्रमण के तहत झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रही है। इसी कड़ी में 'आजाद सिपाही' की टीम ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया। इलाके के लोगों से बातचीत के आधार पर टीम को जो फीडबैक हासिल हुआ, उससे यही लगा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान नहीं है। यहां फिर से सिचुएशन टाइट फाइट का ही बना हुआ है। कई क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को लेकर कुछ नाराजगी है, तो कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के खिलाफ भी खूंटी के सुदूर क्षेत्रों में रोष है। कहीं अर्जुन मुंडा का गुणगान हो रहा है और केंद्र में मंत्री बनने के बाद उनके पास समय की कमी को भी लोग महसूस कर रहे हैं, तो कोई कालीचरण मुंडा के कसीदे पढ़ रहा है। कई लोग यह कहते हुए भी मिले कि चुनाव के बाद कालीचरण मुंडा उनकी खैर-खबर नहीं लेते। वह लोगों से मिलने में भी कोताही बरतते हैं। लेकिन सबसे अहम बात जो छन कर सामने आयी, वह यह कि खूंटी में आज की तारीख में अर्जुन मुंडा या कोई कालीचरण मुंडा नहीं। खूंटी का लोकसभा चुनाव सिर्फ मोदी बनाम एंटी मोदी होने वाला है। जनता को सिर्फ मोदी से मतलब है। चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में। खूंटी के लोकल मुद्दे सभी गौण हैं। विकास या बुनियादी मुद्दे सब गायब हैं। सांसद लोकसभा में आये या नहीं, यह मुद्दा भी अब मायने नहीं रखता। विपक्षी प्रत्याशी सिर्फ चुनाव के वक्त मैदान में दिखाई दे रहे हैं, उससे भी यहां की जनता को कोई लेना-देना नहीं है। यहां सिर्फ मोदी या एंटी मोदी है। वैसे खूंटी लोकसभा के कई क्षेत्र अफीम की खेती के गवाह हैं, लोग भी परेशान हैं, लेकिन यह मुद्दा भी फिलहाल गौण है। कोई इसके बारे में बात नहीं करना चाहता। शायद डर इसका कारण है। पत्थलगड़ी आंदोलन का 2.0 अवतार कुटुंब परिवार, जो धीरे-धीरे अंदर ही अंदर अपना संगठन मजबूत कर रहा है, के बारे में भी बात करने से यहां के लोग डरते हैं। यह मुद्दा भी इस चुनाव में गौण है। हां पातर जाति और मुंडा जाति के मुद्दे को हवा देने की साजिश या कोशिश की जा रही है। वैसे कुर्मी जाति के लोग साइलेंट हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि जमशेदपुर के नेता शैलेंद्र महतो के पत्र के जवाब में प्रधानमंत्री ने उनको जो जवाब दिया है, उससे कुर्मी का गुस्सा शांत हुआ है। प्रधानमंत्री ने उन्हें पत्र में लिखा है कि वह कुर्मी को ओवीसी में शामिल करने के बारे में जानकारी ले रहे हैं। वैसे धार्मिक आधार की बात की जाये, तो हिंदुओं ने अपना मन बना लिया है। रही बात मुसलामानों की और इसाइयों की, तो उनका भी रुख साफ है। खूंटी लोकसभा चुनाव क्षेत्र में कुछ जगहों पर चंद लोकल मुद्दों के साथ धार्मिक मुद्दा भी हावी है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरना कोड का मुद्दा, जिसे विपक्ष भुनाना चाहेगा, तेली समुदाय की मांग कि आदिवासी क्यों नहीं बनाया, रौतिया समाज को आदिवासी क्यों नहीं बनाया, कुर्मी-महतो को आदिवासी क्यों नहीं बनाया। वहीं भोक्ता समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा कैसे मिल गया, ऐसे कई मुद्दे हैं, जो इस चुनाव में कुछ हद तक कहीं-कहीं मुखर होंगे। क्या है खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता का मूड, मुद्दे और मन की बात बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

खूंटी लोकसभा क्षेत्र झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र मुख्य रूप से मुंडा जनजातियों के लिए जाना जाता है। कहा जाता है कि छोटानागपुर के राजा मदरा मुंडा के बेटे सेतिया के आठ बेटे थे। उन्होंने ही एक खुंटकटी गांव की स्थापना की, जिसे उन्होंने खुंति नाम दिया, जो बाद में खूंटी हो गया। कुछ जगहों पर इसे महाभारत की कुंती से भी जोड़ा जाता है। यह क्षेत्र बहुत मायनो में प्रसिद्ध है। भगवान बिरसा मुंडा का भी जन्म खूंटी के उलिहातू में ही हुआ था। यहां प्रसिद्ध डोंबारी बुरू भी है। यह वही जगह है, जहां बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। इस स्थान पर हजारों की संख्या में आदिवासियों ने अपने हक की लड़ाई के लिए प्राण न्योछावर किये थे। इस क्षेत्र में प्रसिद्ध अंगराबाड़ी का शिव मंदिर भी है। महाशिवरात्रि और सावन माह में यहां पूरे देश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। खूंटी में प्रसिद्ध झरना पंचघाघ भी है। पंचघाघ पांच झरनों का संयोजन है। यहां डीयर पार्क भी है। बिरसा मृग विहार खूंटी जिले के कालामाटी के खूबसूरत साल वन में और रांची-खूंटी रोड पर राजधानी शहर से मुश्किल से 20 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां रानी फॉल भी है। यह झरना जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर खूंटी-तमाड़ मार्ग पर स्थित है। यहां जीइएल चर्च भी है, जो ब्रिटिश काल में स्थापित एक पुराना चर्च है। इस चर्च में ब्रिटिश बुनियादी ढांचे और आंतरिक भाग को देखा जा सकता है। यह मुरहू प्रखंड के सर्वदा पंचायत में वन क्षेत्र से घिरा हुआ है। लेकिन अब खूंटी नशे के कारोबार के लिए भी जाना जाने लगा है। खूंटी के आसपास के इलाके अफीम की खेती का गढ़ बन चुके हैं। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है। सब जानकारी है, लेकिन अभी भी खूंटी के गावों में बेधड़क इसकी खेती की जा रही है। हां, गाहे-बगाहे कुछ तस्करों को पकड़ कर पुलिस प्रशासन अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है।

कुटुंब परिवार की गतिविधियां

एक समय खूंटी पत्थलगड़ी के लिए पूरे देश में चर्चित हो गया था। यहीं से पत्थलगड़ी आंदोलन की शुरुआत हुई थी, जो सरकार के लिए नासूर बन गया था। पत्थलगड़ी समर्थकों ने पूरे क्षेत्र को अशांत कर दिया था। वह सरकार और इसके नियमों के खिलाफ एक अलग तंत्र बनाने में जुटे थे। यह आंदोलन समानांतर सरकार चलाने का प्रोपगेंडा था। पुलिस की दबिश से वह आंदोलन शांत तो हो गया, लेकिन उसमें शामिल लोगों ने एक अलग ही संगठन बना लिया है, जिसे कुटुंब परिवार के नाम से जाना जाता है। अभी कुटुंब परिवार के लोग और सदस्य संगठन को मजबूत करने में लगे हैं। ये लोग घरों को चिह्नित कर अपनी एक पहचान घरों के दरवाजे पर टांग देते हैं। माना जा रहा है कि अगर इस पर सरकार की नजर नहीं पड़ी, तो यह पत्थलगड़ी आंदोलन से भी बड़ा रूप लेने को तैयार है।

खूंटी का चुनावी परिदृश्य

खैर खूंटी लोकसभा के बहुत सारे मुद्दे हैं, जो इस लोकसभा चुनाव में हावी हैं। खूंटी लोकसभा चुनाव में मुख्य जंग भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के बीच है। 2019 में खूंटी लोकसभा से अर्जुन मुंडा ने बाजी मारी थी। लेकिन यह फाइट बहुत ही टाइट थी। अर्जुन मुंडा मात्र 1445 वोटों से जीते थे। भाग्य प्रबल था, तो जीत गये। इस बार भी फाइट टाइट ही लगता है। लोगों में सांसद को लेकर कहीं गुस्सा है, तो कहीं उनके प्रति प्रेम, तो कहीं उनके काम को समझने की समझ। कुछ का कहना है कि अर्जुन मुंडा जब से सांसद और केंद्र में मंत्री बने, उनकी गाड़ी में ब्रेक नहीं है। उनकी गाड़ी सीधे एयरपोर्ट पर रुकती है। लेकिन कुछ लोगों का यह भी कहना है कि सांसद ने जरूरत के वक्त अपनी उपस्थिति दर्ज की है। वह काफी मिलनसार हैं। यहीं कुछ लोगों का तो यह भी कहना है कि लोगों को समझना चाहिए कि वह केंद्र में मंत्री हैं। उनके पास महत्वपूर्ण विभाग है। उस काम को भी तो करना है। जितना समय मिलेगा, उतना ही कर पायेंगे न। लेकिन कुछ लोगों को न तो अर्जुन मुंडा से मतलब है, न ही कालीचरण मुंडा से। मतलब है तो सिर्फ मोदी से। या तो यस है, या तो नो।

तमाड़ इलाके में पातर-मुंडा फैक्टर

'आजाद सिपाही' के सहयोगी स्वरूप भट्टाचार्य, जो तमाड़ विधानसभा के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं, का मानना है कि उनके क्षेत्र में लोगों का यही कहना है कि सांसद का भ्रमण इस क्षेत्र में बहुत कम हुआ। एनएच के आसपास के गावों में उनकी उपस्थिति तो रही, लेकिन सुदूर गांवों में उनका जाना नहीं हो पाया। वहीं कालीचरण मुंडा तमाड़ से दो बार विधायक रहे हैं। वह इस इलाके को बखूबी जानते हैं। वैसे तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में पातर और मुंडा का फैक्टर भी सांसें ले रहा है। चूंकि लोगों का कहना है कि अर्जुन मुंडा पातर जाति से आते हैं और कालीचरण मुंडा, मुंडा जाति से। अब यहां पातर और मुंडा के अपने-अपने तर्क हैं। उनमें एक अलग ही द्वंद्व चलता रहता है। यह मुद्दा पिछली बार भी उठा, लेकिन चुनाव के वक्त इसका असर नहीं हो पाता। वैसे जब से जेएमएम सत्ता में आया है, ग्रामीण क्षेत्रों में उसकी स्वीकार्यता बढ़ी है।

उसका संगठन पहले से मजबूत हुआ है। इसी का फायदा कांग्रेस या यूं कहें इंडी गठबंधन प्रत्याशी उठाना चाहेंगे। यहां लोगों का मानना है कि जब से पुरान जाति को आदिवासी का दर्जा मिला, मुंडा जाति में नाराजगी है। उनका मानना है कि उनका हक काट कर दूसरे को क्यों। वहीं पुरान जाति के लोग खुश हैं। उनकी आबादी करीब बीस हजार के आसपास है। उनका झुकाव भाजपा के पक्ष में है। वैसे तमाड़ के बुद्धिजीवी वर्ग और हिंदू वर्ग में राष्ट्रीय मुद्दा ही अहम है। इन वर्गों में मोदी की स्वीकार्यता बहुत है।

चुनाव प्रचार में अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा का फोकस तमाड़ और खरसावां

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथि जैसे-जैसे निकट आ रही है, वैसे-वैसे जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज होती जा रही हैं। इस संसदीय सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। हालांकि अभी चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार ने अपना चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। हालांकि झारखंड पार्टी या अन्य दलों ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। वैसे असंवैधानिक पत्थलगड़ी को लेकर चर्चा में अयी और पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का आह्वान करने वाली बेलोसा बबिता कच्छप ने भी भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा की है और अपने चुनावी अभियान की शुरुआत भी कर दी है, पर राजनीति के जानकार उनकी उम्मदीवारी को अधिक गंभीरता से नहीं लेते। हां, एनोस एक्का की झारखंड पार्टी ने अपना प्रत्याशी उतारा, तो उससे भाजपा के अर्जुन मुंडा के लिए शुकून की बात होगी। एनोस एक्का का प्रभाव खूंटी में है और वह कालीचरण मुंडा को ही नुकसान पहुंचायेंगे। वैसे बेलोस कच्छप को जो भी वोट मिलेगा, उसमें इसाई समुदाय और पत्थलगड़ी समर्थकों का वोट ही ज्यादा होगा, जिससे अर्जुन मुंडा को राहत पहुंचेगी। इधर भाजपा के प्रत्याशी और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और महागठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने अपना चुनावी दौरा तेज कर दिया है। 2019 के चुनाव में भी दोनों मुंडा एक दूसरे के आमने-सामने थे। आसन्न लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा और कांग्रेस दोनो के ही उम्मीदवारों ने इस बार अपना सारा फोकस तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र पर केंद्रित कर दिया है। ज्ञात हो कि 2019 के लोकसभा चुनाव मे भाजपा की प्रचंड लहर के बाद भी अर्जुन मुंडा 1445 मतों से जीत पाये थे। उनकी जीत में तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र ने ही भाजपा की इज्जत बचायी थी। जब 2019 के खूंटी लोकसभा का फैसला आया, तब तमाड़ और खरसावा को छोड़ चार विधानसभा क्षेत्रा में कांग्रेस प्रत्याशी ने अच्छी बढ़त बनायी थी। वहीं अर्जुन मुंडा को खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में अच्छी खासी बढ़त मिल गयी थी तमाड़ में उन्हें करीब चालीस हजार की बढ़त मिली थी, जिससे वे चुनाव जीत गये, अन्यथा छह में से चार विधानसभा क्षेत्रों सिमडेगा, कोलेबिरा, तोरपा और खूंटी में तो कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने अच्छी खासी बढ़त हासिल कर अर्जुन मुंडा की सांस ही अटका दी थी।

वहीं तमाड़ के जोजोडीह गांव के पेरीयाडीह पंचायत की मुखिया अनिता देवी का कहना है कि क्षेत्र में दोंनो प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा के बीच टाइट फाइट होना तय है, कोई किसी से कम नहीं।

विकास का इंतजार है खूंटी को

खूंटी निवासी और खूंटी पर विशेष पकड़ रखने वाले पत्रकार राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि खूंटी में बहुत पहले कोयलकारो प्रोजेक्ट था, लेकिन वह फेल हो गया। उसके बाद कोई काम खूंटी में हुआ नहीं। फिलहाल जो ज्वलंत मुद्दा खूंटी टाउन का है, वह है बाइपास का। यह बड़ी समस्या के रूप में उभरा हुआ है। सांसद अर्जुन मुंडा और विधायक नीलकंठ मुंडा तक को इस समस्या को बताया गया, लेकिन फिलहाल कुछ हुआ नहीं है। अभी बस चुनाव को देखते हुए आधारशिला, शिलान्यास के रूप में रखी जा रही है। लेकिन कहां से बनेगा, जगह फाइनल नहीं हुआ है।

खूंटी में नॉलेज सिटी भी बनने वाली थी, लेकिन वह काम भी अधर में लटक गया। अगर यह कार्य हो जाता, तो तो इस क्षेत्र का कायाकल्प हो जाता। यहां तक कि ग्रामीणों ने स्वेच्छा से अपनी जमीन दी, लेकिन फिर भी इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। उसके बाद प्रस्ताव आया कि इसकी जगह रक्षा यूनिवर्सिटी का निर्माण किया जायेगा, लेकिन वह भी नहीं बना। करोड़ों रुपये बर्बाद हो गये। अभी भी खंडहर जैसा पड़ा हुआ है। खूंटी में वैसा कोई भी उल्लेखनीय काम नहीं हुआ है, जिसे विकास के पैमाने पर रखा जाये। खूंटी में जितना एक्सीडेंट होता है, उतना कहीं नहीं होता है। कितने लोगों ने अपने परिवारों को खोया है। टांग टूटना, हाथ टूटना तो आम बात है। इस लिए बाइपास की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा ने खूंटी में एक बड़ा काम किया था। कोरोना काल में उन्होंने वहां ऑक्सीजन प्लांट बैठवाया, जिससे लोगों को बहुत लाभ हुआ।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा, जहां तक कालीचरण मुंडा की बात है, उनके पिता टी मुचि राय मुंडा बिहार में मंत्री थे। उनके निधन के बाद सहानुभूति की लहर में कालीचरण मुंडा तमाड़ से दो बार विधायक बने। उनका मानना है कि कालीचरण मुंडा मिलनसार प्रवृत्ति के नहीं हैं। लेकिन जो इनके भाई हैं नीलकंठ मुंडा, जो मंत्री भी थे और अभी खूंटी से विधायक हैं, वह राजनीति के माहिर खिलाड़ी बन गये हैं। वह मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। अर्जुन मुंडा के बारे में लोगों का मानना है कि अगर अर्जुन मुंडा नहीं रहते, तो पिछले साल खूंटी से रामनवमी के मौके पर शोभायात्रा नहीं निकलती। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है, यह उन्होंने स्वीकार किया।

सरना कोड मुद्दा तो है, पर केंद्र में मोदी ही

खूंटी क्षेत्र पर विशेष पकड़ रखनेवाले हमारे सहयोगी और चार दशक से पत्रकारिता करनेवाले अनिल मिश्रा का मानना है कि खूंटी लोकसभा का चुनाव नाली-गली पर आधारित नहीं है। यहां पर चुनाव विशेष रूप से मोदी के पक्षधर और मोदी के विरोधियों के बीच में है। वैसे राम मंदिर के बनने के बाद यहां हिंदुओं में एकता बढ़ी है। कालीचरण मुंडा के बारे में अनिल मिश्रा बताते हैं कि वह एक दमदार कैंडिडेट हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने अर्जुन मुंडा को नेक टू नेक फाइट दी थी। कालीचरण मुंडा मात्र 1445 मतों से पिछड़ गये थे। कालीचरण मुंडा अपने क्षेत्र में एक्टिव हैं। लगातार दौरा करते रहे हैं। लेकिन अर्जुन मुंडा के साथ समस्या यह है कि वह केंद्र में मंत्री हैं, पूरे देश को देखना है। अपने क्षेत्र में ज्यादा समय नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए लोगों में नाराजगी है। लेकिन फिर भी यह लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दे पर आधारित रहेगा। संगठन की बात की जाये, तो यहां भाजपा का संगठन तो मजबूत है ही, साथ ही झामुमो का सांगठनिक ढांचा भी बहुत प्रबल हुआ है। कांग्रेस सांगठनिक रूप से इस इलाके में कमजोर है। वह जेएमएम पर ज्यादा निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरना कोड का मुद्दा काफी प्रबल हुआ है। इस इलाके में यह बात उठायी जा रही है कि केंद्र में जनजातीय मामलों के मंत्री रहते हुए अर्जुन मुंडा ने सरना कोड का मुद्दा हल नहीं किया है। विपक्ष इस मुद्दे को भुनाने के पक्ष में है। दूसरी बात यहां के तेली समुदाय में नाराजगी है कि उन्हें आदिवासी का दर्जा हासिल नहीं हुआ। रौतिया समाज का कहना है कि हमें आदिवासी नहीं बनाया गया। उधर कुर्मी महतो का कहना है कि हमें आदिवासी नहीं बनाया गया। वहीं जब भोक्ता समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त हुआ, तो आदिवासियों का कहना है कि हम लोगों का हिस्सा काट के दिया जा रहा है। ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनसे इस चुनाव में अर्जुन मुंडा को दो-चार होना पड़ेगा।

नीलकंठ कह रहे हैं विकास हुआ है, कालीचरण मुंडा कह रहे नहीं हुआ

लोकसभा चुनाव के दौरान इन दिनों बाजार में एक बात की जोरदार चर्चा है। एक ओर खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी के सगे छोटे भाई नीलकंठ सिंह मुंडा चुनाव की घोषणा के पहले से ही दावा करते आ रहे हैं कि जितना विकास खूंटी विधानसभा क्षेत्र का हुआ है, उतना विकास पूरे राज्य में किसी विधानसभा क्षेत्र का नहीं हुआ है। इसके विपरीत कांग्रेस प्रत्याशी अपनी चुनावी सभाओं और इंटरव्यू में आरोप लगा रहे हैं कि पिछले दस वर्षों से खूंटी का विकास पूरी तरह ठप है। ऐसे जनता पूछ रही है कि वह किस पर भरोस करे, नीलकंठ सिंह मुंडा के दावों पर या उनके बड़े भाई कालीचरण मुंडा के आरोपों पर। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आयेगी, वैसे-वैसे यहां की राजनीतिक फिज़ां बदलेगी। चुनाव में तंत्र का भी बहुत बड़ा महत्व है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कांग्रेस की बनिस्बत भाजपा का तंत्र बहुत मजबूत है। खूंटी में कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में कोई तुलना ही नहीं है। कांग्रेस के कार्यकर्ता यहां शिथिल हैं, तो भाजपा के कार्यकर्ता मुखर। जगह-जगह भाजपा के कार्यालय खुल चुके हैं। कार्यालयों में लोगों का जुटान भी हो रहा है। कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्हें चाय-नाश्ता के साथ-साथ खाने की सुविधा मिली है। दूसरी तरफ कांग्रेस के कार्यकर्ता अभी इस इंतजार में हैं कि उनका ऑफिस उस क्षेत्र में कब खुलेगा। जाहिर है, कार्यकर्ता ही चुनाव की अहम कड़ी होते हैं। फिलहाल भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को साध लिया है। फिर भी मुकाबला टाइट है।

साथ में सुनील सिंह और प्रदीप

कोई तीन सौ चुनाव लड़ा, किसी का नाम पड़ गया 'धरती-पकड़'

किसी ने जमानत के ही 80 लाख जब्त करा लिये

सलोनी

इस वक्त देश में चुनाव का माहौल है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक देशभर में सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। इस बीच पहले और दूसरे चरण का नामांकन खत्म हो चुका है। इस तरह से तमाम दलों के नेता चुनावी रण में उतर चुके हैं। इस सियासी समर में कई निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन निर्दलीयों में कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने दशकों से चुनाव में अपना भाग्य आजमाया है।

कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों ने उन्हें वोट न देने की अपील करने से लेकर हर चुनाव में नाम बदलने से लेकर जमानत राशि में बड़ी रकम खोने तक ये सब करने की कोशिश की है, लेकिन चुनाव में जीत नसीब नहीं हुई।

'चुनावी राजा', जो खुद को वोट देने से ही मना करते हैं

तमिलनाडु के के. पद्मराजन गर्व से खुद को 'चुनावी राजा' कहते हैं। पद्मराजन चुनाव मैदान में एकमात्र उम्मीदवार हो सकते हैं, जो लोगों से उन्हें वोट न देने का आग्रह करते हैं। 65 वर्षीय पद्मराजन ऐसा इसलिए करते हैं, ताकि उनका 'सबसे असफल उम्मीदवार' होने का तमगा बरकरार रहे। पद्मराजन भले ही इसे उपलब्धि बतायें, लेकिन उनकी हार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो चुकी है। इसके अलावा वह सबसे अधिक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं।

के पद्मराजन का दावा है कि धूमधाम के साथ पर्चा भरने के खर्च के अलावा उनकी जमानत राशि में अब तक 80 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पद्मराजन टायर मरम्मत की दुकान के मालिक हैं। पद्मराजन इस बार 239वीं बार चुनावी रण में उतरने की तैयारी में हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए केरल के त्रिशूर और तमिलनाडु के धर्मपुरी से अपना नामांकन दाखिल किया है। पद्मराजन बताते हैं कि उन्होंने 1988 में तमिलनाडु में अपने गृह नगर मेट्टूर से चुनाव लड़ना शुरू किया और अब तक 238 चुनाव लड़ चुके हैं। पद्मराजन पूर्व प्रधानमंत्रियों अटल बिहार वाजपेयी, पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के खिलाफ भी चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। इसके अलावा जयललिता, एम करुणानिधि, वाइएसआर रेड्डी और एके एंटनी जैसे पूर्व मुख्यमंत्रियों से लेकर फिल्म स्टार हेमा मालिनी और विजयकांत तक के खिलाफ पद्मराजनन ने चुनाव लड़ा है। पद्मराजनन कहते हैं, यह मेरा 239वां प्रयास होगा। मैंने हर बार एक अनोखी लड़ाई चुनी। इस बार दक्षिण भारत से चुनाव लड़ रहे नेता का चुनाव अभियान भी अनोखा है। पद्मराजनन बताते हैं, मैं लोगों से कहता हूं कि वे मुझे वोट न दें। मुझे वोट नहीं चाहिए, लेकिन मैं सबसे असफल उम्मीदवार का तमगा अपने पास रखना चाहता हूं। मैं प्रचार नहीं करता, लेकिन जब मैं नामांकन दाखिल करने जाता हूं, मैं इसे भव्य तरीके से करता हूं।

पहले पिता, अब बेटा दशकों से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे

मध्यप्रदेश की इंदौर के परमानंद तोलानी अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जिन्होंने तीन दशकों तक बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ा। परमानंद ने बताया, मेरे पिता का 1988 में निधन हो गया और मैं उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहा हूं। मैंने अब तक आठ लोकसभा और आठ विधानसभा सहित 18 चुनाव लड़े हैं। मैं आगामी लोकसभा चुनाव भी लड़ूंगा। 65 वर्षीय तोलानी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। तोलानी बताते हैं, मेरे पिता की इच्छा थी कि हमें इस काम को तब तक नहीं रोकना है, जब तक कि परिवार से कोई निर्वाचित न हो जाये। अगर मैं अपने जीवनकाल में ऐसा करने में सक्षम नहीं हुआ, तो मेरी दोनों बेटियां कमान संभालेंगी।

24 चुनाव लड़ चुके, हर बार अलग-अलग नाम

पुणे के विजय प्रकाश कोडेकर भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ते हैं। विजय राज्य बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उनके चुनाव लड़ने के पीछे एक अलग ही एजेंडा है। विजय प्रकाश शून्य बजट में चुनाव प्रचार की वकालत करते हैं। वह लातूर से लोकसभा चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। 78 वर्षीय कोडेकर सफेद धोती पहन कर प्रचार करते हैं। अब तक 24 चुनाव लड़ चुके कोडेकर अलग-अलग चुनावों के लिए अलग-अलग नाम का इस्तेमाल करते हैं। कोडेकर ने कुछ चुनाव विजय नाम से, कुछ 'राष्ट्रपति' नाम से और कुछ 'ज्योशो' नाम से लड़े हैं। वह खुद को ओशो का शिष्य बताते हैं। विजय प्रकाश नाम बदलने की औपचारिकताएं पूरी करते हैं और फिर नये नाम से चुनाव लड़ते हैं।

हर 100 दिन में झूठ पकड़ने वाला टेस्ट

हैदराबाद के तकनीकी विशेषज्ञ रविंदर उप्पुला प्रत्येक लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग प्रचार रणनीतियों का उपयोग करते हैं। 2014 में यह भ्रष्टाचार विरोधी मार्च था और 2019 में यह केवल एक उपवास था। उप्पुला ने कहा, मैं अपने प्रचार के दौरान वादा करता हूं कि अगर मैं निर्वाचित हुआ, तो हर 100 दिन में झूठ पकड़ने वाला परीक्षण करवाऊंगा, ताकि जो जनता मुझे वोट दे, वह ठगा हुआ महसूस न करे। हमारे नेताओं को भी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ऐसा ही करना चाहिए। हालांकि, उप्पुला चुनाव प्रचार खर्च से निराश हैं। वह कहते हैं, इस देश में प्रचार करना महंगा नहीं होना चाहिए, चुनाव मैदान में उतरने के बजाय एक एजेंडा और सही वादा ही काफी होना चाहिए।

300 चुनाव लड़ने पर 'धरती-पकड़' नाम मिल गया

कपड़ा-दुकान के मालिक काका जोगिंदर सिंह ने 300 से अधिक चुनाव लड़े और हारे। जोगिंदर को 'धरती-पकड़' के नाम से भी जाना जाता है। चुनावों में उन्होंने हमेशा निर्दलीय चुनाव लड़ा और हमेशा अपनी जमानत राशि खो दी। काका जोगिंदर सिंह ने देश के राष्ट्रपति पद के लिए कई चुनावों में भी अपनी किस्मत आजमायी, लेकिन सफलता कभी नहीं मिली। इसके बाद जोगिंदर को 'धरती-पकड़' उपनाम मिला। उन्होंने 1990 के दशक में 14 राज्यों से चुनाव भी लड़ा, जिसमें ज्यादातर विधानसभा के थे। जोगिंदर सिंह की 1998 में मृत्यु हो गयी।

वाराणसी के 'अडिग' का चुनावी प्रण

पहले 2014, फिर 2019 में वाराणसी सीट से नरेंद्र मोदी ने चुनाव लड़ा और दोनों बार प्रधानमंत्री बने। इसी सीट से नरेंद्र नाथ दुबे 'अडिग' भी चुनावी किस्मत आजमाया करते थे। उन्हें 'काशी का धरती पकड़' कहा जाता था। नरेंद्र नाथ दुबे 1984 से हर चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़े और हर बार अपनी जमानत खोयी। 2022 में उनका निधन हो गया।

दास्तान-ए-निर्दलीय

के पद्मराजन

काका जोगिंदर सिंह

नरेंद्र नाथ दुबे 'अडिग'

चुनावी बयान — आज के चर्चित बयान

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान 12 लाख करोड़ के घोटाले करने वालों को जेल जाना होगा। 2004 से 2014 तक 10 साल के यूपीए सरकार के शासनकाल में 12 लाख करोड़ का घपला, घोटाला और भ्रष्टाचार हुआ।
- अमित शाह


मुझे मां के अंतिम दर्शन नहीं करने दिये। उस समय मैं इमरजेंसी में जेल में बंद था। वे लोग हम पर तानाशाही के आरोप लगाते हैं।
- राजनाथ सिंह

भाई, यह पवन सिंह की मर्जी है। जिसको जहां से लड़ना है चुनाव, वह वहां से लड़े। यही तो खूबसूरती है हमारे लोकतंत्र की।
- तेजस्वी यादव

अगर जनता का आशीर्वाद मिला और हमारी सरकार आयी, तो पीएम मोदी समेत बीजेपी के कई नेता जेल में होंगे।
-मीसा भारती

कौन जेल में है, कौन बेल पर और कौन जेल जायेगा, चुनाव के बाद सबका हिसाब होगा। अभी हड़बड़ी क्या है। 4 जून का इंतजार कर लिया जाये।
- विजय सिन्हा

कोई न कोई तो इलेक्शन लड़ेगा ही। पवन सिंह अच्छे इंसान हैं और अच्छे परिवार से आते हैं। उन्होंने अपना नाम क्यों वापस लिया या उन्हें नाम वापस लेने के लिए मजबूर किया गया, यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है।
-शत्रुघ्न सिन्हा

सुरों से भी सियासी लड़ाई, गीत और संगीत से वोटरों का मूड बना रहे राजनीतिक दल

अक्षय

वैसे तो संगीत वह भाषा है, जो दिल से बोली और दिल से ही सुनी जाती है, लेकिन सियासत के फन में दिल की जुबां के साथ इस्तेमाल दिमाग का भी होता है। मगर, जब चुनाव चल रहे हों जनाब, तो सियासत और संगीत का बेमेल जोड़ा भी रंग जमा देता है। सभी पार्टियां अपने-अपने हिसाब से गीत-संगीत के जरिये वोटरों का मूड बनाने में जुटी हैं। इस विधा में भी भाजपा अव्वल है। चुनाव का एलान होने से पहले ही भाजपा ने चुनावी तराने गुनगुनाने शुरू कर दिये थे। अब तो एक के बाद एक नये गीत जारी किये जा रहे हैं। कुछ दिन पहले...मैं हूं मोदी का परिवार गीत पेश किया गया। अब सपने नहीं हकीकत बुनते, तभी तो सब मोदी को चुनते गीत लांच किया गया है। भाजपा इस गीत के कई हिस्से जारी कर चुकी है। यू-ट्यूब पर इसे अब तक सात करोड़ से ज्यादा लोग देख और सुन चुके हैं।

हकीकत बुनते तभी तो सब मोदी को चुनते

मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने के लिए भाजपा ने एक नया वीडियो 12 भाषाओं में जारी किया है। इस गीत के बोल हैं- सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। इस गीत के जरिये भाजपा मोदी सरकार के किये कामों और वादों को पूरा करने के दावे कर रही है। तीन मिनट 19 सेकंड के इस वीडियो में भारत की बदलती तस्वीर को दिखाया गया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि नया गाना पूरे देश की भावना को दर्शाता है। इस नये गाने में 2014 से पहले के हालात और नरेंद्र मोदी के वर्ष 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की बदलती तस्वीर को दिखाया गया है। इसमें हर कोने से, हर भाषा को बोलने वाले, अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग, एक स्वर में सामूहिक सपनों की उड़ान के बारे में बता रहे हैं।

कांग्रेस ने पेश किया न्याय गीत

कांग्रेस ने भी अपना एजेंडा मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए न्याय गीत पेश किया है। करीब दो मिनट 34 सेकंड के वीडियो में कांग्रेस ने पांच न्याय और युवाओं के लिए दी गयी गारंटियों का जिक्र किया है। वीडियो के ज्यादातर हिस्सों में राहुल गांधी की यात्राओं के दृश्य हैं। गाने का हुक, 'तीन रंग लहरायेंगे जब न्याय पायेंगे' जुबान पर चढ़ता है। करीब एक महीने पहले लांच इस गीत को यू-ट्यूब पर तीन लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

तृणमूल भी पीछे नहीं

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने अपने चुनावी गीत 'जोनोगोनेर गोर्जन' (जोरदार गर्जन) में भाजपा को बंगाल विरोधी बताया है। इसे यू-ट्यूब पर एक करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं। गीत के दृश्यों में सीएम ममता बनर्जी और भतीजे अभिषक बनर्जी को केंद्र में रखा गया है।

आप और वाम दल दूर

अक्सर चुनावों में गीतों के जरिये अपने एजेंडों को प्रभावी तरीके से रखने वाली आम आदमी पार्टी और वामदलों की तरफ से इस बार अभी तक कोई दिलचस्प चुनावी गीत पेश नहीं किया गया है।

चुनाव प्रचार

बाजार के लिए सेहतमंद है चुनाव, चमक उठते हैं कई रोजगार

राजवीर

आम चुनाव अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रफ्तार देंगे। इसे अब तक का सबसे महंगा चुनाव माना जा रहा है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के चुनाव में 2019 की तुलना में दोगुना से अधिक खर्च होगा। 2019 में देश में कुल उम्मीदवारों ने लगभग 60 हजार करोड़ रुपये खर्च किये थे। इस बार यह राशि 1.20 लाख करोड़ से ज्यादा होने का अनुमान है। देश में 96.8 करोड़ मतदाता हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1.20 लाख करोड़ रुपये को पूरे मतदाताओं के हिसाब से देखें, तो प्रति मतदाता पर करीब 1240 रुपये खर्च होंगे। वहीं प्रत्येक संसदीय क्षेत्र पर औसतन 202 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

सबसे ज्यादा सीटों और सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य होने के नाते यूपी में ही कम से कम 25 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सबसे ज्यादा फायदा हॉस्पिटेलिटी सेक्टर, ट्रैवल, सर्विस प्रोवाइडर, खान-पान इंडस्ट्री को होगा। इन ढाई महीनों में कम से कम डेढ़ लाख ऐसे लोगों को नया रोजगार मिलेगा। अकेले उनकी जेब में ही सात हजार करोड़ रुपये आयेंगे। फ्लैक्स-बिल्ले का रोजगार भी चमक रहा है। इस सेक्टर को कम से कम 15 हजार करोड़ रुपये की कमाई होगी।

चुनावी अर्थशास्त्र

क्लाउड किचन के पास ऑर्डर की भरमार

प्रत्याशियों के खर्च का एक बड़ा हिस्सा खाने-पीने पर व्यय होता है। सेंट्रल यूपी से तीन बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके एक प्रत्याशी ने बताया कि हार-जीत तो बाद की बात है, लेकिन तीन महीने कार्यकर्ताओं की खूब खातिरदारी करनी पड़ती है। पहले केंद्रीय कार्यालय में हलवाई लगाते थे। पर संख्या बढ़ने और कई कार्यालय और छोटे-छोटे केंद्र होने की वजह से इस बार सिस्टम को बदलना पड़ा। क्लाउड किचन को लंच और डिनर संबंधित केंद्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गयी है। इससे पिछले चुनाव के मुकाबले खर्च 20 फीसदी कम हुआ है और पहुंचाने का झंझट भी नहीं है। उन्होंने बताया कि रोजाना 4000 पैकेट के ऑर्डर दिये हैं। सात शहरों में ग्रुप क्लाउड किचन चला रहे एक कारोबारी बताते हैं कि इस बार ऑर्डर ज्यादा होने की वजह से पांच नये किचन खोले हैं। 35 हजार पैकेट रोज की सप्लाई है। छोटे रेस्तरां और कैटरर्स के पास भी इस सीजन में खासा काम है। यूपी होटल-रेस्तरां-कैटरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बताते हैं कि चुनाव की वजह से गर्मियों के सीजन में कम से कम इस सेक्टर के पास 2000 करोड़ के अतिरिक्त ऑर्डर होंगे।

इवेंट मैनेजमेंट की 5000 करोड़ की कमाई

इस चुनाव में मैनेजमेंट की भूमिका काफी अहम है। इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां नुक्कड़ नाटक, डोर-टू-डोर प्रचार, नेताओं और स्टार प्रचारकों की व्यवस्था, तंबू-कनात-कुर्सी से लेकर कूलर-पंखे-एसी तक के जुगाड़ में जुटी हैं। वहीं चुनाव मैनेजमेंट टीमों में कंटेंट राइटरों, प्लानरों की फौज जुटी है।

पानी की रहेगी भारी मांग

चिलचिलाती गर्मी में चुनाव होने की वजह से पानी की डिमांड खूब रहेगी। डिमांड को ही देखते हुए पिछले दो महीने में यूपी और एनसीआर में 176 वाटर बॉटलिंग प्लांट पंजीकृत हुए हैं। वाटर प्लांट संचालक बताते हैं कि चुनाव में ब्रांडेड पानी की बोतलों की मांग कम होती है, क्योंकि वो महंगी पड़ती हैं। एक दिन में एक-एक प्रत्याशी को कम से कम 5000 छोटी बोतलें तो खर्च करनी ही पड़ेंगी। कानपुर के एक बड़े ब्रांड के बॉटलिंग प्लांट संचालक बताते हैं कि चुनाव में अकेले यूपी में पानी का बाजार रोजाना करीब दस लाख बोतल का होगा।

ट्रैवल ऑपरेटरों के लिए ज्यादा कमाई

चुनाव में कड़ी निगरानी की वजह से ज्यादातर प्रत्याशी बिना झंडे वाली प्रचार गाड़ियों का सहारा लेते हैं। इस बार भी यही माजरा है। गर्मी के कारण कार्यकर्ताओं में चार पहिया वाहनों की डिमांड ज्यादा है। एक बड़े ट्रैवल ऑपरेटर बताते हैं कि 22 नयी कारें एक महीने में केवल चुनाव के लिए खरीदनी पड़ी हैं। ऑर्डर बहुत हैं। मुंहमांगा पैसा मिल रहा है। वह बताते हैं कि तीन महीने में अगले एक साल की किस्त का इंतजाम हो जायेगा।

मोक्षनगरी में मंझधार में जीतनराम मांझी की नैया

विद्यासागर

राजनीति की अपनी विडंबनाएं होती हैं। कौन यकीन करेगा कि हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) के नेता और भाजपा नीत एनडीए के गया सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी अपने गृह जनपद से कभी जीत दर्ज नहीं कर पाये। मोक्षनगरी के नाम से विख्यात गया से उनके सामने अपनी चुनावी नैया को पार लगाने की चुनौती है, इसी पर करीब 80 वर्ष के मांझी का राजनीतिक भविष्य टिका है। 6 अक्तूबर, 1944 को गया जिले के खेजरसराय के महकार गांव में जन्मे जीतन राम मांझी के कद को समझने के लिए इतना ही पर्याप्त है कि वे 44 साल से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय हैं। 1980 में वे पहली बार विधायक चुने गये। उन्होंने श्रीकृष्ण सिंह से लेकर नीतीश कुमार तक के मुख्यमंत्रियों का कार्यकाल देखा है। उनके सामने हैं, 1975 में जन्मे कुमार सर्वजीत। उन्हें राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव ने मांझी के सामने उतारा है।

मुद्दे और मुकाबला

औरंगाबाद की तरफ से गया शहर जाने के लिए पहले बौद्ध धर्म नगरी बोधगया से गुजरना होता है। बोध गया की पहचान अब आइआइएम से भी है। कभी यह सीट माओवादी हिंसा की वजह से चर्चित रहती थी। चुनाव के बायकॉट के संदेश के बाद सुरक्षा एजेंसियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। आज हालात बदल चुके हैं, पारंपरिक तरीकों से भले ही प्रचार नहीं हो रहा है, पर लोग खूब रुचि लेते हैं। बोधगया में महाबोधि मंदिर के बाहर ई रिक्शा चलाने वाले सुरेंद्र कहते हैं, काम तो मोदी ने अच्छा किया है पर मांझी और सर्वजीत दोनों ने ही गया के लिए कुछ नहीं किया। आप यहां का हाल देखो जाम और हर तरफ कूड़ा, क्या ऐसा ही होना चाहिए। चाइनीज टेंपल के बाहर जूते के स्टैंड को देखने वाले विकास मांझी बोले, हम तो जीतन राम को देखते हैं, उनका काम अच्छा लगता है। हम लोगों के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया। महाबोधि टेंपल में गाइड मुकेश कुमार कहते हैं, जीतने वाले केवल अपना फायदा करते हैं, आम आदमी तो रोजी-रोटी की चिंता में पिसा रहता है। बोधगया से लगभग 15 किलोमीटर आगे फल्गू नदी के किनारे बसे विष्णुपद मंदिर की वजह से विश्व विख्यात है। यहीं पास में फल्गू नदी के किनारे देश के कोने-कोने से लोग पिंडदान करने आते हैं। विष्णुपद मंदिर में पूजा की दुकान चलाने वाले कांति कुमार कहते हैं दोनों मुख्य प्रत्याशी गया के हैं पर किसी काम के नहीं, आप शहर जाओ रोजाना ऐसा जाम लगता है हालत खराब हो जाती है। मुख्य सड़क जीबी रोड से गुजरते हुए जाम का अहसास हर दिन हर नागरिक को होता है और इसका कोई निदान नहीं। पास में बैठे दिनेश कहते हैं, नेताओं को हमारी तकलीफों से क्या लेना देना। शायद यही वजह है कि चुनाव में रंग नहीं दिख रहे।

जीतन राम मांझी यानी खांटी राजनेता

महादलित मुसहर समाज के जीतन राम ने स्नातक तक पढ़ाई की और नौकरी भी की। समाज के वंचित तबके से आने वाले मांझी 44 साल लंबे राजनीतिक कैरियर में वे करीब-करीब हर दल में रह चुके हैं और उन्होंने आनन-फानन में अपनी राजनीतिक वफादारियां बदली हैं। आठ बार उन्होंने अपने राजनीतिक पाले को बदला है। 1991 में पहला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर, दूसरा 2014 में जनता दल यू के टिकट पर तीसरा 2019 में महागठबंधन की तरफ से लड़ा और तीनों ही हारे।

बिहार का रणक्षेत्र

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

धनबाद से खुलने वाली ट्रेन के एसी कोचों के लिनन की मशीनीकृत धुलाई के साथ–साथ धनबाद कोचिंग डिपो से धनबाद स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों तक पहुँचने तथा लाने एवं ट्रेनों में लिनन को चढ़ाने व उतारने एवं धनबाद के ट्रेनों के एसी कोचों के पर्दों की धुलाई का ठेका।

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।

(i) निविदा संख्या एवं दिनांक : GEM/2024/B/4775962 दिनांक 10/04/2024, **(ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद से खुलने वाली ट्रेन के एसी कोचों के लिनन की मशीनीकृत धुलाई के साथ–साथ धनबाद कोचिंग डिपो से धनबाद स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों तक पहुँचने तथा लाने एवं ट्रेनों में लिनन को चढ़ाने व उतारने एवं धनबाद के ट्रेनों के एसी कोचों के पर्दों की धुलाई का 02 (दो) वर्ष का ठेका। कार्य समापन अवधि – 2 वर्ष **(iii) कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 8,41,35,588.96 (आठ करोड़ इकतालीस लाख पैतीस हजार पांच सौ अठासी रुपये एवं छियानवे पैसे) मात्र। **(iv) बयाना राशि :** रु. 5,70,700.00 (पांच लाख सत्तर हजार सात सौ रुपये) मात्र। **(v) ई–निविदा बंद हाने की तारीख एवं समय :** तारीख 01/05/2024 को 16:00 बजे, **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 01/05/2024 को 16:30 बजे, **(v) वेबसाईट विवरण : https://www.gem.gov.in** ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/00068/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24–25/48

हजारीबाग-कोडरमा में चारों तरफ ईद और सरहुल का हर्षोल्लास

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान बच्चे, बड़े और बुजुर्ग नये और साफ कपड़े पहन, खुश्बू सुरमा लगा कर इदगाह और मस्जिद में जाकर नमाज ए ईद अदा की। बच्चे नये कपड़े पहन काफी खुश नजर आये। जिला मुख्यालय स्थित जलवाबाद इदगाह में मौलाना शहादत हुसैन, असनाबाद मस्जिद में हाफिज सरफराज आलम, बेलाल मस्जिद में हाफिज सफीक, भादोडीह में हाफिज मंजर आदि ने ईद की नमाज सामूहिक रूप से अदा करायी। इस दौरान जलवाबाद ईदगाह में मौलाना शहादत हुसैन ने कहा ईद अल्लाह का रमजान के रोजे के बाद एक तोफा है। मौलाना शहादत हुसैन ने कहा कि शिक्षा को आगे बढ़ाबे की जरूरत है। तत्पश्चात लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी और ईदगाह से निकल कर लोग एक दूसरे के घरों में जाकर मीठी संवैया खायी और ईद की मुबारकबाद दिये। ईद के मौके पर जलवाबाद ईदगाह में कारी खैरुलवारा, हाफिज मोख्तार, हाजी आफताब, हाजी प्रवेज, मो कासिम उद्दीन, आइएएस मो जावेद हुसैन, मो तबरेज, मौलाना महबूब, अख्तर हुसैन, हाजी साजिद हुसैन, हाजी हकीम, मनान खान, हाजी फारूक, राजू खान, हुदा खान, दर्जिचक में मो बदरुद्दीन, मो जावेद, महताब आदि, असनाबाद में हाजी गुलाम जिलानी, मो सफीक, मो शाहिद, समीर, मो जावेद, अजीम आदि सहित हजारों की संख्या में मुस्लिम नमाज में शामिल हुए।

एक दूसरे से गले मिल कहा ईद मुबारक

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को अकीदतमंदों ने काफी हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया। ईद की खुशियां मनाने में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ दूसरे समुदाय के लोग भी शरीक हुए। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। चौक-चौराहों, ईदगाहों, मस्जिदों व घरों में लोगों को एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते देखा गया। इससे पहले ईद की सुबह मंगलवार को प्रखंड के झरपो डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, मायापूर, खेरिका, केसड़ा, घुघुलियां आदि सभी ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गयी। मौके पर मो मुख्तार, मुस्लिम मियां, सकुर मियां, मो एकतर्र, कलीम अंसारी मो आकुब अली, तैयब मियां, मनीर उद्दीन रफुद्दिन अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, मो. तैयब अली, तौफीक आलम, मो. समीम, साहिर अंसारी, अनवर अंसारी, साहबान अंसारी मन्नाउवर, फारूख, मिन्हाज, तस्लीम, रिजवान अंसारी, दाऊद अंसारी, गुलजार अंसारी, मो. राजा, सहित कई लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद

चरही। देश भर में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। हजारीबाग जिले में सहित चुरचू प्रखंड में भी ईद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी। ईदगाह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे, देश की खुशहाली की दुआ मांगी गयी। माहे पाक रमजान महीना के 30 रोजे रखने के बाद गुरुवार को ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गयी। वहीं चुरचू, तसनालो, बोदरा, चिचकला, चरही, इंदरा, जरबा, दासोखाप, बसाडीह, हेंदगढा, कजरी, करिमगंज, सोना टोला, पिपरा, तापीन, प्रेम नगर सहित विभिन्न जगहों पर 8 से 9 बजे के दौरान नमाज आदा की गयी। ईद की नमाज को लेकर ईदगाह पर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये। चप्पे-चप्पे पर जवान और पुलिसकर्मी तैनात रही। वहीं चरही थाना, चुरचू थाना और आंगो थाना प्रभारी घूम घूम कर अपने इलाके के सभी ईदगाहों में नजर रखी। लोगों से मिलकर ईद की बधाई दी।

धूमधाम से मनाया गया सरहुल

कोडरमा। झारखंड का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार सरहुल गुरुवार को भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मारियमपुर में आदिवासी संघ के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर की अध्यक्षता में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले सभी अतिथियों का स्वागत आदिवासी परंपरा के अनुसार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माइकल कुजूर ने कहा कि सरहुल का त्योहार प्रकृति के उपासना के प्रतीक है। हमें जल जंगल और प्रकृति को बचाने के लिए आगे आना होगा तभी मानव जीवन संरक्षित हो पायेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से तरक्की कर रही है, लेकिन अफसोस कि बात है कि आज भी आदिवासी समाज मुख्यधारा से कटा हुआ है। सरहुल महोत्सव में तिलैया बस्ती, झरना कुंड, नलवा, ढोढाकोला, अबनतरी, बेंदी, भीतिया आदि सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आये आदिवासी समाज के युवक युवतियों ने पारंपरिक परिधान धारण कर मांदर की थाप पर जमकर आकर्षक नृत्य किया। इसके पूर्व सरना स्थल पर पाहन के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गयी। मौके पर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, कृष्णा बलमुचू, हिरामन उरांव, नंदू उरांव, प्रमोद किंडो, जीवन टोप्पो, दीपक मुंडा, राजीव, रूपेश मुना, फ्रांसिस समेत दूर दराज से आये आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

कोडरमा

केरेडारी

बड़कागांव

कोडरमा

हजारीबाग

बरकट्ठा

चरही

जेपी पटेल ने दी ईद की बधाई

हजारीबाग। प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ बृहस्पतिवार को पूरे देश भर में ईद -उल- फितर का त्योहार हर्षोल्लाह से मनाया गया। इस अवसर पर हजारीबाग में भी प्रेम और भाईचारे का संदेश के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने भी क्षेत्र वासियों को ईद उल फितर की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, अशोक देव, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, नगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद, कांग्रेसी नेता आरिफ अंसारी, गिरजा शंकर, अनिल राय, संतोष कुमार, दिलिप रवि, शकील बिहारी, इरफान अहमद काजू, डॉ भैया असीम कुमार, समाजसेवी बाबर कुरैशी, गुड्डू सिंह आदि शामिल थे।

अमन-चैन और शांति के लिए मांगी दुआएं

बरकट्ठा। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा में इमाम मौलाना अताउल रहमान ने सुबह 8:45 बजे ईद की नमाज अदा करायी। जिसमें बरकट्ठा के अलावे आस पास के इलाकों से बड़ी संख्या में नमाजी शामिल हुए। पर्व के मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, पूर्व जिप सदस्य दयमंती देवी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, दर्शन सोनी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी है। बरकट्ठा के अलावा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, मेरमगड्डा, कोनहराखुर्द, शिलाड़ीह, बरवां, जमुआ, बेडोखुर्द, बसरामो, कोनहराकला, बेड़ोकला गांव में भी लोगों ने ईद उल फितर की नमाज गुरूवार को मस्जिदों में पढ़ी गयी।

प्रकृति पर्व धूमधाम से मनाया गया

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत लाल मैदान में आदिवासियों का प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु लाल मैदान में उपस्थित होकर एक दूसरे को पर्व की बधाई देते नजर आये। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव राजाराम मांझी, झारखंड आंदोलनकारी महेश मांझी, सुखदेव हांसदा, शिवराम मांझी, बिरजू हांसदा, रामू काका टुडू, अर्जुन बस्के, गणेश मुर्मू, राजू मुरमू, किशोर मरांडी, बाबूराम मुर्मू, संजय मुर्मू, शिबू मुर्मू, महादेव मुर्मू के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

केरेडारी में भाईचारे से मनाया गया ईद

केरेडारी। आपसी भाईचारे व सद्भावना का पर्व ईद उल फितर गुरुवार को समूचे प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अलग अलग मस्जिदों में रोजेदारों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गयी। मौके पर केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल और थाना प्रभारी अजित कुमार भी क्षेत्र का दौरा कर लोगों से मिलजुल रहे थे साथ ही शांति व्यवस्था का जायज भी लेते रहे। बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने भी प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांवों में जाकर लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद व शुभकामना भी दी।

ईद उल फितर धूमधाम से मना

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में ईद-उल-फितर पर्व श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। खुदा की इबादत के लिए सजदे में झुके हजारों सिर, ईदगाह-मस्जिद में नमाज अदा की गयी। अल्ला ताला से बड़कागांव के लिए बरकत और अमन चैन की की दुआ मांगी। नमाज अता के दौरान विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा, बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद पर्व की बधाई दी। मस्जिदों में की गई नमाज अदा और सदका, फितरा, जकात जमा करायी, वहीं गरीबों को दान दिया। इसके बाद विभिन्न गांव के लोग बड़कागांव स्थित हजरत दाता कुनकुनि शाह के मजार में चादर पोसी की गयी। यहां मोहम्मद गुलाम नबी द्वारा फतिया की गयी। बड़कागांव में शांति स्थापित करने में विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी, बादम की मुखिया सुनीता देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, सिरमा की मुखिया इशरत जहां, पूर्व मुखिया दीपक दास, नयाटांड़ के मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, मुखिया पारसनाथ महतो, महुगाई खुर्द के मुखिया प्रतिनिधि बिगल चौधरी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ने अहम भूमिका निभाई।

एक दूसरे दी गयी मुबारक बाद

विष्णुगढ़। रमजान के पवित्र महीना पूरा होने के पश्चात ईद उल फितर का त्यौहार प्रखंड के विभिन्न पंचायत में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा गुरुवार को हर्ष उल्लास के साथ ईदगाह में या कहीं मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा की गयी। मौके पर जनरल सदर खलील अंसारी, सेक्रेटरी अब्दुल सकुर अंसारी, दिलेर आजाद,मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी, कमरुल अंसारी, भावी सांसद प्रत्यासी शाहनवाज अंसारी, बीस सूत्री सदस्य अब्बास अंसारी,पंचायत समिति सदस्य अबरार अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, महमूद अंसारी, जमीर अंसारी, हफिज अंसारी, तनवीर अंसारी, नफीस अंसारी, अयान रजा, शोएब रजा, इकराम अंसारी, आलम अंसारी, इकबाल अहमद के अलावे हजारों के संख्या में नमाज अदा की।

श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तीनतारा में श्री श्री 1008 पांच दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा सह- हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर महिलाओं, कन्याओं ने 11 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का उद्घाटन महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महायज्ञ को लेकर भव्य पंडाल, यज्ञशाला का कार्य पूर्ण कर सभी ग्रामीणों के सहयोग से इस महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में लगभग 301 महिलायें कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुई, कलश यात्रा में गाजे बाजे के साथ जय श्री राम, जय माता दी, जय भोलेनाथ, जय कारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान था। आचार्य पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा एक मंडप से कलश उठाकर गोसाई टोला, लोकाई भ्रमण करते हुए उत्तर वाहिनी बढ़कर नदी पहुंची। जहां पूजा आचरण कर कलश में जल भरवारा गया। कलश यात्रा पुनः विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचकर समाप्त हुआ। मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विनोद सिंह, बालेश्वर साव, अशोक साव, शशि साव, दीपक सिंह, किरण सिंह, किरण मंडल, चमन साव, पिंटू सिंह, बिन सिंह, बीन साव, महावीर साव धीरज मंडल, बलदेव साव, छोटू सिंह, राजेश सिंह, विशाल कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, विनोद राम उर्फ मुन्ना राम, मनोज कुमार झुन्नु और अन्य लोग उपस्थित थे।

पेयजल व्यवस्था को लेकर बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य पेंशनर समाज कोडरमा की मासिक बैठक समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें कई सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा गया कि झारखंड सरकार द्वारा राज्य के कर्मियों सहित पेंशन भोगियों के लिए जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई राहत की अभिवृद्धि की गयी है, भुगतान करने वाले बैंकों से मांग की गयी कि अविलम्ब महंगाई राहत का भुगतान पेंशन भोगियों के लिए किया जाये। उपायुक्त कोडरमा ने पेंशन समाज कार्यालय कार्य के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था का आश्वासन दिया था। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सुभाष शर्मा, यदुनंदन प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, नरेश झा, मथुरा प्रसाद चौधरी, मदन मोहन ओझा, सीता प्रसाद, उर्मिला देवी, चंद्रिका प्रसाद, राम नरेश चौधरी और उमाशंकर प्रसाद मौजूद थे।

ड्राइवर के साथ मारपीट, तीन गिरफ्तार

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। ब्लॉक मोड़ के पास विजय बस ड्राइवर रोहन कुमार पिता स्वर्गीय लाल धन महतो नटराज नगर बड़का गांव ने त्रिवेणी सैनिक माइनिंग के वर्करो को लेकर ढ़ेगा आर एंड आर कॉलोनी जा रहा था। इसी बीच मोहम्मद इलियास पिता इमरान खान, मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद अत्ताउल्लाह, राजा ऊर्फ मो आलिफ पिता मोहम्मद आलम ने मिलकर ड्राइवर के साथ मारपीट करते हुए रंगदारी मांग रहा था मारपीट के दौरान पैकेट से पर्श छीन लिया जिसमें आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंसपैन कार्ड व 4000 नगद छीन लिया इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली तो एक व्यक्ति मोहम्मद इलियास को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

आदिवासी सेंगेल अभियान ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन

आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड को मान्यता दें

आजाद सिपाही संवाददाता

विष्णुगढ़। आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा सेंगेल जिला अध्यक्ष सह हजारीबाग जोनल हेड बहराम हांसदा के नेतृत्व में बुधवार को हजारीबाग जिला उपायुक्त के माध्यम से आदिवासियों को सरना धर्म कोड मान्यता प्रदान करने के संबंध में राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंपा गया। आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भारत के सात प्रदेशों (झारखंड, बिहार, बंगाल असम, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश एवं त्रिपुरा) के जिन जिलों में सेंगेल अभियान संगठन है उन सभी जिलों के उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम मांग पत्र सौंपा गया। इसी संदर्भ में हजारीबाग जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र के माध्यम से तीन संविधान सम्मत मांगें रखी गयी हैं जिनमें पहली मांग- प्रकृति पूजक आदिवासियों को अविलम्ब सरना धर्म कोड प्रदान किया जाये। 2011 की जनगणना (सरना 50 लाख बनाम जैन 44 लाख) के आलोक में हमें संविधानसम्मत धार्मिक आजादी प्रदान की जाये। चूंकि हम हिंदू , मुसलमान, ईसाई आदि नहीं हैं। हमारा जबरन धर्मांतरण बंद किया जाये। दूसरी मांग-भारत के सभी आदिवासी गांव-समाज में संविधान, कानून, मानव अधिकार और जनतंत्र लागू किया जाये। जो अभी तक लागू नहीं है और तीसरी मांग आदिवासी गांव-समाज में वंशानुगत नियुक्त अधिकांश अनपढ़, पियक्कड़, नासमझ आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के माझी- परगना आदि के अन्याय, अत्याचार, शोषण से हमें मुक्ति दिया जाये। जो आये दिन किसी को भी मनमानी जुर्माना लगाने, सामाजिक बहिष्कार करने और डायन करार करने का फतवा जारी करते हैं। नशापान, अंधविश्वास, महिला विरोधी मानसिकता आदि को रोकने की जगह बढ़ावा देते हैं। इस दौरान सेंगेल अभियान जोनल हेड आनंद टुडू, सेंगेल सरना धर्म माड़वा अध्यक्ष हजारीबाग बहराम मरांडी आदि लोग उपस्थित थे।

भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ

501 महिलाएं ने लिया कलश, बिष्णुगढ़ के जमुनिया नदी से उठाया जल

आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के डुमर पंचायत के बेडम गांव में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह छः बजे बेडम से निकला कलश यात्रा बिष्णुगढ़ के जमुनिया नदी पहुंचा जहां वैदिक मंत्रोचार्य के साथ कलश में जल भरा गया। भक्तों ने 15 किलोमीटर दुरी तय कर जमुनिया नदी पहुंचा। पुरे क्षेत्र जय श्री राम के नारों के साथ गुंज उठा। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया ममता कुमारी ने फीता काट कर किया। यज्ञ 11 अप्रैल जल यात्रा से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल को भंडारा के साथ समाप्त होगा। प्रमुख ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र भक्तिमय होता है वातावरण शुद्ध होता है लोगों को यज्ञ में शामिल होना चाहिए ताकि मन को शांति मिले। लोगों ने बेडम से लेकर जमुनिया नदी तक जय श्री राम के नारा लगाते रहा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, राजु यादव, कृपाशंकर पांडेय, मुकेश मंडल, अशोक प्रसाद, पंकज मंडल, मुकेश साव, चंदन ठाकुर, सुजीत रजक समेत अन्य शामिल हुआ। कलश यात्रा को सफल बनाने में कमिटि के अध्यक्ष रोहित प्रसाद, भोला शर्मा, उपाध्यक्ष जीवाधन प्रसाद, प्रभु मंडल, सचिव धानेश्वर महतो, महादेव मिस्त्री, उपसचिव टहल महतो, नारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष बब्लु प्रसाद, संदीप गंझू, उपकोषाध्यक्ष विरेंद्र गंझु, संदीप कुमार, विरेंद्र प्रसाद, नारायण महतो, युगल प्रसाद समेत रामभक्त हुए शामिल।

सांढ़-छपेरवा में तीसरे दिन नौ दिवसीय यज्ञ स्थल में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सांढ़-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत और बाबा विश्वकर्मा भगवान की यज्ञ स्थल में कथावाचक मानस मंजरी वीणा मिश्रा के प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भिंड उमड़ी। साथ ही साथ यज्ञ मंडप के परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं भिंड काफी देखने को मिला। इस दौरान कथावाचक मानस मंजरी वीणा मिश्रा ने कहा भगवान का भजन ही जीवन का आधार है। राम नाम की महिमा के बारे में भी उन्होंने विशेष प्रकाश डाला। वही यज्ञ चार्य जय नंद मिश्रा, आचार्य पंडित ऋषि राज वेद व्यास मिश्र, आचार्य शिव राम पांडेय, आचार्य राधिका पांडेय, पंडित आदर्श शास्त्री, पंडित विश्वेश्वर पांडेय, पंडित रूपम आचार्य, आचार्य अभिषेक पांडेय, पंडित मंटू आचार्य, आचार्य अर्जुन पांडेय, पंडित सुशील पांडेय सहित अन्य लोगों ने गांव क्षेत्र में सुखी शांति धन-धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्र उच्चारण कर क्षेत्र का वातावरण भक्ति में किया।

इचाक में मनायी गयी ज्योतिबा फुले जयंती

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के इंडिया गठबंधन कार्यालय में ज्योतिबा फुले जयंती मनाया गया। अध्यक्षता रजद के अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न राम ने किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से कांग्रेस, राजद, झामुमो, भाकपा माले के पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जयंती समारोह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिगंबर कुमार मेहता ने कहा की ज्योतिबा फुले उस समय शिक्षा का अलख जगाये जिस समय सत्ता दमनकारी शक्तियों के हाथों में था। इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव उन्ही विचारधाराओं को आगे बढ़ाने एवं समाप्त करने का लड़ाई है। भाजपा इस विचारधारा को समाप्त करना चाहती है। इंडिया गठबंधन इस विचारधारा को आगे बढ़ना चाहती है। इसका उदाहरण है कि महागठबंधन के बड़े पार्टी कांग्रेस पार्टी पूरे देश के पैमाने पर ओबीसी प्रकोष्ठ के द्वारा ज्योतिबा फुले का जयंती मनाया गया। प्रोफेसर सी पी दांगी ने कहां कि समाज धार्मिक भावनाओं के चंगुल में फंसा हुआ है। बी एन सिंह ने कहा कि चुनाव की लड़ाई मोदी, अडानी एवं अंबानी बनाम किसान, मजदूर, बेरोजगारों के बीच है। मौलाना मुख्तार ने कहा कि देश अडानी और अंबानी के हाथों में बिकने से बचाना है। समारोह में प्रस्ताव लाया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न से नवाजा जाए, जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा प्रदेश उपाध्यक्ष शिव सिंह, ओबीसी के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, उदय केसरी, महावीर मेहता, रोहित मेहता, मनोज मेहता, बसंत नारायण मेहता, भुवनेश्वर बेदिया, लोकनाथ प्रसाद मेहता, कृष्ण सिंह, लाल मोहन रविदास, मुबारक अंसारी, सुरेश सिंह, मुन्ना मलिक उपस्थित थे।

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	34.7 °c	18.9 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.08 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.31 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in

रामगढ़-चतरा में रही ईद और सरहुल की धूम

सरहुल पूजा हमें अपने प्रकृति से जोड़े रखता है : जेपी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ में सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। सरहुल पूजा में बतौर मुख्य अतिथि इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का आयोजन कमिटी के द्वारा विधिवत सखुवा फूल दे कर स्वगत किया गया । मुख्य अतिथि जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सरहुल पूजा हमें अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़े रखता है। वही विशिष्ट अतिथि बजरंग महतो ने कहा कि जल जंगल और जमीन हमारी आत्मा है और इसके बिना मनुष्य जीवन या अन्य जीव सुरक्षित जीवन की कल्पना करना मुमकिन नहीं है। विशिष्ट अतिथि बजरंग महतो ने सरहुल पूजा पर नगाड़ा बजाकर पारंपरिक सरहुल की धुन पर खूब झूमे। मौके पर अनिल मुंडा, पुर्व जिलाध्यक्ष आदिवाशी मोर्चा, गगन विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष आदिवासी मोर्चा, बलराम साहू नगर अध्यक्ष, राजन करमाली, जे के अग्रवाल, रूपेंद्र महतो, गौरी शंकर महतो, शिबू गंझू, प्रकाश मुंडा, प्रदीप मुंडा, उमेश मुंडा, शियातो मुंडा, उपेंद्र मुंडा, कृष्णा गांझू, किशोर गझू, सुरेश मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

ईदगाहों में पढ़ी गयी ईद की नमाज

रजरप्पा। रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में रमजान महीना के अवसर पर हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की नमाज के पश्चात एक दूसरे से गले मिले और मुबारकबाद भी दिया, चितरपुर के ईदगाह मैदान में हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद की नमाज पढ़ी गयी, ईद-उल- फितर की नमाज रजरप्पा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के ईदगाहों और मस्जिदों में रमजान के पाक महीना पर नमाज अदाकार सलामती की दुआ मांगी। रोजेदारों ने अमन चैन शांति और तरक्की के लिए नमाज अदा कर ईद मिलन कर एक दूसरे को मुबारकबाद दिया, रजरप्पा कोयलाचल क्षेत्र के कुंदरुकला, बड़की पोना, माइल, मार्गमर्चा, भूचूंगडीह, लारी कला, कोठार, जमीरा, सोसो, सिकनी, प्रियतू ढूंठवा, रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी होन्हे, सहित क्षेत्र के दर्जनों पंचायत गांव में ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा दुआएं मांगी गयी इस अवसर पर रमजान के पवित्र माह में पूरे क्षेत्र में शांति बनी रही और एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए शांति का पैगाम दिया गया।

गले मिलकर दी गयी पर्व की बधाई

भुरकुंडा। भुरकुंडा कोयलांचल बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को ईद पर्व पूरे धुमधाम से मनाया गया। पर्व को ले क्षेत्र के मस्जिद और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकिदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी। इस दौरान लोगो ने अल्लाह से अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, सुख-समृद्धि और अमन-चैन की दुआएं भी मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सेवईयां और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कहा गया कि ईद आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साईड, सौंदा डी, सेन्ट्रल सौंदा, सीसीएल सौंदा, भदानीनगर के महुआ टोला, चिकोर, लपंगा, सुदी, चैनगड्डा और बासल क्षेत्र के ईदगाहों सहित अन्य जगहों के मस्जिद और ईदगाहों में मौलाना और ईमाम द्वारा नमाज अदा करायी गयी। ईद को लेकर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक और बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से डटे रहें।

रामगढ़

भुरकुंडा

चतरा

कुजू

रजरप्पा

मांडू

मांडू में भाईचारे के बीच मनायी ईद

मांडू। मांडू और इसके आस पास के क्षेत्रो में ईद उल फितर का पर्व गुरुवार को शांति, सौहार्द्रपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मांडू जामा मस्जिद में ईद का नमाज सुबह 8:30 बजे अदा की गयी। और अमन चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर पर्व की बधाई दी। त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

कुजू में धूमधाम से हुई सरहुल पूजा

कुजू। सरना स्थल शिबू टोला मुरपा(कुजू) में सरना समिति, कोयलांचल कुजू के तत्वावधान में सरहुल पूजा महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पाहन द्वारा विधिवत पूजार्चना की गयी। वही, क्षेत्र के कई जगहों से आये विशाल जुलूस में सरना समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते दिखे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू जीएम आरके सिन्हा, विशिष्ट अतिथि सारूबेडा पीओ एसके सिंह, आरा पीओ पार्थो शंकर देव, करमा पीओ पवन कुमार, मुखिया राकेश कुमार, ललिता देवी, रोजे करमाली, वीणा देवी, संजय प्रसाद, पंसस रेखा देवी शामिल रहे। इधर, आयोजक मंडली द्वारा सभी आगंतुकों को पौधा और अंगवस्त्र भेंट की। इस अवसर पर जोधन किस्कू, संजय मुंडा, रामसिंह मरांडी, संजय रजवार, मिहिरचन्द मुंडा, नीरज मुंडा, रामरतन मुंडा, नरेश मुंडा, महादेव मांझी, रामलाल मांझी समेत काफी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया ईद पर्व

कुजू। कोयलांचल कुजू व आस-पास के क्षेत्रों में गुरुवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने धूमधाम और हर्षोल्लासपूर्वक ईद पर्व मनाया। क्षेत्र के जामा मस्जिद कुजू, आजाद बस्ती, कुजू कोलियरी, तोपा, पिंडरा, डुमरबेड़ा, आरा-सरूबेड़ा, करमा, दिगवार, सांडी, बोंगाबार आदि क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निर्धारित समय पर नमाज अता किया। इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दिया। बाद में सेवई लच्छा का लुफ्त उठाया।

ईद और सरहुल धूमधाम से मना

चतरा। जिले में ईद एवं सरहुल त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर झारखंड के श्रम कौशल और विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिला मुख्यालय के ईदगाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों को गले लगाकर ईद की बधाई दिया। इसके अलावा शहर में सरहुल का त्यौहार भी धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय के पकरिया स्थित सरना स्थल में पाहनों ने अपने पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया। यह शोभायात्रा सरना स्थल से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः सरना स्थल पहुंचकर समाप्त की गयी। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित सभी आदिवासी समुदाय के लोगों को सरहुल त्यौहार की शुभकामनाएं दी और स्वयं ढोल नगाड़े बजाकर पारंपरिक लोक नृत्य में सभी लोगों के साथ खुशियां मनायी।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष संतानपक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

वृष कानूनी उलझनों से छुटकारा,रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से मुक्ति मिलेगी।

मिथुन कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

कर्क कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

सिंह जमीन-मकान, आवास,वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होगी।

कन्या राजनीतिक लाभ,अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

तुला धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

वृश्चिक जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेगी,चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा।

धनु सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे,गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

मकर व्यावसायिक स्थिति में निरन्तर मजबूती बढेगी,शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

कुंभ प्रेम प्रसंग में सफलता,विरोधियों पर विजय,पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मीन परिस्थिति में सुधार,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ,शुभ समाचार मिलेगा।

सुख समृद्धि का पर्व है सरहुल

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के पंचायत गोढ़ाय के ग्राम पावो में सरना स्थल पर प्राकृतिक पर्व सरहुल के अवसर पर पाहन श्री फागू मुंडा जी के द्वारा सरना स्थल पर पूजा अर्चना कर सरहुल उत्सव का आयोजन किया गया। प्राकृतिक पर्व के पुजा में मुख्य अतिथि के रूप अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष दिनेश्वर भारती, भाजपा के धीरज सिन्हा, सुनिल सनेही, शत्रुधन ठाकुर, प्रदुमन मुंडा, बाबूलाल मुंडा, शिवचरण करमाली, शिबू मुंडा, फागो मुंडा, रमेश महतो, संजय महतो, जितेंद्र मुंडा, हरसू मुंडा, परमेश्वर मुंडा, उत्तम कुमार मुंडा, गणेश मुंडा, परमेश्वर मुंडा, बब्लू मुंडा अशोक बिरहोर समेत अन्य शामिल हुए।

सरहुल की शोभा यात्रा निकली

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत में गुरुवार को सरहुल पर्व के अवसर शोभायात्रा निकाला गया। सरहुल शोभायात्रा निकालने के पूर्व गांव के पाहन के द्वारा पूजा अर्चना की गयी और प्राकृतिक की सुरक्षा और पेड़ों के बचाव का संकल्प लिया गया। जुलूस जयनगर देवी मंडप स्थल से शुरू होकर शोभायात्रा में पारंपरिक गीतों की धुन पर आदिवासी समुदाय के लोग ने झूमर नृत्य का प्रदर्शन करते हुए रेलवे गेट सरना स्थल पहुंचे। जहां पहान के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। शोभा यात्रा में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, वीर मोहन मुंडा, विजेंद्र मुंडा, दशरथ ठाकुर, राजकुमार पांडे, धनेश्वर ठाकुर सहित गांव के कई गणमान्य महिला पुरुष शामिल थे।

ससुराल वालों ने विवाहिता को उसके तीन बच्चों के साथ घर से निकाला

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जबड़ा गांव में एक विवाहिता को उसके तीन छोटे बच्चों के साथ घर से निकाल दिया गया। इस संबंध में पीड़िता रांती देवी ने अपने पति प्रदीप यादव और सास पचिया देवी सहित अपने पति के रिश्तेदारों के विरुद्ध हंटरगंज थाने में आवेदन दी है। रांती देवी ने बताया कि उसके पति उसे काली और नाटी कहकर अपने साथ रहने से इनकार कर दिया है। रांती देवी ने बताया कि उसके पति के कहने पर उसकी सास ने उसे उसके बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। जब रांति देवी के पिता और भाई मामले को सुलझाने पहुंचे तो वहां उनकी पिटाई कर दी गयी। इसके बाद विवाहिता अपने पिता और भाई के साथ अपने मायके चली आयी। रांती देवी का पति सिरसा में रहता है। जहां से अपनी मां को फोन कर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करवाने का काम करता है। महिला फिलहाल अपने मायके में शरण ली हुई है। पुलिस से इंसाफ की गुहार लगायी है।

वृद्ध महिला का शव कुआं से बरामद

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस ने प्रखंड के बहेरी गांव के एक कुएं से गुरुवार को एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया है। बरामद शव की पहचान बहेरी गांव के स्वर्गीय बाला भुईया की पत्नी 60 वर्षीय बतसिया देवी के रूप में की गयी। इस संबंध में बताया गया कि वृद्ध महिला छह सात माह पूर्व घर से बिना बताये निकल गयी थी। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। मवेशी चराने गये लोगों ने कुआं में पानी देखने गये थे। इसी दौरान सूखे कुआं में शव को देखा और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दिया। जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दिया गया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की उपस्थिति में कुएं के शव को कुआं से बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान गांव से लापता वृद्ध बतसिया देवी के रूप में की गयी।

हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

1151 कलश यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने लिया भाग, जय श्री राम से गुंजायमान हुआ शहर

महायज्ञ से सभी मनोकामना होती है पूर्णः चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के गोरियारीबागी स्थित प्राचीन रत्नेश्वर शिव मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में प्रभु श्री हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ आरंभ हो गयी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर कर शहर के विभिन्न मुख्य मार्ग होते हुए दामोदर नदी पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोचार के साथ यज्ञाचार्य गोस्वामी राम शरण गिरी की देख रेख में जल भरवाया गया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश की स्थापना की गयी। वही, कलश यात्रा के दौराम महिला श्रद्धालुओं में गजब की उत्साह देखी गयी। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर जय श्री राम के नाम से गुंजायमान होता रहा। कलश यात्रा में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए। मौके पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि महायज्ञ से सभी मनोकामना पूर्ण होती है साथ ही क्षेत्र में खुशहाली आती है। वही, मनीष जायसवाल ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर श्रद्धालुओं का आशीर्वाद मिला है यह यज्ञ सिर्फ हमारे पर्यावरण को ही शुद्ध नहीं करेगा बल्कि समाज शुद्ध का भी कार्य करेगा।

कलश यात्रा के ये थे मुख्य यजमानः कलश यात्रा में मुख्य अजमान के रूप में मुकेश कुशवाहा सपत्नीक हेमंती देवी, विनोद कुशवाहा सपत्नीक राधा देवी, राजेंद्र कुशवाहा सपत्नीक पूर्णिमा देवी, दशरथ महतो सपत्नीक सुमित्रा देवी, अजय महतो सपत्नीक गीता देवी, राजेश कुशवाहा सपत्नीक ममता देवी, होरिल कुशवाहा सपत्नीक बबिता देवी शामिल हुए।

कलश और चुनरी का योगदान रामकिशोर मेहता ने कियाः कलश यात्रा को लेकर कलश और चुनरी का योगदान रामकिशोर मेहता के सहयोग से किया गया। जबकि, कलश यात्रियों के लिए प्रसाद वितरण भूपत वडेरा, सतीश सोनी, अजय गुप्ता के द्वारा किया गया। हलवा का भोग डॉ जितेंद्र कुमार गुप्ता और संध्या आरती के पश्चात खीर भोग का वितरण दशरथ महतो के सहयोग से किया गया। वही, श्रद्धालुओं के लिए गाना का जूस संजय कश्यप के द्वारा किया गया।

कलश यात्रा में ये थे शामिलः कलश यात्रा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, सचिव रविकांत कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शीतल कुमार, उपाध्यक्ष रामनंदन कुशवाहा, सह सचिव हीरालाल कुशवाहा, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद कुशवाहा,नबिनोद कुशवाहा, सुरेंद्र दांगी, संजय कश्यप, अभिमन्यु कुशवाहा, रामनंदन कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, असीम कुशवाहा, हीरालाल, प्रमोद कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, अभिनंदन, सुनील, दशरथ महतो, नकुल महतो, राम अवतार महतो, सुजल कुमार, आशीष कुमार, ऋषि कुमार, आर्यन राज, नरेश साहू, कैलाश कुमार, बिरजू कुमार, महिला पूर्णिमा देवी, हेमा देवी, राधा देवी, अनीता देवी, श्रुति देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, सुलोचना देवी, बबिता देवी, लीलावती देवी, बदनी देवी, साबो देवी, केसरी देवी, राधिका देवी, प्रेमलता देवी सहित कई शामिल थे।

यज्ञ के पहले दिन हुए ये कार्यक्रम

कलश यात्रा के साथ हुए पांच दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन यज्ञाचार्य गोस्वामी राम शरण गिरी ने विधिवत रूप से पंचांग पूजन, प्रायश्चित, ब्रह्मणवरण जल यात्रा, मंडप प्रवेश, प्रधान कलश स्थापना, परिक्रमा प्रारंभ, आरती और प्रसाद वितरण के साथ की गई। वही, शुक्रवार को मंडप पूजन, वेदी पूजन, जलाधिवास, आरती, प्रसाद वितरण एवं रात्रि में 8 बजे से प्रवचन किया जाएगा। वही, यज्ञ में अयोध्या के प्रवचनकर्ता आनंद स्वामी के द्वारा प्रवचन दिया जायेगा।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर

घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पटना से मां छिनमस्तिका का दर्शन करने जा रहे एसयूवी 300 वाहन में 4 लोगों को यह अंदेशा भी नहीं था कि रास्ते में उन्हें काल घेर लेगा। वे लोग मां के दर्शन करने को लेकर हंसी-खुशी निकले लेकिन रामगढ़ पहुंचते ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। जानकारी के अनुसार पटना सिटी से निकले एसयूवी 300 संख्या बीआर 01ईभी 1294 का छत्तरमांडू स्थित कोर्ट गेट के पास सड़क किनारे खड़ी कोयला लदा ट्रक संख्या जेएच 01एएन 6819 को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए जा घुसी। इस घटना में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि अन्य तीन लोगों में से 2 गंभीर रूप से घायल हो गये।

ट्रक में घुसी एसयूवी 300 को घंटे में मशक्कत के बाद निकाला गयाः घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां सभी घायलों का सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। वही, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे एक व्यक्ति को घंटा मशक्कत के बाद हाइड्रा के माध्यम से निकाला गया। मृतक की पहचान पटना सिटी रानीपुर मिल्की चक निवासी सुजीत कुमार मेहता के रूप में कई गयी। जबकि, गंभीर रूप से घायल 34 वर्षीय सोनू कुमार पिता दिलीप चौधरी, 25 वर्षीय जितेंद्र कुमार पिता जयराम महतो और 32 वर्षीय सोनू कुमार शामिल है।

भुरकुंडा में महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा पर उमड़ी भीड़

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के तीसरे दिन गुरूवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालु महिला-पुरूष और बच्चों ने घंटो यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान अशोक तिवारी, बिनोद दूबे और गोपाल करमाली सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि साढ़े बजे से उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निवार्णी दुबे जी द्वारा प्रवचन किया गया। जिसमें देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। महायज्ञ को सफल बनाने में संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार, विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, विजय, शंकर, विक्की आदि जुटे हैं।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के हूप्पू पंचायत अंतर्गत खोखा गांव में गुरुवार को श्री श्री प्राचीन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकली। जिसमे 1001 श्रद्धालू शामिल हुए। यह यात्रा गांव से निकलकर भैरवी नदी बाभन दरहा नदी पहुंची। यहां के पवित्र जल से श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसके बाद गांव के पुरोहित ने मंत्रोच्चार से विधि विधान से सभी को पूजा अर्चना करवाया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। इस तरह के कार्यक्रम से मन को शांति मिलती है। लोगों को धर्म के प्रति जुड़ाव भी होता है। समिति के लोगों ने बताया कि पांच दिवसीय श्री श्री प्राचीन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई कार्यक्रम आयोजित है। मौके पर पूर्व मुखिया आनंद कुमार महतो उपमुखिया किशोर महतो, अध्यक्ष आनंद महतो, सचिन, शिवचरण महतो, कार्तिक महतो, नन्हू राम, लतिका देवी, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर राम, उपाध्यक्ष राजेंद्र महतो, बीकू करमाली, लोकेश महतो, सुलेखा देवी, कार्यकारी अध्यक्ष रवि हजरा, संरक्षक वीरेंद्र भट्टाचार्य, अमरलाल करमाली, कालिदास महतो केशव भट्टाचार्य आदि थे।

नीलकमल ढाबा से ट्रैक्टर की चोरी

मांडू (आजाद सिपाही)। ट्रैक्टर चोरी को लेकर मांडू डीह निवासी अरविंद कुमार ने मांडू थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बुधवार की रात्रि मांडू डीह नीलकमल ढाबा के पास अपने ट्रैक्टर संख्या जेएच05टीसी-9093 को खड़ा कर अपने घर चला गया। सुबह उठकर देखा तो वहां ट्रैक्टर गायब था। काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी ट्रैक्टर का कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने मांडू पुलिस ने छानबीन कर जल्द से जल्द ट्रैक्टर की बरामदगी करने का आग्रह किया। बतातें चलें कि इन दिनों मांडू क्षेत्र में चोरो का आतंक काफी बढ़ गया है। जिससे वहां के लोग काफी परेशान है।

हर संपत्ति का ब्योरा जरूरी नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश हाइकोर्ट के आदेश को पलटते हुए व्यवस्था दी कि चुनाव में किसी प्रत्याशी के लिए अपनी हरेक चल संपत्ति का ब्योरा देना जरूरी नहीं है। फैसला इस लिहाज से खास है कि इसमें मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी के अधिकार का भी ध्यान रखने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा यह इस बात की ओर भी ध्यान खींचता है कि शब्दों पर जरूरत से ज्यादा बल देना कभी-कभी अनजाने ही कानून को निरर्थकता की ओर ले जाने लगता है। चुनाव सुधारों की बात करते हुए अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रहता है। इस फैसले ने ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा। ध्यान रहे, जिस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है उसमें प्रत्याशी पर तीन वाहनों की जानकारी न देने और सरकारी आवास से जुड़े नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने का आरोप था। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिया कि तीनों वाहन भले ही कागज पर प्रत्याशी के परिजनों के नाम पर हों, लेकिन वे पहले ही बेचे या गिफ्ट किए जा चुके थे। ऐसे ही इस तथ्य को लेकर कोई विवाद नहीं था कि प्रत्याशी पर किसी तरह का बकाया नहीं था, बस नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने की बात थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसे प्रत्याशी का निर्वाचन रद्द करने का आधार नहीं माना जा सकता। फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती कि कौन सी चल संपत्ति ब्योरा देने लायक है और कौन सी नहीं। हर केस के हिसाब से गौर किया जाना चाहिए। किसी प्रत्याशी के परिजनों की सामान्य घड़ी का ब्योरा देना अनावश्यक हो सकता है, लेकिन अगर किसी के परिवार में बेहद महंगी कई सारी घड़ियां हों तो उसका ब्योरा छिपाया जाना अपराध हो सकता है। यहां इस सवाल से नहीं बचा जा सकता कि क्या इस फैसले से आगे ऐसे मामलों में अलग-अलग व्याख्याओं की गुंजाइश बन गयी है, जिसका दुरुपयोग हो सकता है। क्या इसका फायदा उठाते हुए आगे चलकर कुछ प्रत्याशी ऐसी भी सूचनाएं छुपा सकते हैं, जो चुनाव और वोटर के लिहाज से अहम हों? जाहिर है इस संभावना को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने इस अहम कानून की सार्थकता बढ़ाने और इसे प्रासंगिक बनाये रखने का काम किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसे प्रत्याशी का निर्वाचन रद्द करने का आधार नहीं माना जा सकता। फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती कि कौन सी चल संपत्ति ब्योरा देने लायक है और कौन सी नहीं।

अभिमत
आजाद सिपाही

रिपोर्ट यह भी बताती है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घट कर 45 प्रतिशत रह सकता है। संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पिछले सितंबर में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया।

लोकसभा चुनाव में महिलाओं की निर्णायक भूमिका

कल्याणी शंकर

एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं का उच्च मतदान आगामी 2024 के चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। परिणामस्वरूप, राजनीतिक दल मतदाताओं के एक महत्वपूर्ण वर्ग के रूप में महिलाओं को आकर्षित करने के लिए विभिन्न लाभों की पेशकश कर रहे हैं। रिपोर्ट यह भी बताती है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घट कर 45 प्रतिशत रह सकता है। संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पिछले सितंबर में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया।

2008 में सोनिया गांधी ने इसे उच्च सदन में पारित किया, लेकिन लोकसभा में ऐसा करने में विफल रहीं। पीएम मोदी ने बड़े गर्व के साथ इस बिल को पेश किया और पिछले साल 27 साल बाद यह लगभग सर्वसम्मति से पास हो गया।

हालांकि, परिसीमन प्रक्रिया और नयी जनगणना को पूरा करने में देरी के कारण विधेयक के कार्यान्वयन में 4 साल की देरी होगी। गौरतलब है कि भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माताओं में से एक बीआर अंबेडकर ने एक बार कहा था कि राजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है।

आगामी आम चुनावों में 96.88 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता होंगे, जिनमें से 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं।

यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाओं को तब तक न्याय नहीं मिलेगा, जब तक निर्णय लेने में उनकी भागीदारी न हो। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत में केवल एक महिला प्रधानमंत्री और 15 महिला मुख्यमंत्री हुई हैं। हालांकि, 1950 के दशक से चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या 7 गुना बढ़ गयी है। लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 5 प्रतिशत से बढ़ कर 15 प्रतिशत हो गया है। एक महत्वपूर्ण उपाय यह था कि 1993 में, पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। लगभग 10 लाख महिलाएं जमीनी स्तर पर सरपंच के रूप में कार्य करती हैं। ये सरपंच अपने स्थूल अनुभव के बल पर उन्नति की सीढ़ियां चढ़ सके।

महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने की स्थिति में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की मजबूत उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। हालांकि, यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है।

आगामी आम चुनावों में 96.88 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता होंगे, जिनमें से 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 2.63 करोड़ नये मतदाताओं में से 1.41 करोड़ महिलाएं हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में अधिक महिलाओं ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है। कोटा विधेयक से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गयी थी कि वे हाल के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान करेंगे। भले ही उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया, लेकिन उन्होंने महिलाओं को केवल 10-15 प्रतिशत टिकट आबंटित किये। लोकसभा चुनाव का रुझान भी निराशाजनक है। भाजपा ने घोषित 421 उम्मीदवारों में से 67 महिलाओं को टिकट दिया है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे मुख्यमंत्रियों ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लाभों को समझा है।

महिला आरक्षण विधेयक का बेहतर समर्थन करने के लिए पार्टियों को अधिक महिला नेताओं को विकसित करना चाहिए और अपनी उम्मीदवार सूची में अधिक महिलाओं को शामिल करना चाहिए। हालांकि, उनका तर्क है कि जब तक महिलाएं किसी ज्ञात राजनीतिक परिवार से न हों, तब तक उन्हें जीता नहीं जा सकता। गांधी, पवार, यादव, स्वराज, गोयल, करुणानिधि, ठाकरे, चंद्रशेखर, रेड्डी और नायडू जैसे कई नेता अपने राजवंश को बनाये रखने के लिए अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख राजनीतिक पदों पर नियुक्त करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हर महिला किसी महिला उम्मीदवार को वोट नहीं देगी। यह मान लेना कि सभी महिला उम्मीदवारों को महिलाओं से वोट मिलेंगे, गलत है। विश्व स्तर पर स्थिति समान है। अंतर-संसदीय संघ के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 26 प्रतिशत कानून निर्माता महिलाएं हैं। दूसरी ओर, रवांडा में 60 प्रतिशत से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। 2008 में, रवांडा महिला-बहुमत संसद वाला पहला देश बन गया।

भारत में केवल 14 प्रतिशत संसदीय सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा में 78 महिला सदस्य हैं, जबकि राज्यसभा में 24 हैं। 193 देशों की तुलना में, संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 149वें स्थान पर है। भारत के प्रत्येक राज्य में 16 प्रतिशत से कम विधायक महिलाएं हैं। राजनीतिक दलों को प्रोत्साहन देने पर निर्भर रहने की बजाय आवश्यक मुद्दों को संबोधित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। वे महिला मतदाताओं को प्रलोभन देकर लुभाते हैं, लेकिन महिला उम्मीदवारों को मैदान में नहीं उतारते। भेदभाव खत्म करने के लिए उन्हें अपने एक तिहाई टिकट महिलाओं के लिए लागू करने चाहिए। साथ ही, उन्हें राजवंशों को दिये जाने वाले लाभों को हतोत्साहित करना चाहिए।

महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने की स्थिति में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की मजबूत उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। हालांकि, यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है। हमें ऐसे शासन सुधारों की आवश्यकता है, जो लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। ये सुधार निर्वाचित अधिकारियों को अधिक उत्तरदायी बनाने में सक्षम बनायेंगे।

जमशेदपुर की खबरें

चाइबासा में नाबालिग समेत 15 भाकपा माओवादी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

चाईबासा। एक करोड़ के इनामी नक्सली पतिराम मांझी और मिसिर बेसरा के शोषण से परेशान एक नाबालिग समेत 15 भाकपा माओवादी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। गुरुवार को चाइबासा पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी नक्सलियों ने डीआइजी मनोज रतन चौथे, डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी आशुतोष शेखर के समक्ष आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करनेवाले नक्सलियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली और दर्ज मामले

1. प्रधान कोड़ाः आठ
2. चंद्रोमोहनः सात
3. पगला गोपः पांच
4. विजय बोयपाईः चार
5. गंगा राम पूर्तिः तीन
6. बोयो कोड़ाः दो
7. जोगेन कोड़ाः दो
8. पेलोंग कोड़ाः दो
9. रामजा पूर्तिः दो
10. सोहन सिंहः एक
11. सुशील डोरेन चंपियाः एक
12- सोनू चंपिया
13. मनी चंपिया
14. मोगा चंपिया
15. एक नाबालिग नक्सली

अब तक 161 नक्सलियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

चाइबासा जिले में नक्सलियों के खिलाफ साल 2022 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साल 2022 से अब तक कुल 161 नक्सलियों को गिरफ्तारी कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। साल 2022 और 2023 में कुल 11 नक्सलियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। इनके पास से भारी मात्रा में कुल 375 विस्फोटक, हथियार, कारतूस और अन्य दैनिक उपयोग के सामान बरामद किये गये। साथ ही नक्सलियों का स्थायी कैंप ईआरबी मुख्यालय, 08-10 अस्थायी कैंप और 15 बंकर ध्वस्त किये गये। चाइबासा में उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उग्रवाद प्रभावित थाना क्षेत्र में आम जन के मन में उपजे सुरक्षा भाव को बनाये रखने के लिए 16 नये सुरक्षा कैंप भी बनाये गये हैं। पिछले दो साल से कोल्हान के जंगलों में चल रहा है नक्सलियों के खिलाफ अभियान पिछले दो साल से कोल्हान के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बूढ़ा पहाड़, बुलबुल जंगल, खूंटी, चाइबासा और सरायकेला-खरसावां के ट्राई-जंक्शन क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त करने के बाद सुरक्षा बलों का फोकस पश्चिम सिंहभूम के सारंडा क्षेत्र में है। सभी बड़े नक्सली इसी क्षेत्र में सिमटे हुए बताये जा रहे हैं। कई महीनों से उनकी घेराबंदी जारी है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की बदौलत नक्सलियों के प्रभाव वाले दर्जनों गांव उनसे मुक्त करा लिये गये हैं। इस अभियान में सुरक्षा बलों को भी नुकसान पहुंचा है।

नवरात्रि के तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा की पूजा

मरकच्चो(आजाद सिपाही)। नवरात्रि के 9 दिन माता के अलग- अलग स्वरूपों की पूजा- अर्चना की जाती है। वहीं नवरात्रि के तीसरे दिन प्रखण्ड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखण्ड के दुर्गा मन्दिरो, मण्डपों एवं घरों में शुक्रवार को मां चंद्रघंटा की पूजा- अर्चना विधि विधान से की गयी। चंद्रघंटा का अर्थ है, जिसके सिर पर अर्ध चंद्र घंटे के रूप में शोभित हैह्न, दुर्गा सप्तशती के अनुसार यह चंद्रमा शीतलता और शुभ प्रकाश का प्रतीक माना गया है।

मरकच्चो में ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

मरकच्चो। मुस्लिम धर्मलंबियों का पवित्र ईद त्यौहार बुधवार को चांद के दीदार के बाद बृहस्पतिवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र मरकच्चो, जामा मस्जिद, कर्बला नगर, महूगांय, नादकरी, दरदाही, मूरकमनाय, मंझलानगर, पुरनानगर, ताराटांड़, विंडोमोह, देवीपुर की मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदमंदों ने भाईचारे का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा की। ईद त्योहार को लेकर सभी लोग सुबह से ही नमाज की तैयारी में जुटे रहे वहीं तय समय पर प्रखंड के विभिन्न मस्जिद और ईदगाहों में नमाज अदा किया गया। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबी कब्रिस्तान पहुंचकर इस दुनिया से पर्दा कर गए पूर्वजों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ी और उनके मगफिरत के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान एक दुसरे को ईद की बधाई दी। दिन भर ये सिलसिला जारी रहा। एक-दूसरे को फोन तथा सोशल मीडिया के विभिन्न साइट फोटो के माध्यम से मुबारकबाद दी।

आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सुदेश महतो से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्री एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल उपाध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने संघठन के मजबूती के साथ प्रदेश में विकास के कई मुदे पर व्यापक चर्चा की।उन्होंने कहा अभी सरकार मे ब्रेकडाउन की परिस्थिति है। निर्माण कार्य मे बालू, गिट्टी का कीमत बढ़ने और अनुउपलब्धता से स्थानीय मजदूर को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। मौके पर उन्होंने एमएसएमई,शिक्षा, लॉ एंड आर्डर कई विषय पर सकरात्मक वार्ता करते हुए प्रदेश को नई ऊचाई पर पहुचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तरुण तिवारी, डॉ शेखर सुमन,जगनाथ महतो समेत अन्य मौजूद रहे।

सरहुल पर्व पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्पः काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टिनप्लेट आदिवासी समाज के द्वारा टिनप्लेट आदिवासी पब्लिक स्कूल में सरहुल उत्सव का आयोजन किया गया। गुरुवार को सुबह सरहुल उत्सव के दौरान मुख्य अथिति भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले,सम्मानित अथिति जुगल किशोर मुखी,भाजपा नेत्री चांदमनी कुंकल सहित अन्य शामिल हुए। अतिथियों के उपस्थिति में नाइके बाबा छोटे मुंडा के द्वारा आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही सभी अतिथियों ने सरहुल उत्सव के अवसर पर माथा ठेक कर नाइके बाबा व आयोजक समिति के साथ उपस्तित लोगो के प्रति आभार जताया।वही टिनप्लेट से जमशेदपुर के आदिवासी मुंडा समाज, आदिवासी हो समाज, आदिवासी उरांव समाज, कोंका कमार करमाली सेना संघर्ष समिति व आदिवासी समाज टिनप्लेट के तत्वावधान में सरहुल महोत्सव का शोभायात्रा निकाला गया। मौके पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शामिल होकर सरना स्थल पर पारंपरिक रुप से श्रद्धापूर्वक पूजा कर माथा टेका। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने सरहुल की शुभकामना देते हुए कहा सरहुल पर्व पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प है।समाज के द्वारा प्रकृति,मनुष्य व धरती से जुड़ी सहजीविता, एकजुटता और उनके समग्र जीवन चक्र को सम्मानपूर्वक सृजनशील,उर्वर बनायें रखने के लिए नये संकल्प और उत्साह के साथ जीने का संदेश भी समाहित है। उन्होने कहा प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व आदिवासीयों का प्रमुख पावन त्योहार है। त्योहार को मनाने के बाद ही नयी फसल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा आदिवासी समाज का हृदय विराट होता है। प्रकृति के साथ ही समस्त मानव कल्याण की सोच रखते है। इस अवसर पर समाज के सैकड़ो लोग शोभा यात्रा में शामिल है।

भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड में ईद का त्योहार भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। प्रखंड मुख्यालय के ईदगाह में मेराल बाजार, पूर्वरा टोला, चरखा पत्थर, दिलबोध टोला, मकुना, आबाद गंज सहित कई गांव के सैकड़ो लोग पहुंचे जहां करी कमालुद्दीन साहब के द्वारा विशेष नमाज अदा कर गांव समाज सहित पूरे मुल्क में अमन चैन की दुआ की गयी। सीओ, थाना प्रभारी तथा मुखिया ने दी बधाई पूर्वार टोला स्थित ईदगाह पर सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णुकांत, मुखिया रामसागर महतो, मुन्ना राम आदि ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। यहां के नमाज में मुख्य रूप से हाजी मौलाना यासीन, मो मुख्तार, युवा नेता अतहर अली, शिक्षक आरिफ, जफीर, उप मुखिया अलिशेर अंसारी बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है ईद : मिथिलेश

मंत्री मिथिलेश ने गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सहित सभी झारखंड वासियों को ईद की मुबारकबाद दी है। ईद के मौके पर गुरुवार को मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा स्थित ईदगाह, उंचरी मस्जिद, मदरसा तब्लीगुल इस्लाम आदि स्थानों पर जाकर लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की मबारकबाद दी। इस दौरान काफी संख्या में बच्चे भी मंत्री श्री ठाकुर से मिले। उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। मंत्री ने फरठिया, सिदे, बेल, प्रतापपुर, दरमी, गिदहा, संग्रहे खुर्द, संग्रहे कला, चमरही, पचफेड़ी, दलेली आदि गांवों में पहुंच कर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि एक माह की लंबी इबादत के बाद आज पूरी देश, दुनिया में ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है। हमारा देश विभिन्नताओं का देश है। यहां हिंदू , मुस्लिम, सिख, इसाई सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सांप्रदायिक माहौल हमेशा अच्छी बनी रहे यही उनकी कामना है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रमजान के पवित्र माह के दौरान उपवास के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। एकता और सद्भाव बढ़ाने वाला यह पर्व हमें क्षमा और दान करने की शिक्षा भी देता है। ईद गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने तथा उनके साथ खुशियां बांटने का मौका है। यह पर्व त्याग और समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए। जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। मुस्लिम धर्म को मानने वाले लोगों के लिए यह त्योहार बहुत खास है। ये रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। रमजान में सभी मुसलमान रोजे रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। मौके पर डॉ यासीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, डॉ अरशद अंसारी, हीरा गोंड़, इस्लाम कुरैसी, डॉ असजद, संतोष कश्यप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रकृति की पूजा का प्रतीक त्योहार है सरहुल: मंत्री

मांदर बजाकर थिरके मंत्री, दी सरहुल की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा में सरहुल पर्व विभिन्न क्षेत्रों में काफी धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा के तत्वावधान में नकदरवा, फरठिया आदि गावों में आयोजित सरहुल पर्व महोत्सव में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर मांदर बजाकर आदिवासी समुदाय के साथ खूब थिरके। उन्होंने लोगों को सरहुल की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर आदिवासी समुदाय ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक पर्व है। यह पर्व चैत्र महीने की शुक्ल तृतीया तिथि को मनायी जाती है। सरहुल की पूजा आदिवासी समुदाय के धर्मगुरु पाहन करवाते हैं। पाहन विधिपूर्वक आदिदेव सींग बोंगा की पूजा करते है। पूजा के दौरान सुख और समृधि की कामना की जाती है। सरहुल वसंत ऋतु के आगमन का उत्सव भी है। इस पर्व में साल अर्थात सखुआ वृक्ष का खास महत्व होता है। आदिवासियों की परंपरा के अनुसार इस पर्व के बाद नई फसल की कटाई शुरू हो जाती है। यह नये साल की शुरूआत की निशानी है। इस वार्षिक उत्सव को बसंत ऋतु के दौरान मनाया जाता है। इसमें पेड़ों और प्रकृति के अन्य तत्वों की पूजा शामिल होती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, फुजैल अहमद, आदिवासी सरना विकास परिषद के महेंद्र उरांव, मुखलाल उरांव, प्रदीप उरांव, कैलाश उरांव, योगेन्द्र उरांव, संतोष उरांव, मनोज उरांव, धमेंद्र उरांव, बसंत उरांव, मुकेश उरांव, विरेंद्र उरांव, कपिल उरांव, नारायण उरांव, इमरान अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अकीदत के साथ अदा की गयी ईद की नमाज

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में ईद उल फितर त्यौहार अकीदत व मुसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय मदरसों, मस्जिदों व ईदगाहों में इद उल फितर कि दो रिकत वाजिब नमाज अदा की। ईद उल फितर की नमाज को लेकर मस्जिदों, मदरसों व ईदगाहों में काफी भीड़ देखी गयी। छोटे-छोटे बच्चे त्यौहार को लेकर काफी उत्साहित दिखे। वहीं महिलाएं घरों में मीठी मीठी सेवइयां व अन्य पकवान बनाने में जुटी रही। नन्हे मुन्ने बच्चे नए नए कपड़े पहनकर बड़ों से ईदी लेने को लेकर उत्सुक दिखे। इधर प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित जामा मस्जिद में पेश इमाम हाफिज मिकाइल ने ईद उल फितर की दो रिकत वाजिब नमाज 6 जायज तकबीरों के साथ अदा करायी। वहीं रारो जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मुस्तकीम, जरही में हाफिज कयामुद्दीन, वालाझखड़ा में मौलाना रियाज, तसरार में हाफीज अरशद ने ईद उल फितर की नमाज निर्धारित समय पर अदा करायी।

गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की

तत्पश्चात नमाजियों ने सामूहिक रूप से देश में अमन चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। नमाज खत्म होने के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। उधर विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न इबादतगाहों के पास पहुंच कर मुस्लिम समुदाय के लोगो को ईद की मुबारकवाद पेश की। इस क्रम में के रारो ईदगाह पास मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, जिप सदस्य मोहन पासवान सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर एक दुसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

एक दूसरे को गले लगा कर दी ईद की मुबारकबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। प्रखंड अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार उत्साह के साथ आपसी भाईचारगी कायम रखते हुए एक दूसरे को गले लगा कर मनाया। इस दौरान हिंदू समुदाय के लोगों ने भी बेलाबार मस्जिद के समीप एकत्रित होकर लोगों को गले लगाया और हाथ मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया। इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह, मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार लोक हित अधिकार पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इंतेयाज आलम जसमुदिन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, समीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, ऐनुल हक कादरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र मे धूमधाम से खुशी के साथ मनायी गयी। ईद - उल - फितर की त्योहार, आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। सुबह मस्जिद पहुंचे नमाज पढ़ी गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दी। अरसली मस्जिद से लेकर बेलपहाड़ी, बघमनवा, चपरी, टाउनशिप, मकरी समेत अलग अलग इलाकों की दर्जनों मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दुसरे को बधाई दी। चपरी में मौलाना नसीम अहमद, बेलपहाड़ी में मौलाना हसमत अली, अरसली उत्तरी में मौलाना सज्जाद हुसैन, मकरी कारी अजमेर अली ने ईद की नमाज अदा करायी। ईद उल फितर के मौके पर मुसलमान भाइयों ने मस्जिदों में ईद उल-फितर की सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआयें मांगी। पंडरिया पंचायत के मुखिया पति अनिल चौबे ने ईद की नमाज होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कहा कि यह पर्व त्याग धैर्य और भाईचारा को मजबूत करता है। ईद पर्व शांति व्यवस्था को लेकर बीडीओ सह सीओ नंदजी राम और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने क्षेत्र मे गस्ती करते रहे।

रंका ईदगाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ईदगाह में गुरूवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। यह नमाज मौलाना मुफ्ती मोहम्द ने पढाय़ा। इस मौके पर नमाजियों ने ईद-उल- फितर की एक दूसरे को गले लग कर बधाई दी और आपसी गिले शिकवे भूलाकर प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रंका थाना प्रभारी अनिल नायक व थाना के जवान सहित काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबि उपस्थित थे।

मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फितर का त्योहार अकीदत व हर्षोल्लास के साथ मनाया

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फितर का त्योहार अकीदत व हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रखंड के गोसाईबाग स्थित ईदगाह में, कुशदंड ईदगाह में, बरडीहा जमा मस्जिद, नरही ईदगाह, सोनवर्षा जमा मस्जिद, हुलहुला जमा मस्जिद सहित अन्य जगहों पर ईद उल फितर की नमाज अदा किया। नमाजियों ने देश में अमन चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी ईद की नमाज को लेकर सुबह से ही मुस्लिम धमार्लंबियों में उत्साह देखा गया। निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा कराया गया गोसाईबाग स्थित ईदगाह में मोहतमिम मौलाना अब्दुल कादिर साहब के द्वारा नमाज अदा कराया गया।

सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडारिया। भंडारिया मुख्यालय स्थित नौका गांव परभन बाबा मंदिर व भंडारिया सारण देव स्थल के प्रांगण में प्राकृतिक के पर्व सरहुल पूजा खरवार आदिवासी साथ ही उरांव सरना धर्म व भाईहर मुंडा समाज के लोगों ने बड़ी ही धूमधाम से आदिवासी समाज के लोगों ने सरना पूजा मनाया। साथ ही साथ इस प्राकृतिक सरहुल पूजा में सभी सनातनी धर्म के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सरना पूजा के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकृति के पर्व पर हम लोग सनातनी धर्म में नया अनाज कटाई हो जाती है, जैसे में गेहूं, चना, अरहर संपूर्ण खेती हो जाने के बाद हम सब सरहुल पूजा मना कर फिर से वन संपदा खेती-बाड़ी करना शुरू हो जाते हैं। क्षेत्र की आदिवासी के लोगों ने वन संपदा में आश्रित हो जाते हैं, जैसे में केंदु पत्ता महुआ और महुआ सेफला हुआ, डोरी का फसल तैयार हो जाता है, यही से हम आगे की खेती का शुरूआत करते हैं। इस मौके पर मंच संचालन करते कुंवर सिंह ब्रह्मदेव सिंह जीतन सिंह, भूषण सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो और सरना धर्म के लोगों ने पेड़ पौधो को रक्षा सूत्र बांधकर और सुखवा पेड़ का फूल चढ़कर प्राकृतिक का पर्व सरहुल मनाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अरदास तिर्की ने कहा कि यह सरहुल पूजा हम सब आदिवासियों पेड़ पौधा और प्राकृतिक की पूजा करते हैं, जो आने वाले खरीफ फसल खेती बारी करने की शुरूआत करते हैं, और हम सभी आदिवासी दुआ करते हैं कि और हम शुभ आदिवासियों को शुभकामना मिले। इस मौके पर भंडारिया गांव के गउवा विशेश्वर मांझी, झगरू मिंज, लक्ष्मण उरांव, इंदर, सिंधु, रवि शंकर कश्यप और सरना आदिवासी के लोग उपस्थित थे।

महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। महात्मा ज्योतिबा फूले उन्नीसवीं सदी महाराष्ट्र के बहुत बड़े समाज सुधारक थे, भाजपा कार्यालय कांडी में गुरुवार को उनकी जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर राष्ट्रगान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शशि रंजन दुबे ने की। ज्योतिबा फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे ने कहा कि इनका जन्म 11अप्रैल 1827को महाराष्ट्र के संतरा जिला में के एक किसान परिवार में हुआ था। उनका परिवार माली परिवार से ताल्लुक रखता था, उनके पिता गोबिंदा राव सब्जी बेचते थे, उनकी प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल में हुई थी बाद में एक मुस्लिम और ईसाई साथियों के सहयोग से मिशन स्कूल में दाखिला कराया गया। पढ़ लिख कर ब्रिटिश शासन के नौकरी से अपना व्यवसाय चुना उन्होंने परंपरागत फूलो का व्यवसाय शुरू किया उन्होंने महिलाएं दलितों को शिक्षा बांचितो और दलितों शोषित के उत्थान और सामाजिक व्यवस्था में सुधार के लिए संघर्ष किया वे अपने विचारो से क्रांति करी थे नई पीढ़ी के बुद्धि जीवी के लिए प्रेरणा के स्रोत बने इस सोच के कारण उन्होंने देश के पहला महिला विश्व विद्यालय खुलवाया। इनका निधन 28 नवंबर 1890 में हुआ। कार्यक्रम में राजेंद्र पांडे, सीताराम तिवारी सतेंद्र चौबे, अमरेश चंद्र, ललन राम आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

स्वयं के नाम से परास्त हो गये थे भगवान श्री राम: कृष्णकांत

श्री रामलला मंदिर में राम कथा का दूसरा दिन

मंत्री जी की धर्मपत्नी ने किया आचार्य जी का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। श्रीरामलला मंदिर सोनपुरवा में दूसरे दिन की रामकथा का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह झारखण्ड के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की धर्मपत्नी चंचल ठाकुर ने किया। उन्होंने श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रकांड विद्वान वक्ता पण्डित श्री कृष्णकांत जी महाराज को माला समर्पित किया और श्री रामायण जी की आरती की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्राणियों में सद्भवना और आपस में प्रेम की सीख रामकथा से मिलती है। राम कथा के स्रवण मात्र से मानव को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। जीवन को धन्य और सार्थक बनाने के लिए रामकथा का आयोजन आज की आवश्यकता है। कथा के दूसरे दिन आचार्य श्री कृष्णकांत जी ने कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है। उन्होंने इसे सिद्ध करने के लिए एक कथा सुनायी।

कथा के अनुसार सुकांत नामक एक राजा था जो नारदमुनि जी का शिष्य था। वह एक दिन आसमान मार्ग से सत्संग में भाग लेने जा रहा था। रास्ते में नारद मुनि जी मिल गये। सुकांत ने मुनि को प्रणाम किया। मुनि ने पूछा कहां जा रहे हो। सुकांत ने कहा सत्संग में। नारद जी के मन में एक द्वंद चल रहा था 'भगवान बड़ा या भक्त'। उन्होंने सोचा यही मौका है इसे सिद्ध करने का, क्योंकि वह इस उलझन में थे कि राम जो चाहते हैं वो होता है कि हनुमान जो चाहते हैं वो होता है। उन्होंने सुकान्त को कहा सत्संग में बहुत सारे ऋषि होंगे। सबको पैर छूकर प्रणाम करना लेकिन ध्यान रखना विश्वामित्र जी को प्रणाम मत करना क्योंकि वह ब्राह्मण नहीं हैं। क्षत्रिय हैं और संत बन गये हैं। सत्संग समाप्त होने के पश्चात सुकांत ने वैसा ही किया जैसा उसने गुरु जी ने बताया था। भरे सत्संग में विश्वामित्र जी अपने अपमान से दुःखित हो गये। उन्होंने श्री राम से इसकी शिकायत करते हुए कहा कि आपके राज्य में सन्तों का अपमान हो रहा है। भगवान राम ने सन्तों का अपमान करने वाले राजा सुकान्त को स्वयं अपने हाथों वध करने का संकल्प लिया। भगवान के इस संकल्प से सुकान्त घबरा गया। वह भागे-भागे अपने गुरु नारद जी से प्राण बचाने की याचना की। नारद जी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है जो तुम्हारी जान बचा सकती है। वह है हनुमान की मां अंजना माता। भगवान ने हनुमान को सुकांत को उनके हवाले करने का निर्देश दिया, लेकिन हनुमान जी को अपने माता जी का दिए वचन का भी पालन करना था। हनुमान जी सुकान्त को अपने पीठ के पीछे सटाकर राम नाम का जाप करने लगे। इससे उनके चारों ओर राम नाम का कवच बन गया। राम जी ने अपने वचन का पालन करते हुए सुकान्त को लक्ष्य कर वाण का प्रहार शुरू किया, लेकिन सारे वाण रामनाम के कवच से टकराकर निष्प्रभावी हो गये। वाण खत्म होने के बाद लक्ष्मण जी ने रामजी की वचन को पूरा करने के लिए हनुमान जी की हृदत में तीर मार दी। हनुमान जी तिलमिलाकर गिर पड़े। लक्ष्मण जी दूसरा तीर सुकान्त को मारने ही वाले थे कि इधर राम जी की हृदय से रक्त का स्राव होते देख घबरा गये। उन्होंने धनुष बाण छोड़ श्री राम को संभालने लगे। राम ने उन्हें फौरन हनुमान के पास ले चलने का आदेश दिया। राम जी भाव विह्वल होकर हनुमान जी के पास पहुंचे और अपना आंख मूंदकर उनके सिर को सहलाने लगे और उनकी जीवन को बचाने की कामना करने लगे। इसी बीच मूर्क्षित होने का नाटक कर रहे हनुमान ही सुकांत का सिर भगवान जी के जंघे पर रख दिया। भगवान सुकान्त के माथे को सहलाते हुए उसके जीवित होने का आशीर्वाद देने लगे। जब भगवान ने अपनी आंख खोली तो सामने सुकांत को देखा। अब भगवान जिसे आशीर्वाद दिये उसे मार नहीं सकते। इस दुविधा में फंसे भगवान ने सुकांत को विश्वामित्र जी से मांफी के लिए भेजा। सुकांत विश्वामित्र जी का पैर पकड़कर जीवन की याचना करने लगा। विश्वामित्र जी ने सुकांत से पूछा संतों को अपमानित करने की कुसंस्कार किस कुसत्संग से मिला।

ऐतिहासिक और अद्भुत होगा श्री राम जन्मोत्सव : द्वारिकानाथ पांडे

लगमा ठाकुरबाड़ी मंदिर में तीन दिवसीय 23वां मानस महोत्सव 15 से

गढ़वा (आजाद सिपाही)। राम नवमी के अवसर पर गढ़वा सदर प्रखंड के लगमा गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में अयोध्या से पधारे संत शिरोमणि बाल स्वामी अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में धूमधाम से 23वां मानस महोत्सव और श्री राम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। सत्संग समिति के संयोजक द्वारिका नाथ पांडे ने बताया कि लगमा सत्संग समिति द्वारा विगत 22 वर्षों से मानस महोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। इस वर्ष 23वां मानस महोत्सव का विराट आयोजन 15 अप्रैल को संध्या 6:30 बजे ध्वज स्थापना और सांस्कृतिक संध्या के साथ प्रारंभ होगा। 16 अप्रैल मंगलवार के प्रातः 5 बजे से कलश स्थापना, वेदी, मानस तथा अखंड दीप पूजन के पश्चात अखंड रामचरित मानस पाठ प्रारंभ होगा। बताया कि सफल आयोजन के लिए 108 सदस्यों की टीम बनायी गयी है, जिसमें डॉ दशरथ पांडेय को अध्यक्ष, रामेश्वर प्रसाद को उपाध्यक्ष, राम उदार पांडेय और मनोज सोनी को सचिव तथा पंडित बुद्धदेव पांडेय, पंडित त्रिपुरारी पांडेय और अमरेश पांडेय आचार्य बनाये गये हैं। श्री पांडे ने जिले के सभी धर्मनुरागियों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

कथा अज्ञानी बन कर सुननी चाहिए : प्रपन्नाचार्य

रामकथा के दूसरे दिन धर्म के तीनों मार्ग ज्ञान, भक्ती और वैराग्य का विशद विवेचन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगीर आश्रम में आयोजित रामकथा में अयोध्या से आये संत श्री बालस्वामी अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी कथा के दूसरे दिन रामकथा के चार घाट के वर्णन के साथ धर्म के तीनों मार्ग ज्ञान, भक्ती और वैराग्य का विशद विवेचन किया। उन्होने भक्ति को सर्वश्रेष्ठ मार्ग बताया। भक्ति प्राप्त होने पर ज्ञान और वैराग्य स्वतः प्राप्त हो जाते हैं। उन्होने कहा की कथा अज्ञानी बनकर सुनना चाहिए। भगवान शंकर जो ज्ञान के स्वयं पुंज और त्रिकालदर्शी हैं माता सती के साथ कथा सुनने स्वयं अगस्त्य ऋषि के पास अज्ञानी बनकर गये। श्रद्धा विश्वास और अहंकार रहित होकर कथा सुनने से ही इसका फल प्राप्त होता है। कथा मे संशय करने का फल अनिष्टकारी होता है। माता सती का शिव से वियोग का कारण भी यही था। सत्य के समान कोई बड़ा धर्म नही और असत्य के समान कोई बड़ा पाप नहीं होता। कथा के प्रथम घाट पर स्वयं शंकर भगवान ने माता पार्वती को रामकथा सबसे पहले सुनाया। वहां पर उस कथा को एक कौवे ने सुना जो आगे जाकर काकभुशुंडि बने। दूसरे घाट पर काक भुशुंडि ने ये कथा गरुड़ जी को सुनायी थी। वाल्मीकि रामायण उसके बाद लिखी गयी। तीसरा घाट प्रयाग था जहां ऋषि याज्ञवल्क्य जी ने रामकथा भारद्वाज जी को सुनाया और चौथे घाट पर गोस्वामी जी रामकथा संतो को सुनाया।

प्रयाग राज की महिमा बताते हुए प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि जहां गंगा, यमुना और सरस्वती तीनों का संगम हो वह ब्रह्मलोक और विष्णुलोक के बराबर का स्थान हो जाता है। तीर्थराज प्रयाग में यज्ञ करना या यज्ञ आदि क्रियाओं में सम्मिलित होने से मनुष्य के सारे पाप, पुण्य में परिवर्तित हो जाते हैं, तीर्थराज प्रयाग की अद्भुत महिमा है।

लोहरदगा और लातेहार में रही सरहुल और ईद की धूम

धूमधाम से निकली सरहुल की शोभायात्रा, शामिल हुए कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिले में सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हर तरफ हर्ष उल्लास का वातावरण में लोगो ने सरहुल पूजा मनायी। शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में ढ़ोल मांदर- नगाड़े की थाप पर थिरकते हुए लोग नजर आ रहे थे। सरहुल महोत्सव में क्या आम और क्या खास लोग सभी एक ही रंग में रंगे थे मतलब आम और खास लोगो के भी पैर मांदर की थाप पर थिरक रहे थे। लोहरदगा के झखरा कुंबा स्थित सरना स्थल में विधि विधान से पहले पाहन पुजार के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद सरहुल का शोभायात्रा निकाली गयी।सरहुल की शोभा यात्रा का जगह-जगह पर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा झखरा कुंबा से निकलकर स्टेट बैंक के रास्ते थाना मोड़, शास्त्री चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, वीर शिवाजी पथ, न्यू रोड, पावरगंज चौक कोर्ट रोड होते हुए मैना बगीचा पहुंची। जहां पर भव्य मेला का आयोजन किया गया।

इधर राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने सरना स्थल में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा- अर्चना के उपरांत मांदर बजाकर लोगों के साथ सरहुल की खुशियां बांटी और बधाई दी। दोनो प्रात्यशियो ने कहा सरहुल सिर्फ एक त्योहार नहीं है। यह प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। सरहुल की शोभा यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र में जगह-जगह पर दंडाधिकारियों के साथ शस्त्र सुरक्षा बल के जवान तैनात थे।

कुडू में निकाला गया सरहुल का भव्य जुलूस

कुडू (आजाद सिपाही)। प्रकृति का महान पर सरहुल पूरे कुडू प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर केंद्रीय सरहुल समिति के नेतृत्व में 11 अप्रैल गुरुवार को कुडू में भव्य जुलूस निकाली गई। जुलूस पड़हा भवन से शुरू होकर बाजार ताड स्थित झाखरा गई। जहां पाहन पूजारो के पूजा अर्चना के बाद जुलूस इंदिरा गांधी चौक, बस स्टैंड, बाईपास रोड, मस्जिद चौक, ब्लॉक मोड़ होते हुए वापस बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त हो गई। जुलूस में प्रखंड के अखराटोली, जामुनटोली, जामडी, पतराटोली, कुंदो, पिपराटोली, नावाटोली सहित दर्जनों गांव के अखाड़ा शामिल हुए। जुलूस में पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित महिलाओं और बालिकाओं ने आकर्षक झूमर नृत्य करते चल रहे थे। जुलूस का संचालन सरहुल समिति के जतरु उरांव, अवधेश उरांव, राजधान उरांव, सुषमा देवी, अर्जुन उरांव, सुनील उरांव, खदीया उरांव, रामलाल उरांव आदि ने किया।

लोहरदगा में ईद-उल-फितर की रही धूम, लोगों ने गले लग कर दी मुबारकबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा के गली, मुहल्लो, गांव कस्बो और शहरी क्षेत्र में उत्साह, उमंग और खुषियो का त्योहार ईद का उमंग नजर आया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में ईद की धूम रही। बुधवार को चांद रात के बाद से ही ईद मुबारक का सिलसिला चला। ईद त्योहार को लेकर विभिन्न मस्जिदो में साफ सफाई व नमाजियों की सहुलियत के ठोस प्रबंध किए गए थे। पाख साफ और उत्साह के साथ नमाजियो ने नमाज अता किया।

मस्जिदो में इमाम ने ईद का संदेश नमाजियो को दिया। ईद के महत्व से परिचय किया। रमजान की बरकत और फजिलत को बताया। बताया कि पवित्र माह की समाप्ति के बाद ईद की नमाज अदा की जाती है। ईद की नमाज में देश के अंदर अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की गयी। उन्होंने बताया कि इस पवित्र माह के दौरान हर दिन रोजा रखा जाता है, रमजान महीने की समाप्ति पर ईद का चांद दिखाई देने के बाद सभी नमाज पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि ईद का शाब्दिक अर्थ खुशी होता है, यह भाईचारगी का त्योहार है।

ईद का उमंग लोगो मे देखते बन रहा था। मुस्लिम लोगों ने गरीब व असहाय लोगों की मदद जकात निकालकर किया। ईद की नमाज अता करने से पहले जकात की धन को गरीब, असहाय, विधवा, यतीमो में वितरित करते नजर आये।

ईदगाह, जामा मस्जिद, मंडलकारा में अदा की गयी ईद की नमाज : ईद उल फितर नमाज की पहली जमात लोहरदगा ईदगाह में सुबह 7:45 बजे अदा की गई। यहां पर ईदगाह में ईदुल फितर नमाज की इमामत जामा मस्जिद के खतीब व इमाम हजरत मौलाना कारी शमीम आलम रिजवी साहब फरमाएं। दूसरी जमात की नमाज सुबह 8:15 बजे जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद को छोड़कर अन्य मस्जिदों में पढ़ी गयी। यहां उन मस्जिदों के इमाम इमामत फरमायें। इसी तरह तीसरी और आखिरी जमात की नमाज सुबह 8:45 बजे जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में अदा की गयी। जामा मस्जिद में इमामत हजरत हाफिज दाउद साहब फरमाएं, जबकि बेलाल मस्जिद में हजरत मौलाना कारी अब्दुल हमीद साहब फरमाएं।

भंडरा में भी ईद त्योहार की रही धूम

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड में गुरुवार को ईद का त्योंहार शांति और आपसी भाईचारगी के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर भंडरा, आकाषी, उदरंगी, होन्दागा, सोरन्दा, बलसोता, भैसमुंदो, भौरो, भीठा, कुम्हरिया, बंडा, मसमानो, बड़ागाई समेत अन्य स्थानो पर मुस्लिम धर्मावलंबी समुदाय के लोग मंगलवार की सुबह पाक साफ होकर नए नए वस्त्र पहनकर ईदगाह में नमाज अता कर अल्लाह से क्षेत्र की खुषहाली व बरकत की दुआएं मांगी। ईद का उमंग लोगो मे देखते बन रहा था। चांद रात के बाद से ही ईद की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। लजीज सेवईयां खाने के लिए एक दूसरे को लोग निमंत्रण देते नजर आये। एक दूसरे से गला मिलकर ईद मुबारक कहा तथा ईद की सेवईयों की दावत एक दूसरे को दिया। ईद की मुबारकबाद विभिन्न धर्मो के लोग एक दूसरे को देते नजर आये।

सरहुल पर्व प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देता है : वैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में सरहुल पर्व के अवसर पर प्रकृति के उपासक झारखंड वासी इस सरहुल पर्व को प्रकृति आस्था का पर्व मानते आ रहे हैं। आज के दिन पूरे झारखंड में आदिवासी भाई बहन इस पर्व को प्रकृति से जुड़े रहने के साथ-साथ प्रकृति को बचाए रखने का संकल्प भी लेते हैं साथ ही साथ अपने संस्कृति को भी बचाए रखने का पर्यटन करते हैं इस अवसर पर लगभग सभी प्रखंडों में रंगारंग कार्यक्रम ढोल मांदर के थापर आदिवासी भाई बहन छिड़कते हैं और प्राकृतिक से जुड़े रहने का आग्रह करते हैं इसी अवसर पर लातेहार विधानसभा के विधायक वैद्यनाथ राम लातेहार चंदवा प्रखंड में सभा स्थल पर पूजा अर्चना के साथ आए और शोभायात्रा में शामिल हुए और कहां की सरहुल के दिन ऐसा लगता है कि मानो झारखंड के सभी समुदाय सरहुल मनाने के लिए उत्सुक होते रहते हैं और यही हमारे देश की पहचान है हम सभी प्राकृतिक को बचाने में संकल्प के साथ सहयोग करें प्राकृतिक है तो हम मानव जाती हैं इसे और वनस्पति को बचाएं।

सरहुल के अवसर पर समाजसेवियों के द्वारा गुड़ चना का स्टॉल लगाया गया : लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज में समाजसेवी बबन कुमार के द्वारा सरहुल पर्व के अवसर पर शोभायात्रा में आए हुए ग्रामीण क्षेत्र से भाई बहनों के लिए चना गुड़ और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गयी। ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आदिवासी भाई बहन चना गुड़ का भरपूर लुफ्त उठाया।

शोभा यात्रा के समय भंवरे का आतंक : चंदवा में शोभायात्रा कृषि फार्म से मुख्य मार्ग रांची चतरा पर शोभायात्रा निकाली और बुध बाजार से मिशन स्कूल होते हुए रांची डालटेनगंज मुख्य पथ पर शोभायात्रा लौट रही थी उसी क्रम में चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेमल पेड़ में लगे हुए भंवरे डीजे के धड़कने से भंवरा भयभीत हो गए और कई लोगों को भंवरा अपने चपेट में ले लिया जिससे शोभायात्रा में आए हुए कई लोगों को भंवरा खूब काटा अचानक मैच जाने से पुलिस प्रशासन भी सकते में आ गई और कमान संभालने की कोशिश की तो पता चला कि यह भगदड़ भंवरे के काटने से हो रही है और अचानक रांची डालटेनगंज मूक पद पर इंदिरा गांधी चौक के समीप सन्नाटा छा गया लोग लगभग आधे घंटे तक उसे आसपास नजर ही नहीं आए और कुछ देर के बाद भंवरे शांत पड़ गये।

हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद, मस्जिदों में हुई नमाज अदा

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को ईद उल फितर का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।लोग सुबह तैयार होकर नए कपड़े पहनकर मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए पहुंचे।प्रखंड के मुख्य जामा मस्जिद में 8:30 बजे ईद उल फितर की नमाज मस्जिद के हाफिज रहमत अली की अगुवाई में सभी लोगों ने नमाज अदा किया।वही कादरिया नगर मस्जिद में सुबह 8:15 में हाफिज द्वारा नमाजअदा कराया गया। हाफिज रहमत अली ने कहाकि 30 दिन रमजान शरीफ गुजरने के बाद यह ईद तोहफा में हम लोगों को मिलता है। इस दिन सारे गिले शिकवे भुलाकर कर एक दूसरे को माफ करते हुए गले लगा कर मुसाहफा करके ईद का मुबारकबाद दे। मौके पर लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के अवसर पर लोग एक दूसरे के घरों में जाकर सवाई और पकवान भी खाया। मौके पर अशफाक अहमद मुन्ना, साबिर अंसारी,मुमताज अंसारी,मुन्ना अहमद फिरोज अहमद अली हसन अंसारी,साबिर अंसारी,रिंकू खान, इमरान समेत काफी संख्या लोग शामिल थे।

महत्वपूर्ण खबरें

लिंगेश्वर नाथ शिव मंदिर में हनुमान चालीसा और महाआरती आयोजित

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। हरमू पंचायत के लिंगेश्वर नाथ शिव मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 हिंदू नव वर्ष पर संध्या महाआरती, हनुमान चालीसा पाठ करके श्री राम उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश दसोंदी एवं लक्ष्मी नारायण साहू व विशिष्ट अतिथि शशि कुमार सिंह संगम भारती, अशोक कशकार, सत्यम कुमार, चंदन गोप थे। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने किया। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल 2024 से 24 अप्रैल 2024 तक हर एक प्रखंड गांव में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम करना तय हुआ है। मौके पर तरुण पांडे,नरेश कुमार दसोंदी, राहुल विश्वकर्मा, करण विश्वकर्मा, दिगंबर यादव, दीपक विश्वकर्मा, संदीप साहू इत्यादि राम भक्त माताएं बहने उपस्थित थे।

ईद का त्यौहार शांति और खुशहाली से मनाया गया

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मुस्लिमो का पवित्र त्यौहार ईद – उल फितर के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिद एव ईदगाह में ईद की नमाज अदा कि गयी। वही नमाज अदा कर मुस्लिम धर्मावलंबीयो ने रब अल्लाह को याद किया नमाज पढ़ने के साथ साथ प्रखंड जिला और देश में अमन शांति व खुशहाली के लिये सभी मस्जिदों के इमाम ने दुआएं मांगे। साथ नमाज अदा करने और दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को प्रेम से गले लगा कर बच्चे, बुजुर्ग व नवजवानों ने ईद का मुबारकबाद दिया। प्रखंड क्षेत्र के अरु, कालेहेपाट, अरु बांध टोली, उगरा, डाडू, सेरेंगहातु, भड़गांव, अंबा टोली, भंगाडी, झखरा, मुकीतीड़ार सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर शांति व खुशहाली से भाईचारा के साथ सभी ने मिलजुलकर ईद का त्यौहार मनाया। ईद के मौके पर सभी से खुशी खुशी मिलकर एक दूसरे को ईद का मुबारकबाद दिया। वही ईद की नमाज अदा करने में मुख्य रुप से अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेट्री मो अजरूद्दीन, गफार अंसारी, इम्तियाज अंसारी, बाबर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, फजल अब्बास, गुजरात खान, असफाक अंसारी, हाजी हसीब अंसारी, हाजी तस्लीम अंसारी, हसनैन अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग सभी जगहों पर शामिल थे।

सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

महुआडांड (आजाद सिपाही)। सरहुल का त्योहार महुआडांड मे आदिवासी समाज के द्वारा पुरे धुमधाम के साथ मनाया गया। सरहुल महोत्सव को लेकर इस वर्ष भी स्थानीय बैगा पाहन द्वारा प्रकृति पूजा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी तत्पश्चात हर वर्ष की भांति इस बार भी शोभायात्रा निकाली गई, इस शोभायात्रा में हजारो की भारी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग हाथो मे पारंपरिक वेशभूषा, हथियार व गाजे बाजे के साथ आदिवासी नृत्य करते हुए उपस्थित हुए। इस दरम्यान जय सरना, जय चाला, सरना माता की जय, भारत माता की जय, जय झारखंड, के गगनभेदी नारों से पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रकृति का पर्व सरहुल हम सभी झारखंड यों का पर्व है और यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है इस समय सभी पेड़ पौधे से नई ऊर्जा का संचार होता है नए–नए पत्ते सभी पेड़ से निकलते हैं कई पेड़ से तो फूल भी आती है जो यह सुंदर वनस्पति में तब्दील हो जाता है। हम सब सभी मानव जाति प्रकृति से जुड़े हैं इसे अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में बेहतरीन कला प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

सरहुल की भव्य शोभायात्रा का महावीर मंडल ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। प्रकृति पर्व सरहुल के उपलक्ष्य पर जिला सरहुल शोभायात्रा की शुरूआत जिला मुख्यालय वीर शिवाजी चौक स्थित झाखरा कुम्बा से हुई। जो थानाटोली , शास्त्री चौक, अपर बाजार, मिशन चौक, बरवाटोली, न्यू रोड होते हुए मैना बगीचा पहुंची। इस दरमियान न्यू रोड स्थित मोनिका मार्बल के पास स्टॉल लगा कर केंद्रीय महावीर मंडल के रामभक्तों में शोभा यात्रा का जोर दार स्वागत किया। राम भक्तों ने शोभायात्रा में शामिल लोग के लिए चना ,पानी, तरबूज, बिस्कुट, टॉफी आदि की व्यवस्था की। शोभायात्रा के स्वागत में ओम सिंह, परमेश्वर साहू, लाल ओंकारनाथ सहदेव, कंवलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल, रोहित साहू, अजय पंकज, उमेश सिंह, अजातशत्रु, मिथुन तमेडा समेत दर्जनों रामभक्त उपस्थित रहे।

इमली पेड़ से गिरकर नाबालिग बच्चे की मौत

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित पतरा टोली में इमली पेड़ से गिरने पर एक बच्चे की मौत हो गयी। वही मृतक बच्चे की पहचान अरु पतरा टोली निवासी बुत्ता कुजूर का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुजूर के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है कि घटना के पूर्व अभिषेक कुजूर इमली पेड़ पर चढ़कर इमली झाड़ रहा था। उसी दौरान पैर फिसलने से पेड़ पर बच्चा का बैलेंस बिगड़ गया और बच्चा माथे के सहारे जमीन पर आ गिरा जिससे माथे में गंभीर चोंट लगी। वही घटना के पश्चात घायल अवस्था मे बच्चा को इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया गया।

भाजपा कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। भाजपा मंडल कमिटी के द्वारा गुरुवार को मंडल कार्यालय भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह शामिल हुए वही उनके साथ जिला परिषद की सदस्य व लोकसभा कोर कमिटी की सदस्य संतोषी शेखर, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा समेत पार्टी पदाधिकारी और शक्ति केंद्र के पदाधिकारी शामिल हुए। जहां मौजूद सभी लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा ज्योतिबा फुले जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा की महात्मा ज्योतिबा फुले दलितों, पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने दलितों, पिछड़ों को शिक्षा का अधिकार दिलाया। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनाकर नारी शिक्षा की अलख जगायी। जयंती समारोह कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष ने सभी शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों के साथ लोगों सभा की तैयारी को लेकर बारी बारी से समीक्षा की और कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बिष्णु प्रसाद, आनद सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह मुखिया कालो देवी, विनोद यादव, मनोज प्रसाद मनोज यादव सुनील सिंह समेत काफी सख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व, निकाला गया भव्य जुलूस

डिम्पल राजा

मनिका/ लातेहार। मनिका प्रखंड क्षेत्र में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सरहुल पूजा में आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना किया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि मुनेश्वर उरांव, रघुपाल सिंह, बलवंत सिंह, सुरेंद्र पासवान, विश्वनाथ पासवान, प्रतिमा देवी, दरोगी प्रसाद यादव, वृंद बिहारी प्रसाद यादव, अरुण सिंह, राज किशोर सिंह, रामनंदन उरांव, गुड्डू सिंह ,विश्वनाथ राय मौजुद रहे। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा की प्रकृति को बचाना बहुत जरूरी है प्रकृति नहीं बचेगी तो मानव भी नहीं बचेंगे आज महुआ के चलते जंगल में आग लगा दिया जाता है जिससे प्रकृति के साथ-साथ जानवरों का नुकसान हो रहा है हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना जरूरी है प्रकृति हमारी रक्षा करती है इसलिए प्राकृतिक का भी सभी को रक्षा करना कर्तव्य बनता है। वहीं इस अवसर पर ढोल मांदर नगाड़े के साथ जुलूस निकाला गया जुलूस में महिलाएं और पुरुष आदिवासी परंपरा के अनुसार नृत्य करते हुए झूम रहे थे।

डीसी ने सेन्हा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरुवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 13 मई को लोहरदगा जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर सेन्हा प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा प्रखंड के आरा, अर्रु, मनहे, मुर्कीतोड़ार के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं हेतु उपलब्ध कराए जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरूष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मतदान दिवस के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था, बूथ में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए हेल्फ डेस्क की व्यवस्था, आवश्यक साइनेज लगाने, वोलेंटियर्स की व्यवस्था, मतदाता का व्यवस्थित कतार आदि का निर्देश दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

गुमला में आपसी मेलजोल और भाईचारे के साथ ईद संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। ईद रोजेदारों के लिए अल्लाह का तोहफा है। उक्त बातें जामा मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना इनआम रब्बानी ने बताई। वे शहर में ईद की नमाज की मुख्य जमाअत ईदगाह में इमामत के पुर्व तकरीर फरमा रहे थे। उन्होने बताया कि ईद आपसी भाईचारा, मिल्लत, मुहब्बत और खुशियों का संदेश लेकर आता है। उन्होने ने फरमाया कि इस्लाम शांति का प्रतीक है। इस्लाम न तो जुल्म करने की वकालत करता है और न जुल्म सहने की।

हर कदम पर आवाम के साथ है अंजुमन : मुशाहिद आजमी

अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी पम्मू ने आवाम से खिताब करते हुए कहा कि अंजुमन इस्लामिया शहर के मुस्लिम समुदाय की अगुवाई करने वाला वर्षों पुरानी संस्था है। उन्होने कहा कि अंजुमन आज हर गरीब के घर तक पहुंच कर लोगों को मदद पहुंचाने की कोशिश कर रही है। उन्होने मुस्लिम आवाम को आश्वस्त किया कि अंजुमन कौम की समाजी, मजहबी, मामलों से लेकर हर कदम पर आवाम के साथ है। उन्होने आवाम को बताया कि अंजुमन की नई कमेटी शहर में कई तरह के फलाही काम कर रही है। आवाम को उनके सहयोग के लिए अंजुमन सदर ने आभार व्यक्त किया।

इन स्थानों पर अदा की गयी ईद की नमाज : शहर में कुल 13 स्थानों पर ईद उल फितर की नमाज अदा की गयी। किसमें मदरसा फैज - ए - आम में सुबह 7:00 बजे हाफिज रूस्तम की इमामत में नमाज अदा की गई। मस्जिद - ए - होदा में भी सुबह 7:00 बजे कारी आफताब की इमामत में नमाज ईद पढ़ी गई। प्रातः 7:30 बजे मस्जिद रजा - ए - हवीव में मौलाना तनवीरूल हसन साहब, मस्जिद - ए - जैनब में कारी मसीउददीन साहब और मस्जिद फंजान - ए - रजा में मोलाना अशरफ रजा साहब ने ईद की नमाज पढ़ाई।

सुबह 7:45 बजे गौसिया मोती मसज़िब में हाफिज जाहिब रजा साहब और कावरिया मस्जिद में मुफ्ती कासिद रजा नईमी साहब ने जमाअत की इमामत फरमाई। सुबह 7:50 बजे मसज़िब रजा - ए - मुस्तफा में मौलाना अहमद अली मिसबाही साहब ने नमाज की इमामत की। मक्का मसज़िव में सुबह 8:00 बजे कारी शोएब और मसज़िब गोगुलवरा में हाफिज सदाम हुसैन ने नमाज अदा कराई। मदीना मसज़िब सुबह 8:30 बजे उबैदुल्लाह रहमान काजमी की इमामत में नमाज पढ़ाई गई। ईवगाह में ईद की मुख्य जमाअत 8:30 में हुई जिसकी इमामत इनाम रब्बानी ने की।

कब्रस्तान जाकर लोगों ने पढ़ी फातेहा : ईद की नमाज अदा करने के पश्चात कब्रिस्तान गए। जहां लोगों ने अपने पूर्वजों को याद किया और अल्लाह से उनकी गलतियों को माफ करने की दुआएं मांगी। लोगों ने अपने पूर्वजों के नाम पर गरीबों दीन दुखियों को दान भी दिया। वहां से निकल कर लोगों ने एक दुसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद पेश की। लोग एक दूसरे के घर गए और ईद की सेवइयों का लुत्फ उठाया।

आसपास के गांवों से निकल कर शहर के मुख्य मार्गों में फैल गया आस्था का जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। प्रकृति का महापर्व सरहुल गुमला में गुरूवार को मनाया गया। सरहुल को लेकर शहर और आसपास के जनजातीय बाहुल्य गांवों में काफी उत्साह दिखा। शहर मुख्यालय के सरना स्थलों में पहान पुजार द्वारा पारम्परिक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि के लिए धर्मेश से सामूहिक प्रार्थना की गई। गुमला का मुख्य सरना स्थल दुन्दुरिया में पारम्परिक रीति रिवाज के साथ सरना माता की पूजा गई। इसके अतिरिक्त उरांव सरना क्लब, पुलिस लाइन, पालकोट रोड गुमला स्थित सरना स्थल, चम्पा नगर सरना, वन विभाग कालोनी सरना, बिरसा नगर सरना, चेटर सरना, सरहुल नगर सरना, एस एस हाई स्कूल छात्रावास, पालकोट रोड में एसबीआई के समीप, करमटोली एवं शास्त्री नगर स्थित सरना में पहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। सरना स्थल में पूजा के दौरान चेंगना बलि एवं हड़िया का तपावन आदि चढ़ाया गया। सखुआ का फुल को एक दूसरे के कान में खोंस कर जय धर्मेश कहते हुए एक दूसरे को सरहुल की बधाई दी गई। जुलूस के दौरान मुख्य मार्ग में पड़ने वाले सभी सरना स्थलों में धूप दीप अच्छत व फूल से पूजा की गई और धर्मेश से सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

सरना झंडा और पारंपरिक परिधान के साथ निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

कामडारा (आजाद सिपाही)। सरहूल पर्व के मौके पर कामडारा मे मुख्य पथ पर सरना झंडा व पारंपरिक परिधान के साथ निकाला गया भव्य शोभायात्रा, हजारों की संख्या मे लोग हुये शामिल। इसके पहले कामडारा टंगराटोली के निकट सरना स्थल पर आज गुरुवार को सरना धर्म समन्वय समिति कामडारा के तत्वावधान पर गुजा पहान और पुजार विजय मुंडा के नेतृत्व विभिन्न गांवों से आये पहान व पुजार के द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना की गयी। वहीं इसके एक दिन पहले दो घड़े पर रखे पानी का जलस्तर को देखने के उपरांत पहान के द्वारा इस वर्ष अच्छी वर्षा व खेती होने की भविष्यवाणी की गई।इसके बाद फूलखोंसी की रस्म पूरा होने के बाद सरना पूजा स्थल से एक शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान पूर्व जिप सदस्य सुनीता तोपनो, पूर्व मुखिया नूतन तोपनो, पिंटू केरकेट्टा,विश्राम सोरेंग, कुलदीप सोरेंग सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग काफी संख्या मे मौजूद थे।

मांदर की थाप पर झूमते रहे युवक-युवतियां : केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के नेतृत्व में गुमला शहर के चारों दिशाओं से सरहुल जुलूस निकाला गया। सरहुल जुलूस में झारखंडी कला संस्कृति का समावेश देखा गया। जुलूस में शहर से लेकर गांव तक और आम से खास लोगों की भीड़ उमड़ थी। सरहुल जुलूस दुन्दुरिया उरांव क्लब से आरंभ हुई। सरहुल जुलूस में शामिल होने के लिए शहर और आस पास के गांव से खोड़हा दल पहुंचे थे। जुलूस के दौरान शहर के मुख्य मार्ग सरहुल की पारम्परिक गीत और संगीत से गुंजने लगा। महिलाओं के गीत पर पुरुष नगाड़ा और मांदर बजाकर नाच रहे थे। वहीं युवक युवतियां बड़े और बच्चे एक दूसरे के हाथों में हाथ डालकर नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। गुमला के मेन रोड में जबरदस्त उत्सव का नजारा था। सरहुल जुलूस महावीर चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड, घाटो बगीचा, सिसई रोड से थाना रोड होते हुए सरना क्लब में समाप्त हुई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सांस्कृतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार जुलूस में शामिल हुए।

प्रखंड क्षेत्र में ईद का त्यौहार धूमधाम से मना

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में ईद का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित मस्जिदे अक्सा में ईद का नमाज हाफिज मो कैफ अंसारी के इमामत में संपन्न हुआ। नमाज के बाद नमाजियों द्वारा अपने घर परिवार,गांव एवं तमाम देश दुनिया के लिए अमन ओर शांति, आपसी भाईचारा की दुआ की गयी। मस्जिदे अक्सा में कलीम अहमद के सरपरस्ती में अंजुमन इस्लामिया बसिया के तमाम लोग शामिल हुए।दूसरी ओर प्रखंड के किन्दिरकेला स्थित नूरी मस्जिद में इमाम मनसूर हाफिज ने ईद की नमाज अदा करायी।इस मौके पर सदर शेरशाह खान,अलीम खान, मुमताज खान, मुन्तजिर खान,बादशाह खान,जिलानी खान समेत तमाम धर्मावलंबी शामिल रहे। थाना प्रभारी पुनीत मिंज के नेतृत्व में पुलिस शांति व्यवस्था हेतु गश्ती करती नजर आयी।

धूमधाम से मनायी ईद, एक-दूसरे को गले लगा कर दी बधाई

डुमरी (आजाद सिपाही)। डुमरी सहित देशभर में आज गुरुवार को खुशियों का त्यौहार ईद हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर जामा मस्जिद सहित ईदगाह और अन्य मस्जिदों पर नमाज के दौरान अमन और शांति के लिए हजारों लोगों ने दुआ मांगी। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पूरे दिन मेले जैसा माहौल है। माह-ए-रमजान में एक माह के अनुशासित रोजे का उपहार मिल गया है। बुधवार को चांद दिख गया। ऐसे में आज बृहस्पतिवार को पूरे देश में खुशियों का त्यौहार ईद धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।ईद के मौके पर डुमरी प्रखंड के जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं मौके पर थाना प्रभारी डुमरी लिखन हेंब्रम सहित सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दुसरे को बधाई देते हुए खुशियों का त्यौहार ईद धूमधाम के साथ मनाया।

ईद का पर्व धूमधाम से संपन्न

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड के तिगरा, कमलपुर, गोबिन्दपुर, बरवाडीह, जरडा, पारसा सिकरी आदि गांवों के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद का पर्व धूमधाम के साथ मनाया। वहीं बता दें कि ईद का पर्व जारी प्रखण्ड में शांति पूर्ण मनाया गया। पर्व को देखते हुए जारी थाना के प्रभारी आदित्य कुमार अपने सशस्त्र बल के साथ क्षेत्र में तैनात रहे तकि किसी भी तरह का अनहोनी न हो। गोविंदपुर के जामा मस्जिद में 8:30 बजे ईद की नमाज गोविंदपुर के खतीबो इमाम अहमद राजा साहब के द्वारा पढ़ाया गया उसके बाद दुआ मांगते हुए कहा कि या अल्लाह हमारे क्षेत्र में अमन चैन और शांति रहे नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले लगाकर ईद मुबारक दिया। वही मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी गोविंदपुर के सदर जियारुल अंसारी, सिकरेट्री जाकिर खान, मैनू खान, बेलाल अंसारी, तौकीर कुरैसी आदि रहे।

जंगली हाथी ने आंगनबाड़ी सेविका के मकान को किया क्षतिग्रस्त

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव टिंगटोली मे एक जंगली हाथी ने आंगनबाड़ी सेविका एमलेन तोपनो के मकान को क्षतिग्रस्त किया। यह घटना आज गुरुवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे के आसपास की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त जंगली हाथी अहले सुबह लगभग तीन बजे के आसपास टुरुण्डू डुमरटोली होते हुये गांव टिंगटोली पहूंचा था। जो आंगनबाड़ी सेविका एमलेन के कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त करने के उपरांत गांव कुरमूल के किनारे-किनारे होते कारो नदी की ओर चला गया। इस घटना मे मकान के क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ कुछ घरेलू समाग्रियों भी बर्बाद हो गयी है। इधर इस घटना की जानकारी बसिया के वनपाल लिबनुस कुल्लू को दे दी गयी है। वनपाल ने कहा कि भुक्तभोगी परिवार क्षतिग्रस्त मकान की तस्वीर के साथ वन प्रमंडल बसिया मे अपना आवेदन जमा करें। ताकि उसे उचित मुआवजा दिलाया जा सके।

मुफ्ती राशिद कमाल के नेतृत्व में ईद की नमाज अदा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाके शांति व सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में ईद उल फितर का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। ईद-उल-फितर की नमाज मुफ्ती राशिद कमाल साहब के नेतृत्व में ईद की नमाज जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे और ईदगाह में 8:30 बजे अदा की गई और अमन-चैन, खुशहाली, समृद्धि व भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी गई।इस अवसर पर मो उमर फारूक अंसारी ने कहा कि मुसलमानों के इस पाक महीने रमजानुल मुबारक के मौके पर पुरे 30 दिन बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान सभी आयु वर्ग के लोग रोजा रखते हैं उसके बाद ईद मुबारक का त्यौहार आता हैं, इस त्यौहार में नमाज करने के बाद सभी लोग एक दूसरे से गले मिल कर खुशी जाहिर करते हैं। ईद के दिन बच्चों में खुशी देखते ही बनती है, जब बच्चों को नमाज के बाद बडों के आशीर्वाद के साथ उपहार व ईदी मिलती है। नमाज के बाद लोग एक दूसरे के घर जाकर सेवई व स्वादिष्ठ व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाते हैं। सिसई प्रखंड हमेशा से गंगा-जमुना तहजीब की मिशाल देखने को मिला है। मौके पर अंजुमन के सदर सलमान अली साहब, सेक्रेट्री समसामुल हक साहब, परवेज अंसारी, मो.उमर फारुक अंसारी, अरशद अंसारी, अफरोज अंसारी आदि सैकड़ों नमाजी उपस्थित थे।

आदिवासी एकता मंच ने धूमधाम से मनाया प्रकृति पर्व सरहुल

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। आदिवासी एकता मंच के बैनरतले बसिया प्रखंड में प्रकृति पर्व सरहुल धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में लुझु पतरा सरहुल अखरा पंथा रोड में पाहन संजय फारसमा, बिरसा खड़िया, बिहारी पाहन एवम भगवान पाहन सोलंगबिरा एवम मनोहर उरांव बसिया और रन्थु उरांव ने पूजा अर्चना की ओर देश दुनिया की खुशियाली की कामना की। वही 2 बजे उतरी क्षेत्र के खोड़हा दल द्वारा पाड़हा भवन बसिया से एवम दक्षिणी क्षेत्र के खोड़हा दल द्वारा खुदी चौक से शोभा यात्रा निकाली गयी। उतरी क्षेत्र के शोभायात्रा का नेतृत्व अंचलाधिकारी नरेश कुमार मुंडा कर रहे थे। खोड़हा दल द्वारा मांदर एवम नागेड़ा की थाप पर नृत्य करते सरहुल अखाड़ा पहुंचा जहां उपस्थित खोड़हा दल मांदर की थाप पर नृत्य करते रहे। मौके पर संरक्षक शशिकांत भगत ने सरहुल पर्व की बधाई देते हुए कहा कि आदिवासी प्रकृति के पुजारी है। हमे जल जंगल जमीन के साथ साथ संस्कृति को बचाये रखने है। मौके पर अंचल अधिकारी नरेश मुंडा, रोशन बरवा, थाना प्रभारी पुनीत मिंज, कार्तिक भगत मंगलेश्वर उरांव, सुकरात उरांव, संजय कुजूर दिलीप तिर्की सहित सेकड़ो महिला पुरूष बच्चे उपस्थित थे।

पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना के साथ सरहुल संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। प्रखंड मुख्यालय में प्राकृतिक पर्व सरहुल धुमधाम से मनाया गया। सरहुल के अवसर पर थाना चौक स्थित सरना स्थल पर पारंपरिक रिति रिवाज से पुजा अर्चना कि गई। इसके उपरांत केन्द्रीय सरना समिति के नेतृत्व में सरना स्थल से प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना स्थल तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव,पुर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा उपस्थित होकर ढ़ोल मांदर की थाप पर पारंपरिक आदिवासी नृत्य में लोगों के साथ झुमते नजर आएं। इस अवसर पर डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि सरहुल झारखंड का प्रमुख पर्व है, जिसे आदिवासी के साथ सभी वर्गों के लोग मिल-जुलकर धुमधाम से मनाते हैं। सरहुल प्रकृति से प्रेम का प्रतीक है। जनजातीय व सदान समुदाय के लोग सरहुल से पहले खेतों में बीज नहीं बोते हैं, वहीं सरहुल में गांव के पहान -पुजार गांव की भलाई व सुख समृद्धि के लिए विभिन्न अनुष्ठान व अच्छी फसल के लिए अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हैं। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पर स्टॉल लगाया था। टीवीएस शोरूम के पास भाजपा मंडल सिसई के बैनर तले स्टाल लगाकर चना शरबत दिया जा रहा था। वहीं अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव,पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव, अनिल साहु, भैरो सिंह खेरवार, निरंजन सिंह, वसंत यादव, तेज नारायण सिंह, सत्यनारायण भगत,चरवा उरांव, सुखलाल राय, विरेन्द्र तत्वा, संजय महतो, मनोहर नायक, नितीश कुमार बडाईक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोमबत्ती की रोशनी में पेट्रोल बेचने के दौरान झुलसी महिला

गुमला (आजाद सिपाही)। मोमबत्ती की रोशनी में पेट्रोल बेचना किराना दुकानदार को महंगा पड़ गया। मोमबती से पेट्रोल के जरकीन में आग लग गया। आग का लपटे महिला के नाइटी को पकड़ा। जिस कारण महिला 80 प्रतिशत से अधिक जल गई है। गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। आगजनी की घटना से घायल महिला सरिता कुजूर चैनपुर में किराना का दुकान चलाती है। दुकान में पेट्रोल भी अवैध रूप से बेचती है। गुरुवार की शाम एक व्यक्ति ने बोतल लेकर पेट्रोल खरीदने पहुंचा था। अंधेरा के कारण महिला ने मोमबत्ती जलायी। जरकीन से पेट्रोल बोतल में देने के दौरान पेट्रोल का गैस मोमबती के संपर्क में आ गया और आग धधक गया।

राजनीतिक रंग में सराबोर दिखाई दिये सरहुल और ईद

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। वर्ष 2024 में एक ही दिन मनाये जाने वाले सरहुल और ईद के त्यौहार में भी राजनीतिक रंग से अछूते नहीं रह सके। भूल के जुलूस सरहुल के जुलूस में भाजपा और कांग्रेस दोनों के लोकसभा प्रत्याशी जुलूस में घूमते हुए दिखाई दिए। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत स्थानीय टावर चौक में आमने-सामने हो गया। दोनों ने सरहुल के इस पावन बेला को साक्षी मानते हुए आपस में गले लगा कर एक दूसरे को सरहुल की बधाई दी। कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत सरहुल का जुलूस खत्म होने के बाद मुस्लिम बहुल क्षेत्र में पहुंचे और लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। विशेष कर वे मुस्लिम बहुल इलाकों में सबसे व्यस्ततम इस्लामपुर चौक पहुंचकर लोगों से काफी देर तक बातें की। उन्होने लोगों से गले मिलकर उन्हें बधाइयां दी। इस वर्ष सरहुल और ईद दोनों राजनीतिक रंग में रंगे दिखाई दिये।

क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने लगाया स्टॉल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। प्रकृति महापर्व सरहुल के मौके पर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला द्वारा मेन रोड गुमला मै स्टॉल लगाया गया। स्टाल में पेयजल व चना की व्यवस्था की गई। मौके पर झारखंड क्रिश्चियन यूथ संगठन गुमला के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा सरहुल त्यौहार प्रकृति को समर्पित है। इस त्यौहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है, सरहुल त्योहार हमारे झारखंड के एक प्रमुख त्यौहार है, जो की बसंत में मनाया जाता है, मौके पर फा. सोमनाथ होनहागा, अमलेन कुजूर,रोबर्ट टोप्पो, सजीत पन्ना, कुमुदिनी बारा, नेहा तिर्की, प्रवीण तिर्की, तृण एक्का, जयमंती एक्का, सेत कुमार एक्का,, आदि लोग स्टॉल मै उपस्थित रहे।

चेंबर ने किया सरहुल जुलूस का स्वागत : गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में मेन रोड स्थित चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष अमित पोद्दार के प्रतिष्ठान के बाहर स्वागत स्टाल लगाकर सरहुल के शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुदर्शन भगत का आगमन होने पर चेम्बर के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, अमित पोद्दार, अमित माहेश्वरी, हिमांशु केशरी, पूर्व सचिव विनोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, दुर्गा गुप्ता, राहुल केशरी, बृज किशोर फोगला सहित कई मौजूद थे।

मिशन बदलाव ने सरहुल शोभयात्रा में किया चना वितरण किया : मिशन बदलाव नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और बिनोद साहू,ज्योति ग्लोरिया कुजूर, बिमला उराव,के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यायल के कुम्हार ढलान के समीप आदिवासी सरना समाज के साथ प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया और इस मौके पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिये चना वितरण किया गया। शोभा यात्रा के स्वागत में मिशन बदलाव के सभी सदस्य उपस्थित थे सदस्यों ने चौक पर चना, गुड़ व पानी की व्यवस्था की गयी थी।

ब्रह्मकुमारी खेल प्रभाग ने किया क्रिकेट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला/ सिमडेगा। तेलंगाना खरिया स्टेडियम में आयोजित 19 वर्षीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच के दौरान ब्रह्माकुमारीज खेल प्रभाग और ग्राम सेवा पथ पर ट्रस्ट के द्वारा हजारीबाग और गुमला टीम के सभी सदस्य, कोच तथा अन्य पदाधिकारी के बीच 51अमरूद, गुलमोहर, पीपल, नीम आदि पौधे वितरित किए गए। यह कार्यक्रम बीके शांति दीदी के निर्देशन में संपन्न हुआ और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलित हो चुका है और हमें संतुलित बनाने में के लिए पेड़ पौधों अधिक से अधिक लगाने की आवश्यकता है। साथ ही ग्राम सेवक ट्रस्ट के उप सचिव पवन कुमार ने कहा कि जिस प्रकार वर्तमान समय वैश्विक तापन से हम सभी लोग एवं जीव जंतु विचलित हैं । हमें समय की पुकार को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा लगाये। मौके पर बीके शांति दीदी, अंजिता बहन, ममता बहन, सुचिता, कुंती, हेमंत, शकुंतला, संजू माता, रघु भाई, केदार भाई आदि अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सरहुल पर्व पर जुलूस निकाल कर मांदर की थाप पर झूमा आदिवासी समाज

पांकी का डाक बंगला पहाड़ अब सरना पहाड़ के नाम से जाना जायेगा: डॉ शशिभूषण मेहता

सरहुल पूजा पर आयोजित जुलूस में शामिल विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, चतरा लोस के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। प्रखंड अंतर्गत सिचाई विभाग के मैदान में गुरुवार को सरहुल पूजा आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, चतरा लोकसभा केंद्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो शामिल हुए। सरना कमेटी के लोगों ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं सरना का झंडा देकर स्वागत किया। इस दौरान पाहन की ओर से विधि विधान से आदि देव धर्मेश एवं सरना की पूजा की गई एवं डाक बंगला के पहाड़ पर सरना का खूंटा गाड़ा गया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि डाक बंगला पहाड़ अब सरना पहाड़ के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने सरहुल पूजा के कमेटी के लोगों को कार्यक्रम कराने के लिए जमकर सरहाना की। आयोजित सरहुल पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सरना आदिवासी समाज के लोग एवं विधायक आदि ने शोभायात्रा के साथ भ्रमण किया। शोभायात्रा पांकी कपूर्री चौक से भगत सिंह चौक एवं जरही चौक से कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। इसमें आदिवासी सरना समाज के लोग ढोल-नगाड़े व मांदर की थाप पर जमकर झूमे। पांकी प्रखंड के विभिन्न गांवों से सरना आदिवासी समाज के लोग अपनी-अपनी टोली बनाकर पहुंचे थे। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शत्रुघन सिंह, विनय सिंह, कमेश यादव, सुधीर तिवारी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री मंजुलता दूबे, रीमा शर्मा, साधु मांझी, योगेंद्र उरांव आदि थे।

आदिकाल से मनाया जा रहा है सरहुल पर्व : विधायक

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मैदान में गुरुवार को अद्दीकुडुख सरना समाज के तत्वाधान में प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता भी शामिल हुए। पाहन प्रेमचंद उरांव ने विधि विधान से वृक्ष वनस्पति की पूजा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं विधायक ने कहा कि सरहुल पर्व आदिकाल से मनाया जा रहा है। यह प्रकृति की पूजा का त्योहार है। पेड़-पौधा वनस्पति का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पेड़ की कटाई जब नहीं होगी, तो प्रकृति हरी भरी रहेगी और वर्षा भी समय पर होगी। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में सतबरवा प्रखंड के कुलिया, धावड़ीह, अधमनिया, बरहकुरवा, बकोरिया, बोहिता सहित दर्जनों गांव के लोग मंदार और नगाड़ा लेकर पारंपरिक वेशभूषा में अपनी-अपनी टोली लेकर शामिल हुए थे। मंदिर की थाप पर नृत्य करते एनएच 39 होते हुए पूरे सतबरवा नगर का भ्रमण कर पुनः पूजा स्थल पहुंचे जहां अच्छा प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पांकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, भाजपा नेता आशीष सिन्हा, मुखिया रिंकी यादव, अनुज चंद्रवंशी, अशोक यादव और चंदन उरांव आदि उपस्थित थे।

हुसैनाबाद में शांति व सौहार्द्र से मनी ईद

राजद के प्रदेश अध्यक्ष व जिप उपाध्यक्ष ने नमाजियों से गले मिल कर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। खुशी व शांति के माहौल में गुरुवार को ईद का त्योहार मनाया गया। इस दिन सामूहिक रूप से अकीदत के साथ ईद की नमाज अता की गयी। नमाजियों में उत्साह के साथ बुजुर्ग, नौजवान, बच्चे शामिल हुए। हुसैनाबाद के दातानगर स्थित ईदगाह के मैदान में व्यापक पैमाने पर ईद की नमाज पढ़ी गयी। इसके अलावा लम्बीगली तालाब मस्जिद, इस्लामगंज मदरसा, नूरी मस्जिद आदि मस्जिदों में आयोजित नमाज में काफी संख्या में नमाजी शामिल हुए। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के मैदान में राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, कांग्रेस के वरीय नेता धनंजय तिवारी ने लोगों के गले मिलकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईद में हम सभी हिन्दू-मुस्लिम भाई मिलजुलकर त्योहार का आनंद उठाते हैं। मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, डॉ एजाज आलम, अशोक यादव, पूर्व मुखिया टुन्ना सिंह, सुदेश्वर राम, शिवशंकर यादव, हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, जमील अहमद, सुहैल आलम, रहमान राईन, इम्तेयाज खान उर्फ बड़ा बाबू, अमीन खान, इम्तेयाज आलम आदि मौजूद थे। वहीं, ईद पर शहर के इस्लामगंज, रमजान नगर, लम्बीगली, चिकटोली, किला रोड, सैयद टोली, मिजार्पुर, मोहम्मदाबाद आदि गुलजार रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में देवरी, सूबेदार बीघा, ऊपरी, सदबीघा, झरगड़ा, मांडर,बेनी,बुधुआ बाजारी आदि गांवों में ईद के नमाज के बाद बधाई दी। सेवई से मुंह भी मीठा कराया।

जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया ईद उत्सव का मंचन

जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में भाईचारे का उदाहरण देते हुए ईद के उत्सव का मंचन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने ईद पर मनाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया एवं एक-दूसरे को फल, मिठाई एवं उपहार भेंट किया। छात्रा जया ने रमजान के पवित्र माह के महत्व, रोजा, चांद तारों को देखने के बाद ईद मनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सभी बच्चे प्रफुल्लित हुए एवं सर्व धर्म संभाव का परिचय देते हुए भारतीय संस्कृति का संरक्षण एवं प्रचार करने के लिए प्रेरित हुए। प्राचार्य मनुज शर्मा ने अपने संबोधन में पैगंबर मुहम्मद द्वारा बताए गए मानवता में जकात एवं एक-दूसरे के सम्मान के बारे में बच्चों को जागरूक किया। मौके पर अतिफा, आलिया, फलक, आतिफ, अल्तमश, दिलशान, अरबाब के अलावा शिक्षकों में विकास नायक, दीपक महतो और अमृता शामिल हुए।

विवाहित युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दंगवार ओपी अंतर्गत कजरात गांव निवासी सरोज मेहता (32) ने बुधवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर की। गुरुवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर स्थित पेड़ के सहारे फंदे से लटकता उसका शव बरामद हुआ। घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पता चला है कि सरोज कजरात नावाडीह स्टेशन के समीप चाट-चाऊमीन का ठेला लगाता था। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची दंगवार ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है।

जमीनी विवाद में दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत ओरनार गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाईयों पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें विजय तिवारी और उनके छोटे भाई अशोक तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गये है। दोनों को पहले मेदिनीनगर के मेडिकल कालेज अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस मामले में वीरेंद्र दूबे, राकेश दूबे, बबन तिवारी व अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार ओरनार गांव के रहने वाले विजय तिवारी अपने खेत की फसल को नील गाय से बचाने के लिए तीन दिन पहले गढ्ढा खुदवाया था। उसी से कुछ दूरी पर अपना गेहूं कटवा रहे थे। तभी एक व्यक्ति आया और कहा कि आपसे कोई मिलना चाहता है। इस पर वह जोगियाहा मोड़ अपने बड़े भाई को बता कर चले गए। वहां जाकर देखा तो जो खेत में गढ्ढा खुदवाया था उसी जमीन में वीरेंद्र दूबे अपने सहयोगियों के साथ हथियार से लैंस हो कर उनकी जमीन पर जेसीबी चलवा रहा थे। विजय तिवारी ने पूछा कि उनके खेत में जेसीबी क्यों चलवा रहे हैं तो कथित रूप से उनपर हमला कर दिया गया। आरोप है कि रायफल के बट्ट से उन्हें मारा गया है। जान मारने क्की नियत से लगातार शरीर पर प्रहार किया। शोर शराबा सुनकर उनका भाई अशोक तिवारी भी पहुंच गए। पर अशोक को देखकर उन लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोप है विजय तिवारी ने जब आरोपियों की तस्वीर खीचने के लिए मोबाइल निकाला तो उन लोगों ने फोन भी छिन लिया। वीरेंद्र दूबे के गले की चेन और अंगूठी भी छिन ली। दूसरी ओर, विजय तिवारी के फर्द बयान पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी है।

घायल व्यक्ति का बयान लेती पुलिस।

एक-दूसरे के गले मिलकर दी ईद की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

सतबरवा/ पलामू। ईद के अवसर पर सतबरवा समेत करमा, बोहिता, सेहरा, बकोरिया, बारी, झाबर, रेवारातु गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद की। इस दौरान सभी जगह पर मस्जिदों को लाइट से सजाया गया था। वहीं, करमा जामा मस्जिद में ईद की नमाज हाफीज रेहान के नेतृत्व में अदा की गई। उसके बाद सभी लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। युवा व्यवसायी शमसाद अंसारी ने बताया कि ईद का पर्व एक माह रोजा रखने के बाद मनाया जाता है। यह प्रेम व भाईचारा बढ़ाने का पर्व है।

कन्याओं के विवाह के लिए पांच वर्षों तक स्टील ड्राम सेट व बर्तन का करूंगा वितरण : मिथिलेश

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी बस्ती काली मंदिर के तत्वावधान में पूर्वी पंचायत के पूर्व पंसस मिथिलेश पाण्डेय ने घोषणा की कि क्षेत्र में के अगले पांच वर्ष तक कन्याओं के विवाह में स्टील ड्राम सेट का वितरण किया जाएगा। जिसकी शुरूआत गुरुवार को बनखेता गावं से दो कन्याओं के विवाह में स्टील ड्राम सेट उपहार स्वरूप देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मिथिलेश पांडेय ने कहा कि लोगों के आशीर्वाद से पांकी पूर्वी पंचायत की कन्याओं के विवाह में विगत पांच वर्षों तक स्टील ड्राम सेट वर्तन उपहार स्वरूप वितरण करूंगा। वहीं, मौजूद ग्रामीणों ने इस नेक कार्य के लिए मिथिलेश पांडेय की खूब सराहना की। कार्यक्रम का संचालन सोनू गुप्ता ने किया। मौके पर त्रिभुवन पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, एएसआई भोला पासवान, किशोरी प्रसाद, सोनू गुप्ता, सुनील प्रसाद, नारायण साव, गेंदा प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, विजय सिंह, अमीन और विदेश सिंह आदि मौदूद थे।

बार्सिलोना ने पीएसजी को हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूसीएल (यूइएफए) चैंपियंस लीग) क्वार्टरफाइनल के तीसरे मुकाबले में बार्सिलोना ने पीएसजी को 3-2 से हराया। एफसी बार्सिलोना की ओर से विंगर राफिन्हा ने 2 गोल दागे। वहीं, तीसरा गोल डिफेंडर आंद्रेस क्रिश्चनसन ने किया। पीएसजी की ओर से ओसमान डेम्बेले और विटिन्हा ने गोल किए। बुधवार देर रात क्वार्टरफाइनल के दो मुकाबले खेले गए। एक मुकाबला स्पैनिश क्लब बार्सिलोना और फ्रैंच क्लब पीएसजी के बीच पेरिस में हुआ। वहीं, दूसरा मुकाबला मैड्रिड में स्पैनिश क्लब एथलेटिको मैड्रिड और जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के बीच खेला गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एथलेटिको मैड्रिड ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराया। इससे पहले मंगलवार को रियल मैड्रिड में मैनचेस्टर सिटी और रियल मैड्रिड के बीच खेला गया पहला मुकाबला और लंदन में इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल और जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख के बीच खेला गया दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। दूसरे लेग के मुकाबले अगले हफ्ते खेले जाएंगे। बतातें चलें कि बार्सिलोना ने मैच की शुरूआत शानदार की। टीम ने लगातार गोल करने के चांस बनाए। वहीं, दूसरी ओर पीएसजी ने भी लगातार प्रयास किए। हालांकि, पहले हाफ में बार्सिलोना ने बढ़त हासिल कर ली ब्राजीलियन फुटबॉलर और टीम के विंगर राफिन्हा ने 37वें मिनट में गोल दाग दिया। पहले हाफ में बार्सिलोना ने 1-0 से बढ़त बना ली।

बसपा नेता ने किया बाबा साहेब डॉ भीमराव आबेडकर की प्रतिमा स्थल के निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र के ढकचा पंचायत अंतर्गत ग्राम पड़रिया के टोला धमाकाडीह में बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने गुरुवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की अनुयायियों की ओर से बौद्ध धर्म रीति रिवाज से भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार रवि ने बताया कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश की आजाद के बाद जो संविधान उन्होंने दिया उसी से देश फल फूल रहा है। वे गरीबों के मसीहा थे। उनकी याद के लिए धमाका डीह में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस मौके पर बसपा के प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सचिव बालचंद कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्त, उप मुखिया शारदा देवी, एसपी रंजन, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, शिवलाल राम, बीरेंद्र कुमार, मनोज राम आदि थे।

स्पोर्ट्स

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करना है। उनकी तैयारी चल रही है। प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा का सर्वश्रष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोंम डायमंड लीग के दौरान आया जहां उन्होंने 89.94 मीटर की दूरी तक भाला फेंका।

सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है: नीरज चोपड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करना है। उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह जल्द ही कभी भी हो सकता है। प्रतियोगिता में चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान आया, जहां उन्होंने 89.94 मीटर की दूरी तक भाला फेंका। हालांकि उन्होंने प्रशिक्षण में 90 मीटर की दूरी पार कर ली है, लेकिन प्रतिस्पर्धा में उन्हें अभी भी इसकी बराबरी करनी है। पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण बरकरार रखने का लक्ष्य रखने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कहा कि मैं उससे (पेरिस ओलंपिक) से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश करूंगा। उम्मीद है, यह पेरिस से पहले होगा, सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। इसलिए लोगों को ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, यह उससे पहले हो सकता है। तैयारी अच्छी है। मौजूदा विश्व चैंपियन का आत्मविश्वास इस तथ्य से उपजा है कि उनका ऑफ सीजन अच्छा रहा है, जहां उन्होंने फिटनेस और ताकत पर ध्यान केंद्रित किया, साथ ही 2020 टोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद जो सफलता हासिल की है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि सीजन की शुरूआत के दौरान, ध्यान फिटनेस और ताकत पर था और कोई विशेष भाला प्रशिक्षण नहीं था। मुझे लगता है कि इसकी वजह से मुझे तकनीक में काफी सुधार हुआ है। इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में ताकत और कंडीशनिंग प्रशिक्षण भी खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि टोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास वास्तव में बढ़ गया है, जिससे उन्हें पेरिस जाने में काफी मदद मिलेगी। चोपड़ा ने कहा कि टोक्यो के बाद, आत्मविश्वास निश्चित रूप से बढ़ गया है। इसके अलावा, मैंने कुछ प्रतियोगिताएं भी खेली हैं।

संजू सैमसन पर 12 लाख जुर्माना

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जयपुर में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते संजू पर जुर्माना लगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) ने यह जानकारी दी। आइपीएल के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को बुधवार को इस सीजन की पहली हार मिली। टॉस हार कर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। गुजरात को जीत के लिए 20वें ओवर जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। राजस्थान की टीम तय वक्त पर ओवर करने से 5 मिनट पिछड़ गई। इसके चलते आखिरी ओवर में संजू 5 की जगह सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर भेज पाए। जीटी के राशिद खान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिला दी। वहीं, आइपीएल ऑफिशियल्स ने कहा कि इस सीजन टीम राजस्थान की यह पहली गलती थी, इसलिए आइपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। गौरतलब हो कि दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान ऋषभ पंत पर लगातार दो मैचों में स्लोर ओवर रेटिंग के लिए जुर्माना लग चुका है। आइपीएल के 16वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ पंत पर 24 लाख रुपए का फाइन लगाया गया था। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगा था।

सामूहिक रूप से अदा की गयी नमाज, जनप्रतिनिधियों ने घर-घर जाकर दी ईद की बधाई

धनबाद-बेरमो कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद, मांगी गयी अमन-चैन की दुआ

आजाद सिपाही टीम

फुसरो/जैनामोड़/बेरमो/कतरास। बेरमो कोयलांचल में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह, मस्जिदों व करगली फुटबॉल मैदान में ईद की नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी। करगली फुटबॉल मैदान में हाफिज एहशानुल हौदा ने लोगों को नमाज अदा करायी। उसके बाद लच्छे-सेवइयों की मिठास का लुत्फ लेते हुए परिवार के सदस्यों सहित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही अपने सगे-संबंधियों व मित्रों को फोन व वाट्सएप से बधाई देकर ईद की खुशियां साझा की। वहीं, करगली गेट स्थित घुटियाटांड, रहिमगंज, करगली बाजार, पुराना बीडीओ ऑफिस, भेडमुक्का, राजाबेड़ा, ढोरी स्टॉफ क्वार्टर, पटेल नगर सहित अन्य क्षेत्रों में ईद की नमाज ईदगाह या मस्जिदों में पढ़ने की परंपरा रही है, जहां हजारों लोग शरीक हुए। इस बार मस्जिदों व ईदगाहों में सामूहिक नमाज इमाम, मुआज्जिन व मुतवल्ली ने ही अदा करायी। कुछ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने घरों में ही ईद की नमाज पढ़ी। हाफिज एहशानुल हौदा ने बताया कि मुस्लिम धर्म में ईद सबसे बड़ा त्योहार है। एक महीना रोजा रखने के बाद यह ईद मनाया जाता है। सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर रहें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें।

बच्चों ने खूब की मस्ती

बच्चों ने नये कपड़े पहनकर ईद की नमाज घर में अदा की। बाद में बड़ों से ईदी वसूली। उसके बाद खुशी मनाते हुए खूब मस्ती की। फुसरो की बाटागली, रहीमगंज, घुटियांटाड, रजा नगर, भेड़मुक्का, राजाबेड़ा आदि में नए कपड़ों में निकले बच्चों के चेहरे ईद की खुशी से दमक रहे थे। वहीं, ईद के अवसर पर बेरमो कोयलांचल के कई मुस्लिम बहुल मुहल्लों को रंगबिरंगे गुब्बारों व झालरों से सजाया गया। इसमें बाटा गली, रहीमगंज, रजा नगर, भेडमुक्का आदि स्थान शामिल है।

घरों में जाकर समाजसेवियों-जनप्रतिनिधि ने दी बधाई

बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ उषा सिंह ने कश्मीर क्लॉथ स्टोर के मालिक मंजूर हसन उर्फ जिया के मन्नत निवास में जाकर और विस क्षेत्र के कई मुस्लिम धर्मावलंबियों के घर जाकर ईद की बधाई दी। मौके पर फुसरो नप उपाध्याय छेदी नोनिया, परवेज अख्तर, उत्तम सिंह, मो इलियास हुसैन, मो महबूब, हाशिम अंसारी, मो जावेद, ताहिर अंसारी, जसीम रजा उर्फ गुडडू, मो करीम, मो वसीम रजा आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, बेरमो पुलिस विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क थी। बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए लोगों का धन्यवाद किया।

सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा करते लोग।

एक-दूसरे से मिलकर ईद की बधाई देते लोग।

जगह-जगह मस्जिदों में अदा की गयी नमाज

जैनामोड़/बेरमो। जरीडीह थाना अंतर्गत सभी मस्जिदों में गुरुवार को शांति पूर्ण तरीके से ईद मनाई गई। नमाज की अदा करने के बाद दान कर्ताओं ने गरीबों के बीच यथा संभव दान दिया। इस बाबत बांधडीह दक्षिणी युवा झामुमो नेता आशिक अंसारी ने कहा कि गरीब, मजबूरों का दान दिया गया धन खुदा के खजाने में जाता है। दान देने वाले की प्रवर दिगार के यहां रहनुमाई स्थान का शिरकत होता है। नमाजी वाजी के अवसर पर झामुमो नेता आजाद अंसारी, जमशेद अंसारी, खलील अंसारी, अकबर अंसारी, मो गुलाम हसनेन, लालमोहमद (लालू), अताक अहमद, तबरेज आलम आदि शामिल हुए। जरीडीह प्रखंड अंतर्गत, बांधडीह दक्षिणी-उतरी, टांड़ मोहनपुर , बालीडीह, जैनामोड़, बारू, बहादुरपुर, पाथुरीया, गायछंदा, आराजू, चिलगडडा, तुपकाडीह के मस्जिदों में लोगों ने नवाज अदा की। वहीं, जरीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने कहा कि क्षेत्र के सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण व्यवस्था कायम रही। जरीडीह अंचलाधिकारी प्रणव रितुराज, जरीडीह बीडीओ जयपाल महतो, झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री हफीजूल हसन, जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने भी फोन पर क्षेत्र के लोगों को ईद की बधाई दी। वहीं, प्रशासन की ओर से शांति बनाए रखने में राकेश कुमार सिंह, एसआई निर्मल कुमार महतो, जयंती कुमारी और आशा कुमारी आदि ने सहयोग किया।

कतरास में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद, एक-दूसरे से गले मिलकर दी बधाई

कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास व आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को ईद मनाया गया। जगह-जगह ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे के गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कतरास बाजार मस्जिद मोहल्ला में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें तारीफ अनवर उर्फ लालू, मोनू खान, मो रिंकू, जिशन, जसीम, पप्पू, जाविर, शेख तारीफ अनवर उपस्थित थे। छडीदारडीह में मुखिया मो अल्ताफ के आवास पर ईद मिलन आयोजित हुआ। दर्जनों लोगों ने उपस्थित होकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। कतरास पंचगढी बाजार में जावेद रजा एवं मंजर आलम के आवास पर ईद मिलन का आयोजन किया गया। छाताबाद में वार्ड नंबर 2 पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान, सामाजिक कार्यकर्ता मो शहाबुद्दीन एवं परवेज आलम के आवास पर ईद मिलन किया गया।

बीडीओ ने अबुआ आवास और 15वीं वित्त की योजनाओं का किया निरीक्षण

बलियापुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत आमटाल पंचायत में गुरुवार को बीडीओ ने अबुआ आवास योजना और 15वें वित्त आयोग की योजना का निरीक्षण किया। इसके तहत आमटाल पंचायत में कुल 29 आवास स्वीकृत किया गया है। सभी में कार्य प्रारंभ है। पंचायत सचिन को सभी आवासों का प्रथम जियो टैग 3 दिन में करने का निर्देश दिया है। इसी तरह 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत समिति मद से आमटाल बांधकुल्ही हरि मंदिर में पेवर ब्लॉक का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें 85 प्रतिशत से अधिक भुगतान होने के बावजूद योजना अपूर्ण है और प्राक्कलन के अनुसार कार्य भी संतोषजनक नहीं है। इसके लिए संबंधित लाभुक समिति को नोटिस किया जा रहा है। साथ ही इसकी जांच भी करायी जाएगी। इसके अतिरिक्त आमटाल पंचायत के दो योजनाओं से संबंधित संचिका, योजना पंजी और कैश बुक भी प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड समन्वयक आवास और 15वीं वित्त आयोग बलियापुर, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समय सेवक आदि उपस्थित थे।

150 टन अवैध कोयला जब्त, एक गिरफ्तार

बोकारो (आजाद सिपाही)। डीसी विजया जाधव के निर्देश पर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत चाकुलिया में छापामारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारीत 150 टन कोयला जब्त किया गया। मौके से वजन करने वाली एक मशीन भी जब्त की है। संबंधित के विरोध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

कोयला तस्करी में लिप्त छह गिरफ्तार, करीब 20 क्विंटल कोयला लदे बाइक भी की जब्त

कतरास (आजाद सिपाही)। तेतुलमारी पुलिस ने अवैध धंधेबाजों के खिलाफ अभियान चलाकर गुरुवार अहले सुबह गया पुल के समीप 6 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 20 क्विंटल कोयला लदी बाइक भी जब्त कर ली है। सभी को राष्ट्रीय संपदा की चोरी के मामले में तेतुलमारी थाना कांड संख्या 22/24 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा कि इन दिनों तेतुलमारी थाना क्षेत्र में कोयला की अवैध धुलाई जमकर हो रही है। उक्त कारोबार खूब फल फूल रहा है। इसकी सूचना मिलते ही तेतुलमारी पुलिस ने अभियान चलाकर पांडेडीह-राजगंज मुख्य मार्ग पर गया पुल के समीप से बाइक की मदद से अवैध तरीके से कोयला ले जा रहे तेतुलमारी निवासी शिवनारायण बेलदार, दयाबांस पहाड़ (तोपचाची) निवासी टेकलाल गोप, छोटा नगरी (तेतुलमारी) निवासी प्रेम रवानी, बेकार बांध (धनबाद) निवासी सुजीत कुमार, तोपचाची निवासी उज्वल कुमार, शक्ति चौक (तेतुलमारी) निवासी निर्मल महतो को दबोच लिया और जेल भेज दिया। तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तस्करों के पास से करीब 16 क्विंटल कोयला जब्त किया गया है।

मांदर की थाप पर थिरके पुलिस के आला अधिकारी

सरहुल त्योहार पर धनबाद पुलिस लाइन में आदिवासी समाज की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम, परिवार के साथ शामिल हुए पुलिसकर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिले में धूमधाम से प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद पुलिस लाइन में आदिवासी समाज की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी समेत पुलिस विभाग के सभी पदाधिकारी व जवान अपने पूरे परिवार के साथ भाग लिये। एसएसपी सहित सभी पदाधिकारियों का पारंपरिक आदिवासी नृत्य से स्वागत किया गया। जमकर ढोल, मांदर बजाकर नाचते-गाते सरना स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर एसएसपी व मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत पगड़ी व पौधा देकर किया गया। इस अवसर पर एसएसपी ने सभी को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी। बतातें चलें कि केंद्रीय सरना समिति प्रतिवर्ष सरहुल पर्व पर का आयोजन करती है। वहीं, एसएसपी एचपी जनार्दन ने मांदर बजाकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने बताया कि सरहुल पूजा पारंपरिक रूप से धनबाद पुलिस लाइन में मनाई जा रही है। यह पेड़-पौधे व जल संरक्षण के साथ नए साल की शुरूआत का आगाज है। सभी झारखंडवासियों को सरहुल की शुभकामनाएं।

महात्मा ज्योतिराव फुले के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। विधायक बिरंची नारायण ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ महात्मा ज्योतिराव फुले की 187वीं जयंती आवसीय कार्यालय में मनाई। विधायक ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बोकारो विधायक ने उनकी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। उन्हें महात्मा फुले एवं 'ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। उनका काम कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिसमें अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था का उन्मूलन और महिलाओं और उत्पीड़ित जाति के लोगों को शिक्षित करने के उनके प्रयास शामिल हैं। ज्योतिराव फुले को महात्मा की उपाधि समाज सुधारक विट्ठलराव कृष्णाजी वंदेकर ने दी थी। 63 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु से कुछ साल पहले उस समय भारतीय समाज में व्याप्त बुराइयों से लड़ने के उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिया गया। मौके पर जिला महामंत्री संजय त्यागी, वीरभद्र प्रसाद सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, पन्नालाल कांदू, महेंद्र राय, पहलू महतो, बुद्धेश्वर घोषाल, अमित सिंह, अभय कुमार गोलू, आलोक वर्मा, सुरेश बुधिया, विकाश कुमार और हरेकृष्ण आदि मौजूद रहे।

गलफरबाड़ी में दुकान में छापामारी, अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निरसा अनुमंडल पदाधिकारी रजत मणिक बाखला अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत एग्यारकुंड मोड में तपन घोष की राशन दुकान में छापामारी की। इस दौरान दुकान से बड़ी संख्या में बियन और शराब बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये है। लगे हाथ तपन घोष को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भादवि की धारा 272, 273, 290, 34 एवं 47 (ए) के तहद मामला दर्ज किया गया है। निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने गुरुवार को मैथन स्थित अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। इस मौके पर चिरकुंडा पुलिस पदाधिकारी सर्किल इंस्पेक्टर फागु होरो, गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी नितीश कुमार, एसआई शिव बिहारी तिवारी, हरे राम कुमार, आरक्षित वीरेंद्र कुमार यादव शामिल थे।

आरोपित की जानकारी देते अधिकारी।

लोकसभा के मद्देनजर भाजपा ने मंडल प्रभारी व सहप्रभारियों का किया मनोनयन

गोमिया (आजाद सिपाही)। भाजपा बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय के निर्देश पर जिला महामंत्री अनिल कुमार स्वर्णकार ने लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिए गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल के लिए प्रभारी एवं सह-प्रभारी के मनोनयन की सूची जारी की है। जिनकी देखरेख में पांचों मंडल के कार्यकर्ता काम करेंगे और बूथों को मजबूत करेंगें, ताकि अच्छे परिणाम आस सके। इसमें पेटरवार मंडल के लिए प्रभारी बानेश्वर महतो, सह-प्रभारी असीत बनर्जी, कसमार के लिए प्रभारी प्रहलाद महतो, सह-प्रभारी सुरेन्द्र महतो, साड़म मंडल के लिए प्रभारी संजय सिन्हा, सह-प्रभारी अटल हलदार, गोमिया के लिए प्रभारी अनिल स्वर्णकार, सह प्रभारी रामजी प्रसाद, ललपनिया मंडल के लिए प्रभारी गंदौरी राम और सह प्रभारी विनोद कुमार का नाम शामिल है।

भाजपा महिला मोर्चा ने शहरी क्षेत्र में चलाया महा जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिला भाजपा कार्यालय में धनबाद लोकसभा 2024 को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की धनबाद इकाई की ओर से गुरुवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बैठक भी की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूम में झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह, सचिव, धनबाद लोकसभा से भाजपा के प्रत्यासी ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी आदि शामिल हुईं। इसमें धनबाद लोकसभा महिला मोर्चा की महिला सदस्यों ने सभी मुख्य अतिथियों को गुलदस्ता, अंग वस्त्र और मोमेंटम देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने मीडिया से बातें करते हुए बताया कि जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 10 साल की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। भाजपा की महिला इकाई का दावा है कि इस बार 400 पार का आंकड़ा जरूर पूरा होगा।

भाजपा टुंडी विधानसभा प्रबंधन समिति और कोर कमेटी की बैठक

कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं: राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

टुंडी। पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत ठेठाटांड गांव में गुरुवार को भाजपा की टुंडी विधानसभा प्रबंधन समिति एवं कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित गिरिडीह लोकसभा के प्रभारी विधायक राज सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। सभी मंडल व प्रखंड अध्यक्षों से सभी बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रभारी को लेकर जल्द से जल्द बैठक करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी देश की जनता जानती है। वहीं, लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ ने कहा कि इस बार 400 पार करते हुए भाजपा-आजसू के गठबंधन उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत दिलाकर पुनः सांसद बनाए। वहीं, टुंडी विधानसभा के संयोजक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानरंजन सिन्हा ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बदौलत ही नरेंद्र मोदी जी लगातार 10 वर्षो से सत्ता में आसीन है। इस बार कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी लोकसभा चुनाव में 400 पार का आंकड़ा पूरा करेगी। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा के संयोजक ज्ञानरंजन सिन्हा, संचालन सह संयोजक रामप्रसाद महतो व धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा धनबाद ग्रामीण के जिला अध्यक्ष महादेव कुम्भकार ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामनारायण भगत, गिरजा शंकर उपाध्याय, गोपाल पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक राज सिन्हा।

महिला की संदिग्ध मौत, झाड़ी से शव बरामद

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट डैम के ऊपरी रोड के किनारे गुरुवार की सुबह एक महिला का शव झाड़ी से बरामद हुआ। इस दिन सुबह जब आसपास के लोग प्रातः भ्रमण के लिए निकले थे तो उन्हें दुर्गंध आने लगा। पास जाकर देखा तो डैम के किनारे झाड़ी में एक महिला का शव पड़ा था। उसकी अनुमानित उम्र 25 साल के आसपास थी। शव के पास एक बोरी भी पड़ी थी। आशंका है कि उसकी अन्यत्र हत्या कर शव यहां फेंक दिया गया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। इसकी सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि शव की हालत काफी खराब हो चुकी है। शव देखकर प्रतित हो रहा है कि उसे मरे कई दिन हो चुके हैं। शव में किड़े लग चुके थे और क्षत विक्षत हालत में था। चेहरा खराब हो जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

दो विधायकों की सदस्यता रद्द

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक ने दो विधायकों के पद रद्द कर दिये हैं। जयदेव विधायक अरविंद ढाली का विधायक पद रद्द कर दिया गया है, जबकि तेलकोई विधायक प्रेमानंद नायक का विधायक पद भी रद्द कर दिया गया है। दलबदल के कारण विधायक पद रद्द कर दिया गया है। इन दोनों विधायकों ने 2019 का चुनाव बीजेडी से लड़ा था और जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया। इन दोनों विधायकों के बीजेडी छोड़ने के बाद सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक प्रशांत मुदुली ने 18 मार्च को बाचस्पति को एक याचिका सौंपी थी। सुनवाई के लिए दो विधायकों को नोटिस भेजा गया था। दोनों विधायकों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया।

ग्लो एंड हैंडसम' फेयरनेस क्रीम अब नहीं मिलेगी

कोलकाता। 'ग्लो एंड हैंडसम' नाम से कोई भी फेयरनेस प्रोडक्ट अब नहीं मिलेगी। क्योंकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसे बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) को एक महीने के भीतर हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने ट्रेडमार्क नियमों के उल्लंघन चलते यह फैसला सुनाया है। मामला 2020 का है, जब ल्वछ ने पुरुषों के फेयरनेस ब्रांड 'मेन्स फेयर एंड लवली' का नाम बदलकर 'ग्लो एंड हैंडसम' कर दिया था।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सात गेमर्स से मुलाकात की मोबाइल पीसी कंसोल और वीआर बेस्ड गेम खेले

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 गेमर्स से मुलाकात की और उनसे गेमिंग से जुड़े कई मुद्दों पर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने भीआरबेस्ड गेम, मोबाइल गेम के साथ-साथ पीसी/कंसोल गेम खेला। न्यूज एजेंसी ऐनआई ने ऐक्स पर इसका एक टीजर शेयर किया है। पूरा वीडियो 13 अप्रैल को जारी किया जायेगा। मोदी वीडियो में नमन माथुर, अनिमेश अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धारे, अंशु बिष्ट, तीर्थ मेहता और गणेश गंगाधर से बातचीत करते हुए दिखाई दिए। पीएम ने गेमिंग इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने गेमिंग इंडस्ट्री में नये डेवलपमेंट पर भी चर्चा की और कैसे मोदी सरकार ने भारत में गेमिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाले गेमर्स की क्रिएटिविटी को पहचाना है।

मौसम ने लिया यू-टर्न, 10 राज्यों में बारिश के आसार

आजाद सिपाही संवाददता

नयी दिल्ली। देश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से कई राज्यों में गर्मी के मौसम में बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में गुरुवार से तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा। इसके अलावा राजस्थान में भी 14 जिलों में बारिश का अलर्ट है। पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओड़िशा, बिहार और अंडमान एंड निकोबार में भी बारिश हो सकती है। जबकि जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कुछ इलाकों में भी 13 अप्रैल के बाद बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मौसम में बदलाव की वजह ईरान, पाकिस्तान होकर उत्तर भारत पहुंचने वाली हवाएं यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। इस कारण फरवरी, मार्च और अब अप्रैल में भी मौसम लगातार बदल रहा है। हालांकि 15 अप्रैल के बाद मौसम में फिर बदलाव आयेगा, उसके बाद राज्यों में तेज गर्मी पड़ने लगेगी।

13 और 14 को बारिश

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में राजधानी दिल्ली का तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे, इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। हालांकि 13 और 14 अप्रैल को बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो बारिश के बाद तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट हो सकती है। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

इन राज्यों में हो सकती है बारिश

मौसम विभाग ने बताया कि 11 से 13 अप्रैल के बीच मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इन राज्यों में तेज हवाएं (30-50 किमी प्रति घंटे) हो सकती हैं। 11 से 13 अप्रैल के बीच गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओड़िशा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 11 से 15 अप्रैल के बीच तेलंगाना, केरल, आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार नजर आ रहे हैं। 11 से 12 अप्रैल के बीच पश्चिमी हिमालय में छिटपुट हल्की बारिश और बर्फबारी संभव है। 13 से 15 अप्रैल के बीच तेज बारिश हो सकती है। 13 और 14 अप्रैल को जम्मू कश्मीर और 14 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी होने की संभावना है। इसी तरह 13 से 14 अप्रैल के बीच उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं। 11 से 15 अप्रैल के बीच राजस्थान में धूल भरी आंधी और बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

टाटा ग्रुप देश भर में चार्जिंग स्टेशन बनायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। टाटा ग्रुप जल्द ही देश भर में चार्जिंग स्टेशन बनाने का प्लान कर रहा है। अपने इस प्लान के लिए टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीइएम) ने हाल ही में शेल इंडिया मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसआईऐमपीएल) के साथ एक नॉन-बाइंडिंग मेमोरेंडम ऑफ अंडरटेकिंग (ऐमओयू) पर साइन किए हैं। दोनों ही कंपनियां मजबूती और रिसोर्सेज का इस्तेमाल करते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (इभी) की रेंज से जुड़ी चिंता और चार्जिंग की पहुंच जैसी चुनौतियों का समाधान करेंगी। अभी रेंज और चार्जिंग की प्रॉब्लम के चलते इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लोग तेजी से अपना नहीं रहे हैं। अभी एइ गाड़ियों की कम सेल्स की एक अहम वजह चार्जिंग स्टेशंस की किल्लत है। इस पार्टनरशिप के तहत टाटा पैसेंजर और शेल इंडिया दोनों कंपनियां इलेक्ट्रिक गाड़ियों को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेंगी।

वोटरों को लुभाने के लिए देशभर में 73 हजार से अधिक आवेदन

पहले नंबर पर तमिलनाडु, दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल और तीसरे नंबर पर है मप्र

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार इस बार भले ही सड़कों पर नजर नहीं आ रहा है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग से प्रचार की अनुमति मांगने के खूब आवेदन भारत निर्वाचन आयोग को पहुंच रहे हैं। आयोग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, आचार संहिता प्रभावी होने से अनुमति के लिए अब तक देशभर में 73 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। सर्वाधिक अनुमति मांगने वाले राज्यों की फेहरिस्त में उत्तराखंड 10वें नंबर पर है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां के नेता और राजनीतिक पार्टियां भी चुनाव प्रचार में संजीदगी से जुटी हैं। इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने ह्यसुविधा पोर्टल शुरू किया है।

इस पोर्टल के जरिए राजनीतिक दल और प्रत्याशी अस्थायी चुनाव कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन चलाने, हेलीकॉप्टर से प्रचार करने, वाहन परमिट प्राप्त करने, पम्फलेट बांटने आदि की अनुमति ऑनलाइन ले सकते हैं।

आयोग ने बताया है कि पूरे देश से 7 अप्रैल तक 73,379 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सबसे अधिक 23,239 अनुरोध तमिलनाडु राज्य से आए हैं। 11,976 आवेदनों के साथ पश्चिम बंगाल दूसरे और 10,363 आवेदनों के साथ मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर है।

आयोग की सूची में उत्तराखंड 10वें स्थान पर है।

सर्वाधिक अनुमति वाले टॉप-10 राज्य

राज्य	अनुमति के अनुरोध
तमिलनाडु	23,239
पश्चिम बंगाल	11,976
मध्य प्रदेश	10,636
उत्तर प्रदेश	3,273
त्रिपुरा	2,844
कर्नाटक	2,689
असम	2,609
राजस्थान	2,052
महाराष्ट्र	2,131

सबसे कम अनुरोध वाले 10 राज्य/यूटी

चंडीगढ़	17
लक्षद्वीप	18
मणिपुर	20
गोवा	28
सिक्किम	44
नागालैंड	46
ओडिशा	92
दादर नगर हवेली एवं दमन और-दीव	108
मिजोरम	194

जीआई टैग का दर्जा देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्व छेनापोड दिवस

भुवनेश्वर। उड़िया का स्वाद और हर उड़िया की पसंद की मिठाइयां। भगवान श्रीजगन्नाथ को अर्पित की जाने वाली इस मिठाई का दोहरा स्वाद ओड़िशा के सभी त्योहारों में मांगा जाता है। आज छेनापोड दिवस है, यह दिन उस स्वादिष्ट छेनापोड को समर्पित है। हर साल 11 अप्रैल को छेनापोड दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को छेनापोड खाना पसंद है। छेनापोड के निमार्ता सुदर्शन साहू के जन्मदिन को विश्व छेनापोड दिवस के रूप में मनाया जाता है। छेनापोड का जन्म नयागड की मिट्टी से हुआ है। यह न केवल नयागड में बल्कि पूरी दुनिया में जाना जाता है। इसलिए इसे जीआई टैग का दर्जा देने की मांग की जा रही है।

भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर की बैठक

पार्टी को हर घर पहुंचाने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह व अन्य।

गावां गिरिडीह। लोकसभा चुनाव में धनवार विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों का सत्यापन और सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक गावां प्रखंड के मंझने पंचायत में हुई। बैठक में पसनौर, मंझने व बिरने पंचायत के कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह और संचालन मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने गावां प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ सभी बूथों के सत्यापन और सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की। कहा कि चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए हर बूथ को मजबूत करना जरूरी है। भारतीय जनता पार्टी बूथ जीतने पर विश्वास करती है। कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी सह सांसद अन्नपूर्णा देवी जमीन से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता ग्रामीण स्तर पर घूम-घूम कर केंद्र सरकार के उपलब्धि को बताने का काम करेंगे और मोदी सरकार की उपलब्धि को जनजन तक पहुंचायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहें हैं। भाजपा जिला समिति सदस्य अमरदीप निराला, सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, अशोक साव, पूर्व मुखिया राजकुमार यादव, अजय कुमार साव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में जितेंद्र राय, अंकज सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजय कुमार, दिनेश्वर राजवंशी, अजित शर्मा, राजेश तुरी, पवन सिंह, कृष्णा बरैय, संजय यादव, रणधीर कुमार, संदीप कुमार, अनिरुद्ध कुमार, रोहित यादव, सुनील यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

बीजेडी ने चौथी लिस्ट जारी की, विधानसभा के 9 और लोकसभा के एक उम्मीदवार की घोषणा

ओड़िशा (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल प्रमुख नवीन पटनायक ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट की घोषणा की। पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए 9 और लोकसभा चुनाव के लिए एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया है। ओड़िशा में लोकसभा की 21 और विधानसभा की 147 सीटों पर एकसाथ चुनाव होने हैं। सत्ताधारी पार्टी बीजेडी लोकसभा की सभी 21 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुकी है। हालांकि, पार्टी ने अब तक विधानसभा की 117 सीटों पर ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

सम्पूर्ण झारखंड वासियो को प्रकृति पर्व सरहुल की हार्दिक शुभकामनाएं
सरना धर्म सोतो: समिति केंद्र-डोंगड़ा, खूंटी

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
FREE FRANCHISE
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
Certified with
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**